वार्षिक रिपोर्ट | Annual Report

2021-2022



लाल बहादुर शास्त्री
राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी
मसूरी-248179
ईपीएबीएक्स लाइंस: +91-0135-2222000, 2632236, 2632489, 2632367, 2632374 & 2632405
वेब: http://www.lbsnaa.gov.in

Lal Bahadur Shastri
National Academy of Administration
Mussoorie-248179
EPABX . : 0135-2222000, 2632236, 2632489, 2632367, 2632374 & 2632405
Fax No. : 0135-2632350 & 0135-2632720
Website : http://www.lbsnaa.gov.in

वार्षिक रिपोर्ट

2021-2022

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी
मसूरी

विषय सूची

अकादमी मिशन एवं आधारभूत मूल्य......6

मिशन......6

आधारभूत मूल्य......6

अध्याय-1

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी

परिचय......7

प्रारंभ एवं विकास......7

कालक्रम......8

प्रशिक्षण पद्धति 9

क्षेत्र दौरा......11

मैत्रीभाव को प्रोत्साहन 11

परिसर......11

अध्याय-2

वर्ष 2021-2022 के दौरान आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम 12

अध्याय-3

पाठ्यक्रम तथा गतिविधियां-मुख्य अंश......15

आईएएस प्रोफेशनल कोर्स फेज़-I (2021 बैच)......16

आईएएस प्रोफेशनल कोर्स फेज़-II (6 सप्ताह ऑनलाइन) (2019 बैच)......30

पाठ्यक्रम के उद्देश्य**......31**

पाठ्यक्रम की रूपरेखा**......31**

कोर्स कॉर्डिनेटर की रिपोर्ट......32

प्रख्यात अतिथि वक्ता 34

96वां फाउंडेशन कोर्स (15 सप्ताह)......39

पाठ्यक्रम के लक्ष्य 40

पाठ्यक्रम के उद्देश्य......**40**

पाठ्यक्रम की रूपरेखा......**41**

शैक्षणिक इनपुट्स......42

96वें फाउंडेशन कोर्स के प्रख्यात अतिथि वक्ता......44

सेवा वार ब्रेक-अप 54

2020 बैच का जिला प्रशिक्षण (53 सप्ताह)......55

आई.ए.एस. अधिकारियों के लिए मिड करियर प्रशिक्षण कार्यक्रम 56

मिड करियर प्रशिक्षण कार्यक्रम फेज़-IV का 15वां दौर (4 सप्ताह)......56

राज्य सिविल सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में पदोन्नत अधिकारियों के लिए इंडक्शन प्रशिक्षण (4सप्ताह)......63

आईएएस अधिकारियों के लिए 123वां इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम......63

पाठ्यक्रम के उद्देश्य......64

पाठ्यक्रम की रूपरेखा......64

साप्ताहांत मॉड्यूल 65

देश एवं विदेश अध्ययन दौरा......65

कोर्स कॉर्डिनेटर की रिपोर्ट 65

प्रख्यात अतिथि वक्ता......66

27वां संयुक्त सिविल-सैन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम 73

कोर्स का परिचय **73**

उद्देश्य, पाठ्यक्रम गतिविधियां एवं मुख्य अंश......74

प्रख्यात अतिथि वक्ता 74

अध्याय-4

अनुसंधान केंद्र......77

आपदा प्रबंधन केंद्र (सीडीएम)....77

बी.एन. युगान्धर ग्रामीण अध्ययन केंद्र (बीएनवाईसीआरएस)....93

नेशनल जेंडर एवं चाइल्ड सेंटर (एनजीसीसी)....104

सरदार पटेल नेतृत्व केंद्र (एसपीएलसी)....108

फूड प्लानेट एवं हेल्थ केंद्र (सीएफ़पीएच)....110

अध्याय-5

क्लब एवं सोसाइटियां....118

साहसिक खेल क्लब....118

कंप्यूटर सोसायटी....119

ललित कला एसोसिएशन.... 120

फिल्म सोसायटी....122

अभिरूचि क्लब 122

हाउस जर्नल सोसायटी....123

नवोन्मेष क्लब 123

मैनेजमेंट सर्किल....125

प्रकृति प्रेमी क्लब....127

अधिकारी क्लब 128

अधिकारी मेस....129

राइफल एवं तीरंदाज़ी क्लब....133

समकालीन क्रियाकलाप सोसायटी....134

समाज सेवा सोसायटी....134

राहुल सांकृत्यायन हिंदी मंच 136

अध्याय 6

एनआईसी प्रशिक्षण इकाई....138

गांधी स्मृति पुस्तकालय 144

राजभाषा..146

कंप्यूटर केंद्र 147

अध्याय 7

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी का वित्तीय विवरण...149

संकाय तथा कर्मचारी कौशल विकास कार्यक्रम...150

प्रकाशन..152

शिष्टमंडल/टीम जिन्होंने लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी का दौरा किया......................153

अध्याय 8

परिशिष्ट-1: भौतिक अवसंरचना 155

परिशिष्ट-2: हमारे निदेशक एवं संयुक्त निदेशक..156

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के संयुक्त निदेशक..158

परिशिष्ट-3: आई.ए.एस. फेज़-II के प्रतिभागी (2019 बैच)...159

परिशिष्ट-4: 96वें फाउंडेशन कोर्स के प्रतिभागी..160

परिशिष्ट-5: फेज़-IV (एमसीटीपी) का 15वां दौर 02-27 अगस्त, 2021...161

परिशिष्ट-6: 123वां इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम (आईटीपी)..162

परिशिष्ट-7: पहले कॉमन मिड-करियर प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागी..163

परिशिष्ट-8: राष्ट्रीय सुरक्षा पर 27वें संयुक्त सिविल सैन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागी...............164

परिशिष्ट-9 राष्ट्रीय सुरक्षा पर 28वें संयुक्त सिविल सैन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागी................165

परिशिष्ट-10: अकादमी में संकाय सदस्य एवं अधिकारी..166

अकादमी मिशन तथा आधारभूत मूल्य
मिशन

"हमारा लक्ष्य है गुणात्मक प्रशिक्षण द्वारा कार्यकुशल और जवाबदेह सिविल सेवा का निर्माण करके सुशासन स्थापित करना और इसके लिए सहयोगपूर्ण, नैतिक और पारदर्शी परिवेश स्थापित करना।"

आधारभूत मूल्य



वंचितों की सेवा

लोगों के साथ व्यवहार में अपने दृष्टिकोण में मानवता रखें, वंचितों की ताकत बनें तथा उनके खिलाफ किसी भी अन्याय को रोकने में सक्रिय रहें। आप इस इन विशिष्ट कार्यों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं यदि आप सत्यनिष्ठा, सम्मान, व्यावसायिकता और सहयोग के साथ कार्य करें।

सत्यनिष्ठा

अपने विचारों, शब्दों तथा कार्यों में एकरूप रहें जो आपको विश्वसनीय बनाती है। अपनी बात कहने का साहस रखें तथा सदैव बिना किसी भय के, यहां तक कि सबसे शक्तिशाली व्यक्ति से भी सत्य बोलें। किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार को कदापि सहन न करें, भले वह राशि, सामग्री या बौद्धिक हो।

सम्मान

जाति, धर्म, रंग, लिंग, आयु, भाषा, क्षेत्र, विचारधारा तथा सामाजिक-आर्थिक स्थिति की भिन्न्ता को अपनाएं। सभी के साथ विनम्रता तथा सहानुभूति के साथ पेश आएं। भावात्मक रूप से स्थिर रहें, विश्वास के साथ तथा अहंकार के बिना आगे बढ़ें।

व्यावसायिकता

अपने दृष्टिकोण में न्यायसंगत तथा अराजनैतिक रहें, कार्य तथा परिणाम के लिए दृढ़ता के साथ अपने कार्य के प्रति व्यावसायिक तथा पूरी तरह से प्रतिबद्ध रहें और नियमित रूप से सुधार एवं उत्कृष्टता का लक्ष्य रखें।

सहयोग

एक मत बनाने के लिए सभी के साथ सम्मिलित होकर कार्य करके विचारों तथा कार्यों में सहयोग करें। दूसरों को प्रोत्साहित करें, टीम भावना को बढ़ावा दें तथा दूसरों से सीखने के लिए खुलकर चर्चा करें। पहल करें तथा जिम्मेदारी लें।

परिचय

कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय (कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग) के अधीन लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी भारत में सर्वोच्च सिविल सेवाओं के सदस्यों के लिए शीर्ष प्रशिक्षण संस्थान है। इसका नेतृत्व निदेशक द्‌वारा किया जाता है जो भारत सरकार के सचिव स्तर के अधिकारी हैं।

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, विभिन्न रैंकों पर नियुक्त सिविल सेवकों के लिए विभिन्न प्रशिक्षण मॉड्यूल्स का संचालन करती है। यहां अखिल भारतीय सेवाओं और अन्य केन्द्रीय सेवाओं के समूह 'क' के नव-नियुक्त युवा अधिकारियों के लिए संयुक्त फाउंडेशन कोर्स संचालित किया जाता है। यह अकादमी फाउंडेशन कोर्स के बाद भारतीय प्रशासनिक सेवा के सदस्यों तथा रॉयल भूटान प्रशासनिक सेवा के सदस्यों को व्यावसायिक प्रशिक्षण देती है। अकादमी भारतीय प्रशासनिक सेवा के सदस्यों के लिए मिड करियर प्रशिक्षण कार्यक्रम (एमसीटीपी) और राज्य सिविल सेवाओं से भारतीय प्रशासनिक सेवा में पदोन्नत अधिकारियों के लिए इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित करती है। इसके साथ-साथ नीतिगत मामलों पर कार्यशालाओं तथा सेमिनारों का भी नियमित अंतराल पर आयोजन किया जाता है।

प्रारंभ एवं विकास

तत्कालीन गृह मंत्री ने 15 अप्रैल, 1958 को लोकसभा में एक ऐसी राष्ट्रीय प्रशिक्षण अकादमी स्थापित करने संबंधी प्रस्ताव रखा था जहां वरिष्ठ सिविल सेवाओं में भर्ती सभी सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जाए। गृह मंत्रालय ने आई.ए.एस. ट्रेनिंग स्कूल, दिल्ली और आई.ए.एस. स्टाफ कालेज, शिमला को मिलाकर मसूरी में राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी स्थापित करने का निर्णय लिया। 1959 में अकादमी की स्थापना की गई तथा इसका नाम 'राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी' रखा गया। कुछ वर्षों के लिए इस अकादमी ने गृह मंत्रालय के अंतर्गत कार्य किया। अक्तूबर, 1972 में इसका नाम बदलकर 'लाल बहादुर शास्त्री प्रशासन अकादमी' कर दिया गया। जुलाई 1973 में, इसके नाम में 'राष्ट्रीय' शब्द भी जोड़ा गया और अब यह अकादमी 'लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी' के नाम से जानी जाती है।

कालक्रम

1958	लोकसभा में केन्द्रीय गृह मंत्री पंडित गोविंद वल्लभ पंत द्वारा राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी स्थापित करने की घोषणा।
1959	मसूरी में अकादमी की स्थापना और निदेशक कार्यालय, भाषा ब्लॉक (बाद में नवीनीकरण के उपरांत शार्लेविल नाम रखा गया), सरदार पटेल हॉल (एसपीएच) और हैप्पी वैली गेस्ट हाउस स्थापित।
1960	भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय विदेश सेवा तथा अन्य सिविल सेवाओं के लिए संयुक्त फाउंडेशन कोर्स की शुरुआत।
1969	अकादमी में सेंडविच पैटर्न की शुरूआत जिसमें फेज़-I, संबंधित संवर्गों में जिला प्रशिक्षण और तदुपरान्त फेज़-II प्रशिक्षण आरंभ किया गया।
1970	अकादमी ने 1970 तक और 1977 से 1985 तक गृह मंत्रालय के अधीन कार्य किया।
1970-1977	अकादमी ने मंत्रिमंडल सचिवालय के अधीन कार्य-किया।
1972	अकादमी का नाम बदलकर ''लाल बहादुर शास्त्री प्रशासन अकादमी'' किया गया।
1973	तदुपरान्त ''राष्ट्रीय'' शब्द जोड़ा गया और अकादमी का नाम ''लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी'' के हो गया।.
1975-1978	गंगा, कावेरी और नर्मदा छात्रावासों का निर्माण किया गया।
1984	मई 1984 में कैम्पस का एक भाग, जहां अधिकारी मेस, पुस्तकालय, वीआईपी गेस्ट हाउस, निदेशक आवास इत्यादि थे, आग की चपेट में आ गया।
1985	अकादमी ने कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन कार्य करना आरंभ किया।
1988	राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र एवं प्रशिक्षण यूनिट की स्थापना की गई।
1989	ग्रामीण अध्ययन केंद्र (पूर्व में भूमि सुधार यूनिट) की स्थापना की गई।
1991	अक्टूबर, 1991 में, उत्तरकाशी के भूकंप से महिला ब्लॉक तथा जीबी पंत ब्लॉक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और इन दोनों स्थानों पर "ध्रुवशिला" तथा "कालिंदी गेस्ट हाउस" का निर्माण किया गया।
1991	उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संपूर्णानंद सभागार का निर्माण किया गया तथा उसका नाम राज्य के दूसरे मुख्यमंत्री के नाम पर रखा गया।
1992	कर्मशिला भवन का उद्घाटन भारत के तत्कालीन उपराष्ट्रपति श्री के.आर. नारायणन द्वारा किया गया।
1995	नेशनल जेंडर सेंटर की स्थापन, यह सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के अंतर्गत पंजीकृत सोसाइटी है।

1996	कालिंदी भवन का उद्घाटन तत्कालीन माननीय राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री एस.आर. बालासुब्रहमणयम द्वारा किया गया।
1996	ध्रुवशिला भवन का उद्घाटन तत्कालीन माननीय राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री एस.आर. बालासुब्रहमणयम द्वारा किया गया।
2004	अस्पताल ब्लॉक का उद्घाटन तत्कालीन गृह मंत्री श्री शिवराज वी. पाटिल द्वारा किया गया।
2004	आपदा प्रबंधन केंद्र का उद्घाटन किया गया।
2010	ज्ञानशिला भवन को क्रियाशील बनाया गया। सिल्वरवुड एग्जिक्यूटिव हॉस्टल का उद्घाटन किया गया।
2012	महानदी एग्जिक्यूटिव हॉस्टल का उद्घाटन किया गया।
2014	नेशनल सेंटर फॉर लीडरशिप डेवलपमेंट एण्ड कॉम्पिटेंसी एसेसमेंट (एनसीएलडीसीए) की स्थापना, यह सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के अंतर्गत पंजीकृत सोसायटी है।
2015	आधारशिला ब्लॉक का उद्घाटन माननीय राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन, डॉ. जितेन्द्र सिंह द्वारा किया गया।
2016	1995 में सेन्टर फॉर कोऑपरेटिव्स एण्ड रूरल डेवलपमेंट की स्थापना की गई थी बाद में इसका नाम बदल कर सेंटर फॉर पब्लिक सिस्टम मैनेजमेंट (सीपीएसएम) रखा गया।
2021	सरदार पटेल नेतृत्व केंद्र की स्थापना की गई।

प्रशिक्षण पद्धति

इस अकादमी का यह प्रयास रहता है कि देश के लिए ऐसा अधिकारी-तंत्र तैयार करने में मदद की जाए जो अपने पद की अपेक्षा, अपने कार्यों से सम्मान पा सकें। पाठ्य-विवरण को प्रासंगिक बनाए रखने के लिए उनकी निरंतर समीक्षा कर अद्यतन किया जाता है। यह कार्य राज्य सरकारों की सलाह, प्रतिभागियों के फीडबैक और इस उद्देश्य के लिए गठित सरकारी समितियों की सिफारिशों के आधार पर किया जाता है। केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों से भी समय-समय पर विचार-विमर्श किया जाता है। यह स्पष्ट है कि प्रशिक्षुओं की प्रवृत्तियों और मूल्यों की महत्ता को उजागर करने के लिए कक्षा-व्याख्यान की विधि हर समय बहुत उपयुक्त नहीं होती इसलिए अनेक पद्धतियां अपनाई जाती हैं। अधिकांश पाठ्यक्रम मॉड्यूल के अनुसार चलते हैं, इसके अनुसार उपयुक्त विषय चुने जाते हैं और उसके विशेष मुद्दों के सभी पहलुओं पर विचार करते हुए, सुव्यस्थित तरीके से उसका व्यापक अध्ययन किया जाता है।

मॉड्यूल में निम्नलिखित सभी या कुछ विधियां प्रयुक्त की जाती हैं:-

- **अकादमी के संकाय तथा अतिथि संकाय द्वारा व्याख्यान**
- **विविध विचारों को जानने के लिए पैनल परिचर्चा**

- **प्रकरण अध्ययन (केस स्टडी)**
- **फिल्में**
- **समूह परिचर्चा**
- **अनुकरण (सिमुलेशन) अभ्यास**
- **संगोष्ठियां**
- **मूट कोर्ट और मॉक ट्रायल**
- **आदेश और निर्णय लेखन अभ्यास**
- **व्यावहारिक प्रदर्शन**
- **समस्या समाधान अभ्यास**
- **रिपोर्ट लेखन (सत्र आलेख)**
- **समूह कार्य**

क्षेत्र दौरे

हिमालयन ट्रैक

ऐसे ट्रैकों के दौरान अधिकारी प्रशिक्षणार्थी कठिन भू-क्षेत्र, अप्रत्याशित मौसम, अपर्याप्त आवास और खाद्य-पदार्थों की समिति उपलब्धता जैसी परिस्थितियों का सामना करते हैं। ऐसी दशाओं में प्रशिक्षु अधिकारियों की हिम्मत की परीक्षा होती है तथा उन्हें मजबूत बनाया जाता है।

पिछड़े जिलों के गांवों का दौरा

प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा ग्रामीण जीवन की समस्याओं और वास्तविकताओं को समझने के लिए पिछड़े जिलों के गांवों का दौरा किया जाता है। इन फील्ड दौरों तथा लाभार्थियों के साथ विचार-विनिमय के जरिए, समाज पर सरकारी कार्यक्रमों के प्रभाव का क्रियात्मक अनुसंधान भी किया जाता है।

"मैत्री-भाव को प्रोत्साहन"

अखिल भारतीय सेवाओं तथा केंद्रीय सेवा समूह 'क' के सभी अधिकारी प्रशिक्षणार्थी लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी से ही अपने व्यावसायिक जीवन की शुरुआत करते हैं। यह सरकारी क्षेत्र में कार्य करने का उनका पहला अनुभव होता है। परिणामस्वरूप, यह संस्था विभिन्न सिविल सेवाओं के युवा अधिकारियों के बीच मिलजुल कर काम करने की भावना कायम करती है। इस प्रकार यह अकादमी अधिकारियों के बीच ऐसा भाईचारा स्थापित करती है कि वे इस संस्था में अपने पुराने दिनों को याद करते हैं और इन मूल्यों को अपनाने का दृढ़ संकल्प रखते हैं।

परिसर

अकादमी की मुख्य विशेषता यह है कि उसकी नवीनतम अवसंरचना के अतिरिक्त, उसके अद्वितीय पुरातन एवं नवीनता का मेल है। प्रसिद्ध शार्लेविल होटल जिसका निर्माण 1870 में किया गया था, अकादमी की अवस्थिति एवं आरंभिक अवसंरचना का परिचायक है, तत्पश्चात इसका विस्तार किया गया। विभिन्न विगत वर्षों के दौरान नये भवन निर्मित किए गए तथा अन्य का अधिग्रहण किया गया। अकादमी तीन परिसरों शार्लेविल, ग्लेनमायर तथा इंदिरा भवन में फैली हुई है। प्रत्येक की अपनी विशिष्ट प्रकृति है। शार्लेविल में नये प्रशिक्षणार्थियों को संरचित पाठ्यक्रमों का प्रशिक्षण दिया जाता है। ग्लेनमायर में पूर्व का एन.सी.जी.जी. अवस्थित है तथा इंदिरा भवन परिसर में सेवाकालीन प्रशिक्षण तथा अन्य 10 विशिष्ट पाठ्यक्रमों, कार्यक्रमों, कार्यशालाओं तथा संगोष्ठियों का आयोजन किया जाता है। अकादमी की अवसंरचनाओं का अतिरिक्त विवरण परिशिष्ट-I में दिया गया है।

वर्ष 2021-2022 के दौरान आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम

वर्ष 2021-2022 के दौरान अकादमी में आयोजित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षणार्थियों का विवरण निम्नानुसार है।

क्रम संख्या	कोर्स का नाम	समन्वयक श्री/सुश्री	कार्यक्रम	प्रतिभागियों की संख्या		
				पुरुष	महिला	कुल
अखिल भारतीय सेवाओं तथा अन्य केंद्रीय सेवाओं (समूह-क) के नवनियुक्त अधिकारियों के लिए इंडक्शन ट्रेनिंग						
1.	आईएएस प्रोफेशनल कोर्स फेज-I (2021 बैच) (22 सप्ताह)	शैलेश नवाल	21 मार्च से 19 अगस्त, 2022 तक	121	62	183
2.	आईएएस प्रोफेशनल कोर्स फेज-II (2019 बैच) (6 सप्ताह)	मिलिंद रामटेके	17 मई, 2021 से 25 जून,2021 तक	127	58	185
3.	अखिल भारतीय सेवाओं तथा अन्य केंद्रीय सेवाओं (समूह-क) के नवनियुक्त अधिकारियों के लिए 96वां फाउंडेशन कोर्स (2021 बैच)	मोनिका धामी	5 दिसंबर, 2021 से 17 मार्च, 2022 तक	332	156	488
आईएएस अधिकारियों के लिए मिड करियर कार्यक्रम						
4.	मिड करियर प्रशिक्षण कार्यक्रम के फेज़-IV का 15वां दौर	प्रो. विजय बाबू वसंता	02 से 27 अगस्त, 2021 तक	35	15	50
5.	राज्य सिविल सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में पदोन्नत अधिकारियों के लिए 123वां इंडक्शन ट्रेनिंग कार्यक्रम	मोनिका धामी	05 अप्रैल से 30 अप्रैल, 2021 तक	68	16	84
6.	कंबाइंड मिड करियर प्रशिक्षण कार्यक्रम का पहला दौर	आनंदी	25 अक्तूबर से 02 नवंबर, 2021 तक	182	60	242
7.	27वां संयुक्त सिविल-सैन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम	दिशा पन्नू	06 सितंबर से 11 सितंबर, 2021 तक	51	02	53
शॉर्ट टर्म कोर्स/सेमिनार/वर्कशॉप/अन्य						
8.	चक्रवात जोखिम न्यूनीकरण के लिए प्रबंधन और न्यूनीकरण रणनीतियाँ	आपदा प्रबंधन केंद्र	29 सितंबर, 2021 से 1 अक्तूबर, 2021 तक	24	8	32
9.	जलवायु परिवर्तन: महिला वैज्ञानिकों एवं प्रौद्योगिकीविद् के लिए चुनौतियाँ और प्रतिक्रिया	आपदा प्रबंधन केंद्र	09 से 13 अगस्त, 2021 तक	0	56	56

10.	वैज्ञानिकों और प्रौद्योगिकीविदों के लिए सामुदायिक स्तर पर आपदा न्यूनीकरण में प्रौद्योगिकी की भूमिका	आपदा प्रबंधन केंद्र	08 से 12 नवंबर, 2021 तक	17	7	24
11.	जलवायु परिवर्तन: वैज्ञानिकों और प्रौद्योगिकीविदों के लिए चुनौतियां और प्रतिक्रिया	आपदा प्रबंधन केंद्र	20 से 24 दिसंबर, 2021 तक	29	5	34
12.	वैज्ञानिकों और प्रौद्योगिकीविदों के लिए सामुदायिक स्तर पर आपदा न्यूनीकरण में प्रौद्योगिकी की भूमिका	आपदा प्रबंधन केंद्र	7 से 11 फरवरी, 2022 तक	26	9	35
13.	घरेलू हिंसा से निपटने में सुरक्षा अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम	एनजीसीसी	उत्तर प्रदेश (बैच 1) – 28 जून से 2 जुलाई, 2021 तक हरियाणा (बैच 2) – 05 से 09 जुलाई, 2021 तक उत्तर प्रदेश (बैच 3) – 12 से 16 जुलाई, 2021 तक उत्तर प्रदेश (बैच 4) – 26 से 30 जुलाई, 2021 तक			
14.	पोषण अभियान पर ध्यान केंद्रित करते हुए पोषण चुनौतियों से निपटने के लिए कदम उठाना	एनजीसीसी	07 अक्तूबर, 2021 तक			
15.	लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में वरिष्ठ अधिकारियों के लिए आर्बिट्रेशन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम	सीपीएसएम	02 से 03 सितंबर 2021 तक	16	13	29
16.	ईट राइट इंडिया मूवमेंट का परिचय	सीपीएसएम	26 अप्रैल, 2021			67
17.	रात्रि भोज से पूर्व सुश्री रुजुता दिवेकर की बातचीत	सीपीएसएम, सीएफ़पीएच	26 अगस्त, 2021			49
18.	आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. सनंदन थपलियाल	सीपीएसएम, सीएफ़पीएच	10 अगस्त, 2021			49
19.	सुश्री इनोशी शर्मा, निदेशक एफएसएसएआई द्वारा ईट राइट	सीपीएसएम, सीएफ़पीएच	16 जुलाई, 2021			24

	इंडिया मूवमेंट पर टीओटी					
20.	एफएसएसएआई का कोविड-19 FoSTaC कार्यक्रम	सीपीएसएम, सीएफ़पीएच	12 अक्तूबर, 2021			40
21.	विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए लीडरशिप मॉड्यूल के डिजाइन और डिलिवरी पर ब्रैनस्टोर्मिंग सत्र	एसपीएलसी	27 दिसंबर, 2021			19
22.	इंक्लूसिव लीडरशिप पर ऑनलाइन टीओटी, यह सत्र 27 दिसंबर, 2021 को आयोजित लीडरशिप वर्कशॉप के बाद किया गया।	एसपीएलसी	18 से 19 जनवरी, 2022 तक			
23.	96वें फाउंडेशन कोर्स के प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए अंतिम लीडरशिप मॉड्यूल आयोजित करने से पूर्व रिफ्रेशर टीओटी	एसपीएलसी	18 से 20 फरवरी, 2022 तक			
24.	96वें फाउंडेशन कोर्स के प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए लीडरशिप मॉड्यूल	एसपीएलसी	21 से 22 फरवरी, 2022 तक			
कुल प्रतिभागी						

संक्षिप्तियां

सीडीएम - आपदा प्रबंधन केंद्र
एनजीसीसी - नेशनल जेंडर एवं चाइल्ड सेंटर
सीपीएसएम - सार्वजनिक प्रणाली प्रबंधन केंद्र
सीएफ़पीएच - फूड प्लानेट हेल्थ केंद्र
एसपीएलसी - सरदार पटेल नेतृत्व केंद्र

पाठ्यक्रम तथा गतिविधियां - मुख्य अंश

1. परिचय

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी भारत में सर्वोच्च सिविल सेवाओं के प्रशिक्षण के लिए शीर्ष संस्थान है। अकादमी इंडक्शन स्तर और सेवकालीन प्रशिक्षण प्रदान करती है। संघ की अखिल भारतीय सेवाओं और सभी समूह 'क' सेवाओं के नए अधिकारियों के लिए एक संयुक्त फाउंडेशन कोर्स आयोजित किया जाता है। भारतीय प्रशासनिक सेवा (भा.प्र.से.) और रॉयल भूटान सिविल सेवा के नियमित भर्ती अधिकारियों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण, फाउंडेशन कोर्स के बाद आयोजित किया जाता है। अकादमी भा.प्र.से. के अधिकारियों के लिए सेवकालीन और मिड-करिअर ट्रेनिंग प्रोग्राम (एमसीटीपी) तथा राज्य सिविल सेवा से भा.प्र.से. में पदोन्नत अधिकारियों के लिए इंडक्शन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम भी आयोजित करती है, साथ ही लोक प्रशासन में विभिन्न विषयों पर कार्यशालाएँ और सेमिनार आयोजित करती है।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि शैक्षणिक पाठ्यक्रम प्रासंगिक है, राज्य सरकारों, केंद्र सरकार और अन्य विद्वानों एवं प्रेक्टिशनरों के प्रतिनिधियों की व्यापक परामर्श के माध्यम से इसकी लगातार समीक्षा की जाती है और इसे अद्यतन किया जाता है। पारंपरिक कक्षा व्याख्यानों की सीमाओं को देखते हुए, प्रशिक्षण विषय को और अधिक प्रभावी तरीके से प्रस्तुत करने के लिए नई शैक्षणिक पद्धति शुरू की गई है। अधिकांश पाठ्यक्रम मॉड्यूलर संरचना के आधार पर संचालित किए जाते हैं, जिसके तहत प्रासंगिक विषयों को चुना जाता है और समेकित तरीके से अध्ययन किया जाता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनसे संबंधित सभी पहलुओं को व्यापक रूप से शामिल किया जाए।

व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने के लिए आउटडोर और पाठ्येत्तर गतिविधियों पर बल दिया जाता है। शारीरिक प्रशिक्षण, टीम गेम और टेनिस, बैडमिंटन, क्रॉस-कंट्री दौड़, योग, घुड़सवारी, साहसिक खेलकूद जैसे रिवर राफ्टिंग, पैरा-ग्लाइडिंग, बंजी जंपिंग और राइफल शूटिंग कुछ ऐसी गतिविधियाँ हैं जिनमें प्रशिक्षु अधिकारी शामिल होते हैं। युवा प्रशासकों को कराई जाने वाली कुछ पाठ्येत्तर गतिविधियों में पब्लिक स्पीकिंग, थिएटर कार्यशालाएँ, मोटर मैकेनिक कौशल, बागवानी, फोटोग्राफी और संगीत आदि शामिल हैं।

सत्यनिष्ठा, नैतिक साहस, वंचितों के प्रति सहानुभूति और सम्मान के मूल्यों को बढ़ावा देने और धर्म, क्षेत्र, जाति, वर्ग या जेंडर के आधार पर किसी भी सांप्रदायिक पूर्वाग्रहों से मुक्त होकर, प्रशिक्षु अधिकारियों को विविध सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। विभिन्न क्लबों और सोसाइटियों का गठन किया गया जिनमें प्रशिक्षु अधिकारी को पदाधिकारी के रूप में चुना जाता है। वे कक्षा सत्र के बाद प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद, कविता प्रतियोगिताओं और कई अन्य गतिविधियों

का आयोजन करते हैं और उनमें भाग लेते हैं। इससे सौहार्द की भावना पैदा होती है और मैत्री भाव को भी बढ़ावा मिलता है।

आईएएस प्रोफेशनल कोर्स फेज़-I (2021 बैच)

(21 मार्च से 19 अगस्त, 2022 तक)

कार्यक्रम का उद्देश्य/लक्ष्य समूह	भा.प्र. सेवा में नवनियुक्त अधिकारियों के लिए प्रोफेशनल कोर्स
पाठ्यक्रम समन्वयक	श्री शैलेश नवाल, उप निदेशक
एसोसिएट-पाठ्यक्रम समन्वयक	सुश्री दिशा पन्नू, उप निदेशक श्री हरि प्रकाश, प्रोफेसर श्री रोमियो वी. टेटे, सहायक निदेशक श्री हरि लाल चौहान, सहायक निदेशक
उद्घाटन संबोधन	श्री राजीव गौबा, कैबिनेट सचिव, भारत सरकार (ऑनलाइन)
समापन संबोधन	श्री श्रीनिवास आर. कटिकिथाला, निदेशक, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी
कुल प्रतिभागी	कुल 183 (180 प्रशिक्षु अधिकारी, 2021 बैच, 01, 2021 बैच से और 02 रॉयल भूटान सिविल सेवा से) (पुरुष प्रशिक्षु अधिकारी - 121; महिला प्रशिक्षु अधिकारी -62) **आईएएस फेज़-I के प्रतिभागियों का ब्यौरा परिशिष्ट-1 में दिया गया है।**

पाठ्यक्रम के लक्ष्य

- **अकादमी का लक्ष्य युवा आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों में नेतृत्व के गुणों को विकसित करके उन्हें वास्तविक कर्मयोगी बनाना है ताकि उनमें एक प्रभावी सिविल सेवक बनने के लिए ज्ञान, कौशल और दृष्टिकोण के साथ-साथ सृजनशील एवं रचनात्मक, कल्पनाशील और नवीन, सक्रिय और विनम्र, प्रोफेशनल तथा प्रगतिशील, ऊर्जावान और सक्षम, पारदर्शी और तकनीकी गुणों का विकास किया जा सके।**
- **नीति-परक एवं विकासात्मक प्रशासन से संबंधित लर्निंग एक्सपीरियंस से अवगत कराना।**

पाठ्यक्रम के उद्देश्य

- **अखिल भारतीय परिप्रेक्ष्य में नए सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक-विधिक रुझानों से अवगत कराना, आईएएस की नई भूमिका एवं अन्य सेवाओं के साथ अपनी प्रशासनिक जिम्मेदारियों को समझना।**
- **सेवा (करियर) के पहले दशक में निम्नलिखित क्षेत्रों में प्रशासनिक उत्तरदायित्वों का निर्वाह करने के लिए आवश्यक ज्ञान तथा कौशल प्रदान करना:**
    - विधि एवं विधिक प्रावधान
    - प्रशासनिक नियम, प्रक्रियाएं तथा कार्यक्रम दिशानिर्देश
    - आधुनिक प्रबंधन साधन तथा
    - आर्थिक विश्लेषण
- **प्रशासनिक एवं सांस्कृतिक लोकाचार की बेहतर समझ के लिए आवंटित राज्य की क्षेत्रीय भाषा में कुशलता प्रदान करना।**

- **आवंटित राज्य की सांस्कृतिक तथा सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि से अवगत कराना।**
- **अंतर्वैयक्तिक तथा संगठनात्मक, दोनों संदर्भों में लिखित/मौखिक संप्रेषण कौशल का प्रभावी प्रदर्शन करना।**
- **उचित जीवन मूल्यों एवं उचित व्यवहार की जानकारी प्रदान करना।**
- **शारीरिक फिटनेस को बनाए रखना।**
- **"शीलम् परम् भूषणम्" एवं मिशन कर्मयोगी की भावना पर अटल रहना।**

पाठ्यक्रम की रूपरेखा

फेज़-I कार्यक्रम की पाठ्यक्रम रूपरेखा मिशन कर्मयोगी की भावना एवं विषय वस्तु के संदर्भ में सोच-समझ कर बनायी गई है। अध्ययन, शिक्षा, अनुभव को पर्याप्त स्थान देते हुए यहां प्रशिक्षु अधिकारियों में प्रमुख क्षमताएँ जैसे कार्यक्षेत्र का ज्ञान (उचित जानकारी), व्यवहारपरक (उचित दृष्टिकोण) तथा कार्यात्मक (उचित कौशल) बढाने का प्रयास किया जाता है, जिससे वे न केवल दैनिक कार्यों की चुनौतियों से बल्कि अप्रत्याशित और नए संकट का भी प्रभावी ढंग से सामना करते हुए भावी उत्तरदायित्वों को निभाने में सक्षम होंगे। 22 सप्ताह का आईएएस प्रोफेशनल कोर्स, फेज़-I, 2021 बैच 21 मार्च, 2021 को प्रारंभ हुआ तथा 19 अगस्त, 2022 को समाप्त हुआ था। इसमें दो मुख्य घटक थेः-

- **भारत अध्ययन दौरा एवं भारत दर्शन (2 मई, 2022 से 12 जून, 2022 तक)**
- **ऑन कैंपस ट्रेनिंग इनपुट्स पार्ट 01 (21 मार्च, 2022 से 29 अप्रैल, 2022 तक)**
- **ऑन कैंपस ट्रेनिंग इनपुट्स पार्ट 02 (20 जून, 2022 से 19 अगस्त, 2022 तक)**

फेज़-I एक पूर्णकालीन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम है जिसमें पाठ्यक्रम तथा पाठ्येतर गतिविधियों का मिश्रण होता है। दिन की शुरूआत हैप्पी वैली ग्राउंड में शारीरिक व्यायाम के साथ प्रात: 06:30 बजे होती है। शाम को क्लब तथा सोसाइटियों द्वारा सांस्कृतिक तथा अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाते थे।

शैक्षणिक इनपुट्स

ऑन कैंपस शैक्षणिक प्रशिक्षण कार्यक्रम 21 मार्च, से 29 अप्रैल और 20 जून से 19 अगस्त, 2022 तक आयोजित किया गया था। हालांकि 'भारतीय प्रशासनिक सेवा (अधिकारी प्रशिक्षणार्थियों की अंतिम परीक्षा) विनियम, 1955' के अंतर्गत निर्धारित पाठ्य-विवरण बुनियादी फ्रेमवर्क है, तथापि आई.ए.एस. सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों के प्रशिक्षण की आवश्यकताओं के अनुसार इसमें समुचित संशोधन किए गए हैं। शैक्षणिक मॉड्यूल विषयवार तैयार किए गए जिसमें अलग-अलग कार्य के ऐसे विषय शामिल किए गए जो विभिन्न कार्य-क्षेत्रों में आई.ए.एस. सेवा के अधिकारियों को करने होते हैं। इसमें विधि, लोक प्रशासन, राजनीति शास्त्र तथा संविधान, प्रबंधन एवं अर्थशास्त्र शामिल हैं। इस दौरान भाषा एवं आई.सी.टी. के व्यापक सत्र भी आयोजित किए गए।

अपनाई गई प्रशिक्षण कार्य-प्रणाली में अन्य बातों के साथ-साथ व्याख्यान, प्रकरण अध्ययन, परिचर्चा, सेमीनार, पैनल चर्चा, आदेश लेखन अभ्यास, मूट कोर्ट तथा मॉक ट्रायल, मेनेजमेंट गेम तथा रोल प्ले, समूह अभ्यास, फिल्म, क्षेत्रीय तथा आउटडोर विजिट कार्यक्रम शामिल हैं। अधिकारियों को संबोधित करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से अनेक विशेषज्ञ एवं ख्याति प्राप्त व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया। उन्होंने अधिकारी प्रशिक्षणार्थियों को वैकल्पिक आयामों और विचारों की विविधता का परिचय दिया जो महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए अनिवार्य है।

पाठ्यक्रम की शुरुआत डीकंस्ट्रक्शन मॉड्यूल के माध्यम से सेवा के लोकाचार और प्रतीक चिह्न के बारे में गहन शिक्षा के साथ हुई। युवा आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों के मस्तिष्क में भारतीय प्रशासनिक सेवा के बारे में प्रचलित गलत धारणाओं को दूर करने और उन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवा की तेजी से बदलती आवश्यकताओं के बारे में जागरूक करने के लिए पहली बार आईएएस प्रोफेशनल फेज़-I पाठ्यक्रम के आरंभ में 5 दिवसीय गहन मॉड्यूल का आयोजन किया गया। जिसने युवा आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों को पुरानी अनुपयोगी बातों को भुलाकर नई शिक्षा को ग्रहण करने में सक्षम बनाया है।

अंतरराष्ट्रीय संगठन से सर्टिफिकेशन कोर्स जैसे आईएमएफ से मैक्रो-इकोनॉमिक्स, सीएमयू से डेटा एनालिटिक्स और एलकेयू से पब्लिक पॉलिसी कराए गए। इससे प्रशिक्षु अधिकारियों को सर्वोत्तम डोमेन अंतरराष्ट्रीय संस्थानों से सर्टिफिकेशन के साथ डोमेन विशेषज्ञता हासिल करने और शैक्षिक मूल्यों को विकसित करने के लिए ज्ञानार्जन को बढ़ाने में भी सहायता मिली है।

बुनियादी स्तर के परिदृश्यों के बारे में संवेदनशील बनाने तथा प्रशिक्षुओं के व्यवहार संबंधी पहलू को विकसित करने के लिए, नीतियों के मूल लाभार्थियों जैसे एसएचजी, किसानों आदि के साथ बातचीत सत्र

का आयोजन किया गया। अमृतोत्सव के हिस्से के रूप में, प्रशिक्षु अधिकारियों की संबंधित कैडर, एसएचजी उद्यमियों के साथ अटैचमेंट की गई, जिसके फलस्वरूप उन्हें कठिनाइयों के बारे में जानने और थिंक ग्लोबल, एक्ट लोकल के विजन को विकसित करने में सक्षम बनाया गया।

अकादमी में **"सरदार वल्लभभाई पटेल नेतृत्व केन्द्र"** द्वारा दिए गए लीडरशिप मॉड्यूल और आत्म-सुधार के लिए फेरो मूल्यांकन के माध्यम से पाठ्यक्रम में नेतृत्व गुण, प्रबंधकीय कौशल, संचार कौशल और विनम्र व्यवहार कौशल को विकसित करने पर बल दिया गया।

किसी विशिष्ट विषय के लिए मॉड्यूल-वार पद्धति से समग्र शिक्षण, अनुभव के कई मुद्दों पर एक साथ विचार करने और उन्हें आपस में जोड़ने में सक्षम हुआ है। अर्थशास्त्र, स्वास्थ्य, शहरी मॉड्यूल, पोषण, महिला एवं बाल, संचार, निर्वाचन, आपदा प्रबंधन, उद्यमिता विकास, भौगोलिक इंडिकेशन्स और एक जिला एक उत्पाद पर मॉड्यूल, ई-गवर्नेंस तथा मीडिया, कानून और व्यवस्था, जल प्रबंधन, सामाजिक सुरक्षा, सार्वजनिक वित्त और लेखा प्रक्रिया विषय पर आधारित मॉड्यूल से उन मुद्दों की व्यापक समझ विकसित करने में सहायता मिली है जो प्रशिक्षण के तुरंत बाद उनके समक्ष आएंगे।

प्रशिक्षु अधिकारियों को साक्ष्य आधारित नीति निर्माण से अवगत कराया गया और उन्हें क्षेत्र में अपनी सूझ-बूझ से केस स्टडी तैयार करने के लिए अनुसंधान सहायता यूनिट से जोड़ा गया, जिसका उपयोग आने वाले समूहों के प्रशिक्षण के लिए किया जा सकता है। मानव-पर्यावरण और वन (मानव-पशु प्रतिद्वंद) संबंधी पुनर्वास मुद्दों को बेहतर ढंग से समझने के लिए, प्रशिक्षुओं को कॉर्बेट नेशनल पार्क में गुज्जर बस्तियों में ले जाया गया।

पूर्व प्रशिक्षुओं के अनुभव और ज्ञान का उपयोग करने और विषय वस्तु पर कैडर-विशिष्ट इनपुट प्रदान करने के लिए, राज्यों में सेवारत विशिष्ट और प्रख्यात आईएएस अधिकारियों को अकादमी में निरंतर मार्गदर्शन के लिए संयुक्त संकाय के रूप में आमंत्रित किया गया।

इस पाठ्यक्रम में उस दौरान चलाए जा रहे फेज़-II, फेज़-IV, जेसीएम पाठ्यक्रम और महिला एवं लीडरशिप पाठ्यक्रमों के लिए उपलब्ध अवसरों का भी उपयोग किया और प्रतियोगिताओं, बातचीत के माध्यम से उनके उत्कृष्ट अनुभवों और ज्ञान का उपयोग किया।

पाठ्यक्रम को पारंपरिक परीक्षा आधारित मूल्यांकन पद्धतियों के बजाय डिजिटल और समवर्ती तथा दिए गए मॉड्यूल पर प्रस्तुत शोध निबंधों, प्रस्तुतिकरण, वाद-विवाद और चर्चाओं आदि पर आधारित मूल्यांकन पैटर्न पर तैयार किया गया ताकि नए और मौलिक विचार आ सकें।

एक भा.प्र. सेवा अधिकारी के तौर पर प्रशिक्षु अधिकारियों को आवंटित काडर की भाषा में निपुण होना होता है। फेज़-I पाठ्यक्रम में वैधानिक भाषा परीक्षा आयोजित की गई। जो प्रशिक्षु अधिकारी पहले से ही संवर्ग की भाषा से परिचित थे उनको भाषा के प्रशासनिक प्रयोग के बारे में आगे की जानकारी दी गई

तथा उनसे वैकल्पिक मॉड्यूल एवं गतिविधियां भी कराई गई। प्रशिक्षु अधिकारियों से अपना 'स्टेट पेपर' संवर्ग की भाषा में प्रस्तुत करने को कहा गया। फेज़-I का आईसीटी का मॉड्यूल प्रशिक्षु अधिकारियों को जिलों में सूचना प्रौद्योगिकी वातावरण तैयार करने, किसी सिस्टम का कंप्यूटरीकरण करने में उपयोग होने वाले कॉनसेप्ट/विषय, प्रौद्योगिकी के नवीनतम रूझानों से परिचित करने हेतु डिजाइन किया गया। उन्हें डैशबोर्ड क्रिएशन, डेटा हैंडलिंग, एआई, ईटी और आईओटी तकनीकों, वेब डिज़ाइन, क्लाइंट/सर्वर कंप्यूटिंग, ई-गवर्नेंस आदि की जानकारी देने और पावर बीआई और एक्सेल जैसे उन्नत उपकरणों से अवगत कराने के साथ ही आईटी दक्षता पर इनपुट दिए गए। इसका उद्देश्य प्रशिक्षु अधिकारियों को कंप्यूटर प्रोफेशनल बनाना नहीं है बल्कि उन्हें वास्तविक कार्य क्षेत्र से परिचित कराना और प्रौद्योगिकी संबंधी क्षमताएं अर्जित कराना होता है।

मूल्यांकन किए गए शैक्षिक कार्य: पाठ्यक्रम में पुस्तक समीक्षा तथा स्टेट टर्म पेपर के माध्यम से एक स्व-अध्ययन आधारित लर्निंग भी कोर्स डिजाइन में समाहित की गई जिसे परामर्शी समूह बैठक में आवंटित राज्य की क्षेत्रीय भाषा में प्रस्तुत किया गया; हाउस जर्नल्स के साथ-साथ इसमें भारत दर्शन: समूह प्रस्तुतिकरण, वैयक्तिक भारत दर्शन डायरी और यात्रा वृत्तांत भी शामिल किए गए।

बाह्य गतिविधियां: भा.प्र. सेवा में करिअर अक्सर चुनौतीपूर्ण तथा तनाव युक्त होता है। इस सेवा के अधिकारी का शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ होना सेवा की आवश्यकता है। फेज़-I पाठ्यक्रम में प्रशिक्षु अधिकारियों को नियमित रूप से शारीरिक व्यायाम की आदत विकसित करने एवं उसे बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया गया। सुबह का शारीरिक प्रशिक्षण अनिवार्य होता है। शारीरिक व्यायाम तथा बाह्य गतिविधियां इस पाठ्यक्रम का महत्वपूर्ण भाग हैं।

पाठ्येतर गतिविधियां: "स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है," इस सिद्धांत पर आधारित शारीरिक फिटनेस पर अधिक बल दिया गया। संशोधित आउटडोर शिक्षण पद्धति जिसमें सरकारी कार्य के अलावा प्रशिक्षु अधिकारियों की रुचि और पसंद के साथ स्वास्थ्य और फिटनेस पर अधिक बल दिया जाता है और वे सेवा में पेश आने वाले तनाव से निपटने में अधिक सक्षम होते हैं।

फेज़-I कार्यक्रम में, प्रशिक्षु अधिकारियों को पाठ्येतर मॉड्यूल के माध्यम से रचनात्मक गतिविधियों में पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। स्वतंत्रता के 75वें वर्ष का उत्सव मनाने और **"भारत @75 बैच"** होने के नाते, आईएएस फेज़-I 2021 बैच ने 22 सप्ताह के दौरान **"आजादी का अमृत महोत्सव"** को सच्ची भावना और उत्साह के साथ मनाया। इस वर्ष न केवल देश के बारे में प्रशिक्षु अधिकारियों ज्ञान बढ़ा बल्कि अपने राष्ट्र के प्रति राष्ट्रवाद और सम्मान की गहन भावना भी पैदा हुई। इस उत्सव को मनाने के लिए 75 सांस्कृतिक और पाठ्येतर कार्यक्रम आयोजित किए। आज़ादी का अमृत महोत्सव लोक कला कार्यशाला ने उन्हें 20 विभिन्न कला रूपों विधाओं के बारे में जानकारी प्रदान की।

आईएएस और आईएफओएस के बीच प्रवाह सांस्कृतिक उत्सव ने सेवाओं के बीच भाईचारे की भावना को बढ़ाया और कुछ मामलों में उनके बीच आजीवन साझेदारी की भावना को भी विकसित किया। आज़ादी का अमृत महोत्सव से उद्यमिता कौशल में वृद्धि हुई। कोर्स से निम्नलिखित अवसर भी प्राप्त हुए:-

- संसद सदस्यों के साथ बातचीत
- प्रख्यात लेखकों के साथ लाइब्रेरी टॉक
- रॉकेट महिलाओं, आदि जैसी प्रतिष्ठित हस्तियों द्वारा बातचीत
- विद्यार्थियों को पढ़ाना, परामर्श देना, मेस के लिए योगदान, दान पेटी

आंचलिक दिवस: प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा फेज़-I पाठ्यक्रम के दौरान आंचलिक दिवस आयोजित किया गया। आंचलिक दिवस आयोजित करने का उद्देश्य प्रशिक्षु अधिकारियों को उनके आवंटित संवर्गों की संस्कृति एवं खान-पान से परिचित करना है। प्रत्येक क्षेत्र के लिए समूह का गठन आवंटित राज्य पर आधारित होता है।

सराहनीय कार्यनिष्पादन के लिए पुरस्कार: प्रोफेशनल कोर्स फेज़-I के दौरान शैक्षणिक और पाठ्येतर गतिविधियों में आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार और पदक प्रदान किए गए।

प्रख्यात अतिथि वक्ता :

- श्री राजीव गौबा, आईएएस, कैबिनेट सचिव, नई दिल्ली।
- सुश्री पल्का साहनी, आईएएस, रेजिडेंट कमिशनर, बिहार भवन, नई दिल्ली।
- सुश्री छवि भारद्वाज, आईएएस, प्रबंध निदेशक, मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भोपाल, मध्य प्रदेश।
- डॉ. बगादी गौतम, आईएएस, उपायुक्त एवं डीएम, मैसूरु, कर्नाटक।
- श्री मोहम्मद वाई सफीरुल्ला के., आईएएस, प्रभारी सचिव, वित्त विभाग, केरल सरकार।
- श्री प्रदीप सिंह खरोला, आईएएस, पूर्व प्रबंध निदेशक, बैंगलोर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन
- श्री गिरिधर अरमाने, आईएएस, सचिव (सड़क परिवहन एवं राजमार्ग), सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार ।
- सुश्री शारदा जी. मुरलीधरन, आईएएस, अपर मुख्य सचिव, लोकल सेल्फ, केरल सरकार।
- श्री प्रभात कुमार, आईएएस, (सेवानिवृत्त)
- सुश्री राधिका झा, आईएएस, सचिव, ऊर्जा एवं नवीकरणीय ऊर्जा, उत्तराखंड ।
- सुश्री भाग्यश्री बनायत, आईएएस, सीईओ, साईं बाबा संस्थान ट्रस्ट, शिरडी, महाराष्ट्र ।
- श्री मंजूनाथ भजंत्री, आईएएस, उपायुक्त, देवघर, झारखंड ।
- श्री नंद कुमारम, आईएएस, प्रबंध निदेशक, एमपी राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम, मध्य प्रदेश।
- श्री आर. सुब्रमण्यम, आईएएस, सचिव, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार।
- सुश्री सुजाता सौनिक, आईएएस, अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, महाराष्ट्र सरकार।
- श्री दीपक गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली ।
- श्री संजय कोठारी, आईएएस, (सेवानिवृत्त) ।
- श्री अजय कुमार भल्ला, आईएएस, गृह सचिव, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
- सुश्री मनीषा सक्सेना, आईएएस, प्रधान सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, दिल्ली सरकार ।
- सुश्री सुषमा चौहान, आईएएस, सचिव, सरकारी योजना विकास एवं निगरानी विभाग, जम्मू और कश्मीर।
- सुश्री आरती डोगरा, आईएएस, मुख्यमंत्री के सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय, जयपुर, राजस्थान।
- श्री सुमन बिल्ला, आईएएस, प्रधान सचिव, उद्योग एवं नोकरा, केरल।
- डॉ. एम. अंगामुथु, आईएएस, अध्यक्ष, कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीईडीए), वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली ।
- श्री प्रवीण परदेशी, आईएएस, सदस्य, क्षमता निर्माण आयोग, नई दिल्ली ।
- सुश्री एस. अपर्णा, आईएएस, सचिव, फार्मास्यूटिकल्स विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली ।
- श्री अजय कुमार, रक्षा सचिव, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली ।
- श्री एच. आर. पाटनकर, आईएएस (सेवानिवृत्त)।
- श्री अभिषेक सिंह, आईएएस, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एनईजीडी, नई दिल्ली।
- श्री गौरव द्विवेदी, आईएएस, प्रधान सचिव, सांख्यिकी एवं आर्थिक निदेशालय, छत्तीसगढ़ ।

- श्री कार्तिकेय मिश्रा, आईएएस, विशेष श्रम आयुक्त, विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश।
- श्री शेखर सिंह, आईएएस, कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, सतारा, महाराष्ट्र।
- सुश्री आरती कंवर, आईएएस, रेजिडेंट कमिश्नर, गुजरात भवन, नई दिल्ली ।
- सुश्री प्रीति सूदन, आईएएस, (सेवानिवृत्त)।
- श्री गौरी शंकर घोष, आईएएस, (सेवानिवृत्त)।
- श्री पी.के.मिश्रा, आईएएस, प्रधान मंत्री के प्रमुख सचिव।
- श्री ब्रिजेश पांडे, आईएएस, सचिव, वित्त विभाग, त्रिपुरा सरकार।
- सुश्री निधि श्रीवास्तव, आईएएस, उप सचिव, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
- सुश्री शीतल वर्मा, आईएएस, निदेशक, जनगणना एवं नागरिक पंजीकरण, उत्तर प्रदेश।
- डॉ. हसमुख आढिया, आईएएस, (सेवानिवृत्त) माननीय चांसलर, गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय।
- सुश्री खुशबू गोयल, आईएएस।
- श्री रतन पी. वातल, आईएएस, अध्यक्ष, सेंट्रल विस्टा ओवरसाइट कमेटी।
- डॉ. मिलिंद रामटेके, आईएएस, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री के निजी सचिव, भारत सरकार ।
- श्री ध्रुवपाल गोदरा, पूर्व कप्तान, भारतीय पोलो टीम ।
- मेजर अमन सिंह, पोलो सचिव ।
- डॉ. श्याम सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर, आईआरएमए ।
- डॉ. राकेश अरावतिया, एसोसिएट प्रोफेसर, आईआरएमए ।
- डॉ. सुशांत सरमा, प्रोफेसर, आईआरएमए।
- डॉ. विवेक पांडे, प्रोफेसर, आईआरएमए ।
- डॉ. एच.के. मिश्रा, प्रोफेसर, आईआरएमए।
- डॉ. उमाकांत दाश, निदेशक, आईआरएमए।
- सुश्री जसप्रीत तलवार, आईएएस, प्रधान सचिव, जल आपूर्ति और स्वच्छता विभाग, पंजाब सरकार।
- डॉ. माला रामनाथन, प्रोफेसर, श्री चित्रा तिरुनल इंस्टीट्यूट फॉर मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी (एससीटीआईएमएसटी), तिरुवनंतपुरम, केरल।
- डॉ. विलियम जॉय, सहायक प्रोफेसर, जनसंख्या अनुसंधान केंद्र (पीआरसी), आर्थिक विकास संस्थान, नई दिल्ली।
- श्री विशाल चौहान, आईएएस, संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार।
- श्री वसंत कुमार एन., आईएएस, कार्यकारी निदेशक, यूपीटीएसयू, मैनिटोबा विश्वविद्यालय, लखनऊ।

- डॉ. रवि प्रकाश, उप निदेशक, निगरानी, मूल्यांकन एवं संचालन अनुसंधान, यूपीटीएसयू, मैनिटोबा विश्वविद्यालय, लखनऊ।
- डॉ. रवि वर्मा, निदेशक, इंटरनेशनल सेंटर फॉर रिसर्च ऑन वुमेन, नई दिल्ली।
- डॉ. शाजी के. इसाक, मेनेजिंग ट्रस्टी, इंडिया हेल्थ एक्शन ट्रस्ट, बेंगलुरु ।
- डॉ. दरेज़ अहमद, आईएएस, मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, तमिलनाडु ।
- डॉ. सौरभ दलाल, नेशनल प्रोफेशनल ऑफिसर, विश्व स्वास्थ्य संगठन, भारत ।
- श्री कमलेश नीलकंठ व्यास, सचिव, परमाणु ऊर्जा विभाग एवं अध्यक्ष, परमाणु ऊर्जा आयोग, मुंबई।
- श्री अमित कुमार घोष, आईएएस, अपर सचिव, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
- सुश्री पल्का साहनी, आईएएस, रेजिडेंट कमिशनर, बिहार भवन, नई दिल्ली ।
- डॉ. देवेश चतुर्वेदी, आईएएस, अपर मुख्य सचिव, कार्मिक, नियुक्ति एवं कृषि विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार ।
- डॉ. अरबिंद कुमार पाढी, आईएएस, निदेशक, कंट्री रिलेशन्स एंड बिजनेस अफेयर्स, इंटरनेशनल क्रॉप रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर द सेमी-एरिड ट्रोपिक्स, आईसीआरआईएसएटी, नई दिल्ली ।
- श्री सी. श्रीधर, आईएएस, प्रधानमंत्री के संयुक्त सचिव, भारत सरकार, प्रधानमंत्री कार्यालय ।
- श्री बिपुल हलोई, जगजीवन राम इनोवेटिव फार्मर अवार्डी, नलबाड़ी, असम ।
- सुश्री ट्रिनिटी साईओ, पद्म पुरस्कार विजेता, जैन्तिया हिल्स, मेघालय ।
- श्री एस.सी. थिमैया, जगजीवन राम इनोवेटिव फार्मर अवार्डी, कोडागु, कर्नाटक ।
- श्री टी.पुरुषोत्तम, जगजीवन राम इनोवेटिव फार्मर अवार्डी, कन्नूर, केरल।
- श्री राम शरण वर्मा, पद्म पुरस्कार विजेता, बाराबंकी, उत्तर प्रदेश।
- श्री भारत भूषण त्यागी, पद्म पुरस्कार विजेता, बुलन्दशहर, उत्तर प्रदेश ।
- श्री सुल्तान सिंह, पद्म पुरस्कार विजेता, करनाल, हरियाणा।
- सुश्री राज कुमारी देवी, पद्म पुरस्कार विजेता, मुजफ्फरपुर, बिहार ।
- श्री बटकृष्ण साहू, पद्म पुरस्कार विजेता, खुर्दा, ओडिशा।
- सुश्री राहीबाई सोमा पोपेरे, पद्म पुरस्कार विजेता, अहमदनगर, महाराष्ट्र।
- सुश्री माधुरी राज, गोपाल रत्न पुरस्कार विजेता, नंदगांव, छत्तीसगढ़।
- सुश्री अनु गर्ग, आईएएस, अपर मुख्य सचिव, जल संसाधन विभाग, ओडिशा सरकार।
- सुश्री एनाक्षी गांगुली, सह-संस्थापक और सलाहकार, एचएक्यू सेंटर फॉर चाइल्ड राइट्स, नई दिल्ली।
- डॉ. पूर्णिमा मेनन, सीनियर रिसर्च फेलो, आईएफपीआरआई।
- डॉ. संजय बी. प्रभु, वरिष्ठ यूनिसेफ सलाहकार।
- श्री डी. कृष्णा भास्कर, आईएएस, निदेशक (उद्योग), तेलंगाना सरकार।

- डॉ. रबी एन. साहू, प्रधान वैज्ञानिक, कृषि भौतिकी प्रभाग, आईएआरआई, नई दिल्ली।
- सुश्री उमा महादेवन, आईएएस, प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग, कर्नाटक सरकार।
- श्री मनोज राजन, आईएफओएस, विशेष सचिव, फसल प्रौद्योगिकी और खाद्य प्रसंस्करण कृषि विभाग, कर्नाटक सरकार।
- डॉ. पी.चंद्र शेखर, महानिदेशक, राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान, हैदराबाद।
- श्री विकास चंद्र रस्तोगी, आईएएस, प्रधान सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, महाराष्ट्र सरकार।
- श्री एस.एम विजयानंद, आईएएस (सेवानिवृत्त), पूर्व मुख्य सचिव, केरल सरकार।
- सुश्री सौजन्या, आईएएस, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखंड।
- डॉ. पी.सी. जाफ़र, आईएएस, सचिव (व्यय), वित्त विभाग, कर्नाटक सरकार।
- श्री विजय किरण आनंद, आईएएस, जिला मजिस्ट्रेट, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश।
- डॉ. रंजना अरोड़ा, प्रोफेसर, एनसीईआरटी, नई दिल्ली ।
- डॉ. श्रीधर श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक, एनसीईआरटी एवं अध्यक्ष, राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान, नोएडा।
- श्री नलिन अतुल, आईएएस, परीक्षा नियंत्रक, कर्नाटक राज्य लोक सेवा आयोग, कर्नाटक।
- श्री ऋत्विक पात्रा, शिक्षा विशेषज्ञ, यूनिसेफ, लखनऊ।
- श्री अजीत बालाजी जोशी, आईएएस, मुख्य प्रशासक, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण।
- सुश्री गायत्री वैद्य, अपर सीईओ, शैक्षिक पहल, गुजरात।
- डॉ. मिलिंद रामटेके, आईएएस, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री के निजी सचिव, भारत सरकार।
- श्री अब्दाल अख्तर, आईएएस, कलेक्टर और डीएम, कोरापुट, ओडिशा ।
- श्री आर. गोपालकृष्णन, आईआरटीएस, महाप्रबंधक (डेटा एनालिटिक्स), सीआरआईएस, नई दिल्ली।
- श्री अरुणीश चावला, आईएएस, वरिष्ठ अर्थशास्त्री, क्षमता विकास संस्थान, आईएमएफ।
- श्री मार्टिन शिंडर, उप प्रभाग प्रमुख, क्षमता विकास संस्थान, आईएमएफ।
- श्री भास्वर मुखोपाध्याय, उप निदेशक, एसएआरटीटीएसी, आईएमएफ़ ।
- डॉ. संगीता मिश्रा, निदेशक, योजना और निगरानी प्रभाग, मौद्रिक नीति विभाग, आरबीआई।
- श्री मुरली विश्वनाथन, प्रोफेसर, सीएमयू, ऑस्ट्रेलिया।
- डॉ. एमिल बोलोंगैटा, प्रोफेसर, सीएमयू, ऑस्ट्रेलिया।
- डॉ. ज़िग ज़ियार्स्की, प्रोफेसर, सीएमयू, ऑस्ट्रेलिया।
- सुश्री सरिता नारके, डिप्टी कलेक्टर, राजस्व विभाग, पुणे।
- श्री राजीव महर्षि, आईएएस (सेवानिवृत्त), अध्यक्ष, एनएसई आईएफएस, गिफ्ट सिटी गुजरात।
- थिरु डी. मणिकंदन, आईएएस, संयुक्त सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, तमिलनाडु।

- प्रोफेसर सैमसन थॉमस, अंग्रेजी साहित्य विभाग, ईएफएलयू।
- प्रोफेसर एम.ई वेद शरण, अंग्रेजी साहित्य विभाग, ईएफएलयू।
- श्री अजॉय संयमथ, आईएएस, अपर सचिव, भूमि एवं भूमि सुधार और शरणार्थी एवं पुनर्वास विभाग, नबन्ना, पश्चिम बंगाल और टीम।
- सुश्री शीतल वर्मा, आईएएस, निदेशक, जनगणना एवं नागरिक पंजीकरण, लखनऊ, यूपी।
- डॉ. आदर्श सिंह, आईएएस, जिलाधिकारी, बाराबंकी, उत्तर प्रदेश।
- श्री जय सिंह, आईएएस, निदेशक, भू-अभिलेख एवं परिमाप, बिहार एवं टीम।
- श्री मुनीश मौदगिल, आईएएस, आयुक्त, सर्वेक्षण बंदोबस्त एवं भू-अभिलेख, कर्नाटक।
- श्री जीवन बाबू के., आईएएस, सामान्य शिक्षा निदेशक, जगती, तिरुवनंतपुरम।
- श्री राजीव शर्मा, आईएएस, आयुक्त शहडोल प्रभाग शहडोल, म.प्र. एवं टीम।
- डॉ. प्रशांत भोलानाथ नरनावरे, आईएएस, आयुक्त, समाज कल्याण, पुणे।
- श्री अवया कुमार नायक, ओएएस (एसएस) विशेष सचिव, एलआर एवं जीई (ए, बी और सी), और एलए (ए, बी और सी), राजस्व और आपदा प्रबंधन विभाग, ओडिशा एवं टीम।
- श्री सिद्धार्थ जैन, आईएएस, आयुक्त, एसएस एवं एलआर, आंध्र प्रदेश सरकार।
- श्री. हरीत शुक्ला, आईएएस, सचिव (पर्यटन) गांधीनगर, गुजरात एवं टीम।
- श्री बी. ए. शाह, आईएएस, कलेक्टर, बोटाद, गुजरात।
- श्री पंकज, आईएएस, विशेष सचिव, वित्त विभाग, हरियाणा सरकार और टीम।
- थिरु एस. नागराजू, आईएएस, आयुक्त, भू-प्रशासन विभाग, चेन्नई।
- श्री शांतिमोय देबबर्मा, उप निदेशक, भूमि अभिलेख एवं बंदोबस्त निदेशालय अगरतला, त्रिपुरा और टीम।
- श्री विवेक भाटिया, आईएएस, निदेशक (ईएसओएमएसए) एससी, ओबी, अल्पसंख्यक कार्य और विशेष रूप से सक्षम व्यक्ति सशक्तिकरण निदेशालय, शिमला, हिमाचल प्रदेश।
- श्री के.के. शर्मा, आईएएस (सेवानिवृत्त) और टीम।
- श्री अनंत जैन, आईएएस, अपर जिला मजिस्ट्रेट, नामची और टीम।
- श्री शौकत अहमद पैरी, आईएएस, उपायुक्त, बठिंडा एवं टीम।
- श्री के. मनिका राज, आईएएस, सचिव (आपदा प्रबंधन), राजस्व विभाग, तेलंगाना सरकार।
- श्री शांतनु पी. गोटमा, आईएएस, निदेशक, भू रिकॉर्ड और सर्वेक्षण, असम।
- श्री एस. चोकलिंगम, आईएएस, सेटलमेंट कमिश्नर एवं निदेशक, भू-अभिलेख, महाराष्ट्र।
- सुश्री वी. ललितालक्ष्मी, आईएएस, निदेशक, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, कोलकाता।
- श्री मनीष कुमार, आईएएस, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, एसडीएम सदर, देहरादून।
- डॉ. शिवबाला.एस., आईएफएस, एसोसिएट प्रोफेसर, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी, न्यू फॉरेस्ट एफआरआई कैंपस- देहरादून।

- श्री संजीव गौड़, आईएफएस, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक और मुख्य महाप्रबंधक (योजना), महाराष्ट्र वन विकास निगम लिमिटेड।
- डॉ. कैरोलिन ब्रासार्ड, अड्जंक्ट एसिस्टेंट प्रोफेसर, ली कुआन यी स्कूल ऑफ पब्लिक पॉलिसी नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर।
- सुश्री अदिति सिंह, आईएएस, अपर आयुक्त, राज्य कर गौतमबुद्ध नगर ग्रेटर नोएडा।
- श्री भरत चुघ, पूर्व न्यायाधीश एवं अधिवक्ता, दिल्ली उच्च न्यायालय।
- डॉ. आरुषि जैन, एसोसिएट डायरेक्टर, भारती इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक पॉलिसी, इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस, हैदराबाद और टीम।
- प्रोफेसर अंजल प्रकाश, अनुसंधान निदेशक और एड्जंक्ट एसोसिएट प्रोफेसर, भारती इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक पॉलिसी, इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस, हैदराबाद और टीम।
- डॉ. प्रेम सिंह, सलाहकार, नीति आयोग, नई दिल्ली।
- डॉ. के. पी. कृष्णन, आईएएस, पूर्व सचिव, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय और आईईपीएफ अध्यक्ष एवं प्रोफेसर, नियामक, नई दिल्ली।
- श्री ज्ञानेंद्र बड़गइयां, रेजिडेंट सीनियर फेलो, आईडीएफसी इंस्टीट्यूट।
- डॉ. मुकुल रायज़ादा, एसोसिएट प्रोफेसर, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, दिल्ली।
- श्री अशोक मीना, आईएएस, प्रधान सचिव, पंचायती राज एवं पेयजल विभाग, ओडिशा सरकार।
- श्री संदीप वर्मा, आईएएस, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, राजस्थान राज्य सड़क परिवहन निगम, जयपुर।
- श्री अमृत लाल मीना, विशेष सचिव, डीपीआईआईटी।
- सुश्री सुमिता डावरा, अपर सचिव, डीपीआईआईटी।
- सुश्री मनमीत के. नंदा, आईएएस, संयुक्त सचिव, डीपीआईआईटी।
- सुश्री श्रुति सिंह, आईएएस, संयुक्त सचिव, डीपीआईआईटी।
- डॉ. प्रीत दीप सिंह, इन्वेस्ट इंडिया।
- श्रीमती गीतू नित्यानंदन, लीड-सेंट्रल और स्टेट एंगेजमेंट्स, नीति और व्यापार विशेषज्ञ- ओडीओपी।
- श्री सुनील शुक्ला, महानिदेशक, ईडीआईआई, गुजरात।
- श्री हरकेश मित्तल, वरिष्ठ सलाहकार, ईडीआईआई, गुजरात ।
- श्री अमित के. द्विवेदी, एसोसिएट प्रोफेसर एवं प्रभारी, नीति विभाग ईडीआईआई, गुजरात।
- श्री मयंक उपाध्याय, प्रतिष्ठित विजिटिंग फैकल्टी, ईडीआईआई, गुजरात।
- श्री तरूण बेदी, एसोसिएट प्रोफेसर, ईडीआईआई, गुजरात।
- डॉ. एम. अंगमुथु, आईएएस, अध्यक्ष, कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा), वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
- श्री राजशेखर रेड्डी सीलम-संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक, श्रेष्ठ नेचुरल बायोप्रोडक्ट्स, अहमदाबाद।
- श्री पंकज खंडेलवाल।

- श्री अमरजीत सिन्हा, आईएएस, सदस्य, पीईएसबी, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, दिल्ली।
- श्री सी.एस.महेश, निदेशक, अनाहत, चेन्नई।
- सुश्री जानकी वेंकट, वरिष्ठ सलाहकार, अनाहत, चेन्नई।
- डॉ. प्रेम चंद, सहायक प्रोफेसर, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, दिल्ली।
- डॉ. नीरज कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, दिल्ली।
- डॉ. रितु गुप्ता, प्रोफेसर, लॉ, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, दिल्ली।
- श्री सौरभ सुमन यादव, एसडीएम, मोतिहारी।
- श्री संजय जाजू, आईएएस, अपर सचिव, रक्षा उत्पादन विभाग, रक्षा मंत्रालय।
- श्री भूपेन्द्र जे. वासवदा, जल क्षेत्र सलाहकार एवं तकनीकी कानूनी विशेषज्ञ।
- डॉ. मुक्ता कुलकर्णी, प्रोफेसर, संगठनात्मक व्यवहार और मानव संसाधन।
- डॉ. मुक्ता कुलकर्णी, प्रोफेसर, संगठनात्मक व्यवहार और मानव संसाधन प्रबंधन, भारतीय प्रबंधन संस्थान, बैंगलोर।
- डॉ. नेहारिका वोहरा, उप कुलपति, दिल्ली कौशल एवं उद्यमिता विश्वविद्यालय (डीएसईयू)।
- श्री जी. मथी वथनन, आईएएस, प्रधान सचिव, आवास एवं शहरी विकास विभाग, ओडिशा सरकार।
- डॉ. एल्बी जॉन वर्गीस, आईएएस, जिला कलेक्टर, तिरुवल्लुर जिला, तमिलनाडु।
- सुश्री अदिति गर्ग, आईएएस, उप सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग, मध्य प्रदेश सरकार।
- डॉ. शालिनी नारायणन, स्वतंत्र मीडिया सलाहकार और प्रशिक्षक।
- श्री विजय अमृत कुलंगे, आईएएस, आयुक्त, भुवनेश्वर नगर निगम, ओडिशा।
- सुश्री शिखा शर्मा, संस्थापक, न्यूट्री हेल्थ और स्वास्थ्य विशेषज्ञ।
- श्री राजीव कुमार जैन, कार्यकारी निदेशक (मानव संसाधन/वित्त एवं लेखा)।
- श्री कौशल राज शर्मा, आईएएस, जिलाधिकारी, वाराणसी।
- श्री शीर्षत कपिल अशोक, आईएएस, जिलाधिकारी, जिला पूर्वी चंपारण।
- सुश्री संजीव कुमार, आईडीएएस (सेवानिवृत्त) पूर्व अपर रक्षा लेखा महानियंत्रक।
- सुश्री श्रेया गाडेपल्ली, संस्थापक और प्रबंध ट्रस्टी, द अर्बन वर्क्स इंस्टीट्यूट, चेन्नई।
- श्री हिमांशु राय, निदेशक, भारतीय प्रबंधन संस्थान, इंदौर।
- श्री कुणाल कुमार, आईएएस, संयुक्त सचिव (मिशन निदेशक स्मार्ट सिटीज़) नई दिल्ली।
- श्री राय महिमापत रे, आईएएस, उप सचिव (बीसी) एवं आईएमएफ, आर्थिक कार्य विभाग।
- श्री कपिल कौशिक, परियोजना प्रबंधक, एनआईसी ई-ऑफिस डिवीजन।
- श्री शारिक खान, परियोजना प्रबंधक, एनआईसी ई-ऑफिस डिवीजन।
- श्री रामधर सिंह, डिस्टिंग्विश यूनिवर्सिटी प्रोफेसर, अहमदाबाद विश्वविद्यालय।
- श्री रंजीत कुमार, आईएएस, निदेशक, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, नई दिल्ली।
- श्री शशि कृष्णन, सीईओ, राष्ट्रीय पेंशन योजना ट्रस्ट, नई दिल्ली।
- श्री संजय डोंगरे, सीआईओ, यूटीआई रिटायरमेंट सॉल्यूशंस लिमिटेड।

- श्री नितिन जोशी - नेशनल हेड, गवर्नमेंट रिलेशन्स (एनपीएस), प्रोटेन ई-गवर्नमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड।
- श्री आशीष गुप्ता, आईपीएस, अपर महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल।

परिशिष्ट-1

आई.ए.एस. फेज़-I (2021 बैच) के प्रतिभागी

राज्य से प्रतिभागी	पुरूष	महिला	कुल
अगमुट	09	05	14
आंध्र प्रदेश	07	01	08
असम-मेघालय	05	04	09
बिहार	05	05	10
छत्तीसगढ़	03	00	03
गुजरात	07	02	09
हरियाणा	06	01	07
हिमाचल प्रदेश	02	01	03
झारखंड	06	01	07
कर्नाटक	06	02	08
केरल	06	02	08
मध्य प्रदेश	06	02	08
महाराष्ट्र	06	04	10
मणिपुर	01	00	01
ओडिशा	04	04	08
पंजाब	02	03	05
राजस्थान	05	01	06
रॉयाल भूटान सिविल सार्विस	01	01	02
सिक्किम	01	00	01
तमिलनाडु	06	07	13
त्रिपुरा	04	01	05
तेलंगाना	04	03	07
उत्तर प्रदेश	08	07	15
उत्तराखंड	01	02	03
पश्चिम बंगाल	10	03	13
कुल	**121**	**62**	**183**

आईएएस प्रोफेशनल कोर्स फेज़-II (6 सप्ताह ऑनलाइन) (2019 बैच)

हालांकि फाउंडेशन कोर्स तथा फेज़-I में सैद्धांतिक संकल्पनाएँ समझाई जाती हैं और जिला प्रशिक्षण के दौरान बुनियादी स्तर की वास्तविकताओं का अध्ययन कराया जाता है, फेज़-II कोर्स देशभर से प्राप्त अनुभवों को बांटने का समय होता है जब प्रशिक्षु अधिकारी भारत के अलग-अलग जिलों से अकादमी में लौटते हैं। फेज़-II कोर्स की विषय वस्तु प्रशासन के मामलों को समझने के लिए जिला प्रशिक्षण में राज्य स्तर पर वर्ष-भर प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा ज्ञानार्जन को समेकित करने तथा जिलों के अनुभवों से अवगत कराने के लिए तैयार की गई है। इसके जरिए प्रशिक्षु अधिकारी अपने करिअर के आरंभिक वर्षों में आने वाली समस्याओं तथा परिस्थितियों से अवगत होते हैं।

(17 मई, 2021 से 25 जून, 2021)

कार्यक्रम का लक्ष्य/समूह	नवनियुक्त आई.ए.एस. प्रशिक्षु अधिकारी
पाठ्यक्रम समन्वयक	श्री मिलिंद रामटेके, उप निदेशक
एसोसिएट पाठ्यक्रम समन्वयक	श्री अभिराम जी. शंकर, उप निदेशक श्री नितेश झा, रीडर सुश्री मेजर दिशा पन्नू, उप निदेशक
समापन कार्यक्रम के दौरान संबोधन	डॉ. जीतेन्द्र सिंह, माननीय राज्य मंत्री, पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय, राज्य मंत्री, प्रधानमंत्री कार्यालय: कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन और परमाणु ऊर्जा विभाग एवं अंतरिक्ष विभाग।
प्रतिभागियों की कुल संख्या	185 (179 प्रशिक्षु अधिकारी 2019 बैच, 2010 बैच से 01, 2017 बैच से 02 और आरबीसीएस से 03) (पुरुष- 127; महिला-58)

आई.ए.एस. फेज़-II (2018-2020 बैच) के प्रतिभागियों का ब्यौरा परिशिष्ट-3 में दिया गया है।

पाठ्यक्रम का लक्ष्य

आईएएस प्रोफेशनल कोर्स फेज़-II में प्रशिक्षु अधिकारियों को व्यापक विषयों का गहन प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि वे पहले दस साल की सेवा में विभिन्न तरह के कार्यभार संभालने में सक्षम हो सकें।

पाठ्यक्रम के उद्देश्य

- **जिला प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त व्यक्तिगत तथा सामूहिक अनुभवों के विश्लेषण और उसके विश्लेषण के लिए संरचित दृष्टिकोण अपनाना।**
- **कार्यालय एवं मानव संसाधन प्रबंधन के व्यावहारिक विषय पर बल।**
- **राजनीतिक संकल्पनाओं, अर्थशास्त्र, सार्वजनिक सेवा सुपुर्दगी प्रणाली तथा विधि में सैद्धांतिक और व्यावहारिक ज्ञान देना।**
- **प्रशासनिक, प्रबंधकीय तथा आईसीटी कौशल में सुधार लाना।**
- **संवर्ग की क्षेत्रीय भाषा में दक्षता हासिल करना।**
- **नेतृत्व भूमिका के लिए प्रगतिशील मूल्यों एवं प्रवृत्तियों को अपनाना तथा उन पर अमल करना।**
कोविड-19 के मद्देनजर, यह जरूरी है कि अकादमी के प्रत्येक प्रशिक्षु अधिकारी को जन स्वास्थ्य आपातकालीन प्रबंधन और इसके नियंत्रण संबंधी पहलुओं की स्पष्ट समझ हो। केंद्र निदेशक के निर्देशानुसार, इस पहल को फील्ड स्तर पर असाइनमेंट में तैनात अधिकारियों के साथ निरंतर जुड़ाव के तहत आगे बढ़ाया गया और सीडीएम को कोविड 19 प्रबंधन रणनीतियों/कार्यों में महामारी की पहली और दूसरी लहर से संबंधित कुल 77 पांडुलिपियां/केस अध्ययन प्राप्त हुए। अब, सीडीएम "भारत में कोविड-19 प्रबंधन" (आईएसएसएन: 978-81-928670-7-6, श्रृंखला 8, 2021) नामक विशेष प्रकाशन श्रृंखला का 7 खंडों में प्रकाशन, प्रत्येक खंड में 11 पांडुलिपियां शामिल हैं। इन पांडुलिपियों की समीक्षा और संपादन की प्रक्रिया मुख्य संपादक के रूप में डॉ. वी. थिरुप्पुगाज़, आईएएस (सेवानिवृत्त), पूर्व अपर सचिव (नीति और योजना), राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), भारत सरकार की अध्यक्षता में विशेषज्ञ संपादकीय सदस्यों के मुख्य समूह द्वारा की जाएगी। प्रकाशनों की इन श्रृंखलाओं का उपयोग प्रशिक्षण संसाधन के रूप में अकादमी में प्रशिक्षु अधिकारियों के ज्ञान को समृद्ध करने के लिए किया जाएगा।

2. "आपदा: प्रतिक्रिया और प्रबंधन" पर जर्नल आईएसएसएन: 2347-2553, खंड-9, अंक-I, 2022 (प्रकाशनाधीन)

3. केस स्टडी पुस्तक श्रृंखला "भारत में आपदा प्रबंधन" आईएसबीएन: 978-81-928670-8-3, श्रृंखला 8, 2022 (प्रकाशनाधीन)

4. भारत के सिविल सेवा अधिकारियों के लिए आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर टूलकिट (96वें फाउंडेशन कोर्स के लिए) - दूसरा संस्करण (प्रकाशनाधीन)

घ. क्षमता निर्माण के लिए पठन सामग्री

पाठ्यक्रम विशिष्ट प्रशिक्षण और पठन सामग्री विकसित की गई और उपर्युक्त प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अधिकारी प्रशिक्षुओं को वितरित की गई:

क. आपदा प्रबंधन की मूल बातें

ख. आपदा प्रबंधन का विधिक ढांचा

ग. जिला आपदा प्रबंधन योजना

घ. घटना प्रतिक्रिया प्रणाली

ङ. जन स्वास्थ्य आपातकालीन प्रबंधन (कोविड 19)

च. आपदा प्रबंधन में प्रौद्योगिकी की भूमिका

छ. सामुदायिक स्तर पर आपदा न्यूनीकरण में प्रौद्योगिकी की भूमिका

ज. जलवायु परिवर्तन: चुनौतियाँ और प्रतिक्रिया

ड़. अन्य गतिविधियां

- हिमालय अध्ययन दौरा (26-02-2022 से 05-03-2022) के दौरान 96वें फाउंडेशन कोर्स के लिए वायरलेस संचार सेट और जीपीएस के संचालन के बारे में अधिकारी प्रशिक्षु को जानकारी प्रदान की गई और 96वें फाउंडेशन कोर्स के लिए ट्रेक रूट मानचित्र तैयार किए गए।
- अग्नि सुरक्षा एवं खोज एवं बचाव मॉक ड्रिल आयोजित की गई
- विभिन्न आपात स्थितियों के लिए भूमिकाओं और जिम्मेदारियों का मानचित्रण; अकादमी के लिए डीएम योजना और आपातकालीन निकास योजना तैयार करना

बी.एन. युगांधर ग्रामीण अध्ययन केंद्र (बीएनवाईसीआरएस)

<u>केंद्र का विजन</u>

"भूमि, ग्रामीण विकास, कृषि आंदोलन, आजीविका, जेंडर और पंचायती राज के विभिन्न मुद्दों पर प्रशिक्षण, अनुसंधान और नीतिगत विचार-विमर्श के लिए वातावरण तैयार करना और उसको बढ़ावा देने में सहायता करना।"

<u>केंद्र का मिशन</u>

" प्रशिक्षुओं अधिकारी के प्रशिक्षण के लिए सामग्री और मैनुअल तैयार करना, अनुसंधान संबंधी अध्ययन कार्य करना, कार्यशालाओं और नीतिगत संगोष्ठियों का आयोजन करना, सहयोगी संगठनों और पेशेवर व्यक्तियों के साथ समन्वय स्थापित करना, पत्रिकाओं, शोध पत्रों, रिपोर्टों आदि का प्रकाशन सुनिश्चित करना और नीति बनाने या उसमें परिवर्तन करने के लिए सरकारी एजेंसियों में अनुसंधान आधारित ज्ञान का प्रसार करना तथा युवा पेशेवरों को देश की सामाजिक आर्थिक वास्तविकताओं से रूबरू कराना।

केंद्र निदेशक का नाम	सुश्री आनंदी, आईएएस (21.12.2020 से)

<u>केंद्र की संक्षिप्त पृष्ठभूमि</u>

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में बी. एन. युगांधर ग्रामीण अध्ययन केंद्र वर्ष 1989 में स्थापना के बाद से ही भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के प्रशिक्षु अधिकारियों के प्रशिक्षण और नीति निर्माण संबधी सिफारिशों देने के लिए प्रमुख संसाधन/प्रतिष्ठान के रूप में उभरा है। इसे मुख्य रूप से भूमि संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निधि आबंटित की जाती है और सहायता की जाती है। वर्तमान में यह भारतीय सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के तहत वैज्ञानिक प्रशिक्षण और अनुसंधान समिति के रूप में पंजीकृत है। अकादमी के निदेशक इस केंद्र के पदेन अध्यक्ष हैं और उन्हें किसी भी संयुक्त निदेशक, उप निदेशक या प्रोफेसर को केंद्र निदेशक के रूप में नियुक्त करने का अधिकार है।

केंद्र भूमि सुधार, भूमि अभिलेख प्रबंधन, भुगतान आधारित रोजगार, सामान्य संपत्ति संसाधन, विस्थापन और पुनर्वास, समकालीन कृषि आंदोलनों, और ग्रामीण विकास, पंचायती राज आदि के विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान, प्रशिक्षण और प्रकाशन संबंधी कार्य करता है। यह मुख्य रूप से फाउंडेशन कोर्स के दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए फील्ड अध्ययन और अनुसंधान कार्यक्रम (पूर्व में ग्रामीण दौरा कार्यक्रम) आयोजित करता है। गांव के लोगों की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में सुधार लाने के लिए उनकी प्राथमिकताओं का आकलन करने हेतु प्रशिक्षु अधिकारियों को पार्टिसिपेटरी रूरल एप्रेजल (पीआरए) तकनीकों पर इनपुट्स दिए जाते हैं। केंद्र प्रशिक्षु अधिकारियों के माध्यम से उनके जिला प्रशिक्षण के दौरान कार्यक्रम तैयार करने और उसकी जांच की प्रक्रिया में भी शामिल रहता है। काश्तकारी, भूमि के सीमा निर्धारण, भूमि अभिलेख, भूमि चकबंदी, बंजर भूमि प्रबंधन, आवासहीनता, गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों सहित ग्रामीण विकास कार्यक्रमों पर डेटा एकत्र किया जाता है और प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा निर्दिष्ट गांवों की सामाजिक-आर्थिक और भूमि सुधार संबंधी रिपोर्ट तैयार करते समय उपयोग में लाया जाता है। इन रिपोर्टों के आधार पर केंद्र ने 'भारत में भूमि सुधार' की एक सीरीज और 'ग्रामीण भारत की सामाजिक-आर्थिक रूपरेखा' की तीन सीरीज प्रकाशित की हैं। केंद्र के अन्य प्रकाशनों में पुस्तकें, लेख, शोध पत्र शामिल हैं और सबसे महत्वपूर्ण सेज प्रकाशन, नई दिल्ली से प्रकाशित इस क्षेत्र के विशेषज्ञों द्वारा समीक्षा किया जाने वाला जर्नल ऑफ लैंड एंड रूरल स्टडीज है जोकि उपर्युक्त विषयों पर विचारों को प्रकट करने और उनको साझा करने का अंतरराष्ट्रीय प्लेटफार्म है। भूमि प्रशासन और ग्रामीण विकास पर विचारों का नियमित आदान-प्रदान करने हेतु यह केंद्र कार्यशालाएं भी आयोजित कर रहा है।

<u>वर्ष के दौरान गतिविधियाँ</u>

(क) प्रशिक्षण कार्यक्रम

बी.एन. युगांधर ग्रामीण अध्ययन केंद्र अकादमी द्वारा आयोजित फाउंडेशन कोर्स और आईएएस व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के दौरान सक्रिय रूप से सम्मिलित होता है। इस वर्ष के दौरान केंद्र ने निम्नलिखित प्रशिक्षण गतिविधियां आयोजित कीः

(i) <u>आईएएस व्यावसायिक पाठ्यक्रम चरण- I</u>

- *<u>लैंड एडमिनिस्ट्रेशन मॉड्यूल:</u> वर्ष* 2020 बैच के 182 आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों को अकादमिक काउंसिल के सदस्यों (एसीएम) द्वारा अनुमोदित डिजाइन के अनुसार लैंड एडमिनिस्ट्रेशन मॉडयूल दिए गए।

सुश्री आनंदी, उप निदेशक (वरिष्ठ) एवं केंद्र निदेशक, बी एन युगांधर ग्रामीण अध्ययन केंद्र द्वारा कक्षा सत्र

- <u>भूमि सर्वेक्षण पर व्यावहारिक प्रशिक्षण:</u> केंद्र ने भारतीय सर्वेक्षण, देहरादून और जिला सर्वेक्षण और सेटलमेंट कार्यालय, देहरादून के साथ समन्वय करते हुए आईएएस व्यावसायिक पाठ्यक्रम फेस- I (2020 बैच) के लिए 'सर्वेक्षण तकनीकों का परिचय' विषय पर व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में पारंपरिक और आधुनिक सर्वेक्षण साधनों और राजस्व सर्वेक्षण के दौरान उनकी उपयोगिता पर ध्यान केंद्रित किया गया।

भूमि सर्वेक्षण पर व्यावहारिक प्रशिक्षण के दौरान की फोटोग्राफ

ii) <u>आईएएस व्यावसायिक पाठ्यक्रम के तहत जिला प्रशिक्षण के लिए ग्राम अध्ययन असाइनमेंट (वीएसए)</u>

- <u>ग्राम अध्ययन असाइनमेंट :</u> ग्राम अध्ययन असाइनमेंट प्रशिक्षण के दूसरे चरण के दौरान आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों को दिए गए जिला प्रशिक्षण असाइमेंट का प्रमुख हिस्सा है। वर्ष के दौरान, केंद्र को 2019-21 बैच के आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों से 182 सामाजिक-आर्थिक (एसई) और भूमि सुधार (एलआर) रिपोर्टें प्राप्त हुई। इन रिपोर्टों का मौजूदा स्थिति, सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक विश्लेषण एवं गरीबी उन्मूलन संबंधी पहलों की जांच-पड़ताल और मूल्यांकन किया गया। ये मूल्यांकन श्रेष्ठ रिपोर्टों की पहचान करने में मुख्य भूमिका निभाते हैं और बाद में ग्रामीण भारत के सोश्यो-इकोनोमिक प्रोफाइल ऑफ रूरल इंडिया के संपादित वॉल्यूम्स में संकलन, संपादन और प्रकाशन के लिए उपयोग में लाए जाते हैं। अब तक इन वॉल्यूम्स की तीन श्रृंखलाएँ प्रकाशित हो चुकी हैं।

- <u>देशान्तर अध्ययन:</u> आईएएस अधिकारी प्रशिक्षुओं (2020-22 बैच) के माध्यम से केंद्र ने तत्कालीन आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा 1990 से 2009 के बीच अध्ययन किए गए गांवों की विधिवत पहचान करते हुए 65 गांवों में अध्ययन किया है। इन अध्ययनों का उद्देश्य पिछले दो/तीन दशकों के दौरान चुनिंदा गांवों में हुई विकास की प्रगति को देखना था। गरीबी, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, भूमि सुधार और पंचायती राज संस्थाओं जैसे विभिन्न मुद्दों को शामिल किया गया। आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों की रिपोर्ट में तुलनात्मक और विश्लेषणात्मक तस्वीर उभर कर सामने आएगी जो मूल रूप से शिक्षाविदों और योजनाकारों के लिए अधिक उपयोगी होगी। इन रिपोर्टों में उल्लिखित सिफोरिशों के आधार पर विभिन्न मंत्रालय जरूरत पड़ने पर अपनी विभिन्न योजनाओं के प्रभाव की मॉनीटरिंग कर सकते हैं।

- <u>ग्रामीण परिवारों की एथनोग्रफिक स्टडी (ईएसआरएच)</u>: ग्राम अध्ययन असाइनमेंट के तहत निष्पादित गतिविधियां और रिपोर्ट/केस अध्ययन न केवल एक समुदाय के रूप में गांव/ग्रामीणों के विकास को दर्शाते हैं, बल्कि चुनिंदा परिवारों के विकास को भी दर्शाते हैं। चूंकि अधिकांश डेटा आम तौर पर समय-बिंदु पर आधारित होता है, एक देशांतर एथनोग्राफिक स्टडी केवल तभी

संभव है जब समान गांवों और समान परिवारों को अलग-अलग समय-बिंदुओं पर कवर किया जाता है। इसी दृष्टिकोण के साथ बी.एन. युगांधर ग्रामीण अध्ययन केंद्र ने इस वर्ष से अनुसंधान रणनीति अपनाई और डिजाइन की है, जिसमें "निर्धनतम लोगों" पर केस स्टडी के बजाय "ग्रामीण परिवारों की एथनोग्राफिक स्टडी (ईएसआरएच)" तैयार करने का कार्य राज्यवार एक अधिकारी प्रशिक्षु को आवंटित किया गया है। इस गुणात्मक शोध का उद्देश्य घरों की 'रोजमर्रा की वास्तविकताओं' का अवलोकन करना और परिवारों परिवर्तन की प्रक्रियाओं को समझना और बड़े पैमाने पर 'समुदाय' में 'विकासात्मक' परिवर्तनों का पता लगाना है।

(iii) फाउंडेशन कोर्स के लिए फील्ड अध्ययन एवं अनुसंधान कार्यक्रम (एफएसआरपी)

फील्ड अध्ययन और अनुसंधान कार्यक्रम (एफएसआरपी) में तीन गतिविधियां शामिल हैः कक्षा इनपुट, फील्ड अध्ययन और अधिकारी प्रशिक्षुओं द्वारा प्रस्तुत रिपोर्टों, प्रस्तुतियों और फिल्मों का मूल्यांकन। 96वें फाउंडेशन कोर्स के दौरान निम्नलिखित कार्य किए गएः

क) फील्ड अध्ययन और अनुसंधान कार्यक्रम का योजना चरण

- ‘फील्ड अध्ययन और अनुसंधान कार्यक्रम मैनुअल’ को अधिकारी प्रशिक्षुओं के लिए संदर्भ दस्तावेज के रूप में दोबारा डिजाइन किया गया।

- फील्ड अध्ययन और अनुसंधान कार्यक्रम के संचालन के लिए 4 राज्यों (बिहार, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड) के 16 जिलों के 80 सीमावर्ती गांवों का चयन किया गया। संबंधित जिलाधिकारी से संपर्क किया गया और बीओपी का चयन करने के लिए अर्ध-सैन्य बलों के साथ समन्वय करने का अनुरोध किया गया।

- अधिकारी प्रशिक्षुओं के उप-समूह (प्रति समूह 6-8 सदस्य) प्रत्येक जिले के लिए एक ग्रुप लीडर (जीएल) और प्रत्येक गांव के लिए एक सब-ग्रुप लीडर (एसजीएल) के साथ बनाए गए।

- अधिकारी प्रशिक्षुओं को मॉक अभ्यास के बाद कक्षा कक्ष के माध्यम से सहभागी शिक्षण और कार्रवाई (पीएलए) तकनीकों से संबंधित जानकारी दी गयी।

एफएसआरपी (96वें एफसी) के ब्रीफिंग सत्र के दौरान अधिकारी प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए अकादमी के निदेशक श्री श्रीनिवास आर. कटिकिथाला

ख. फील्ड अध्ययन और अनुसंधान कार्यक्रम का निष्पादन चरण

- यह सुनिश्चित किया गया कि फील्ड अध्ययन और अनुसंधान कार्यक्रम के संचालन के दौरान अधिकारी प्रशिक्षु संबंधित गांवों में रहें, ग्रामीणों और प्रारंभिक स्तर के पदाधिकारियों के साथ बातचीत करें और पीएलए/एफजीडी अभ्यास करेंगे। उन्हें अर्ध-सैन्य बलों के अधिकारियों और सैनिकों के साथ पेट्रोलिंग और नए साल के जश्न के लिए बीओपी पर भी ले जाया गया।

- अकादमी के संकाय सदस्य और बी. एन. युगांधर ग्रामीण अध्ययन केंद्र के अधिकारियों ने फील्ड में अधिकारी प्रशिक्षुओं द्वारा संचालित गतिविधियों की निगरानी के लिए विभिन्न गांवों का दौरा किया। वे फील्ड में प्रवास के दौरान अधिकारी प्रशिक्षुओं के सामान्य व्यवहार और आचरण पर भी ध्यान देते हैं।

- अधिकारी प्रशिक्षुओं के प्रत्येक उप-समूह ने फील्ड में ग्रामीणों के साथ गतिविधियों को दर्शाने और ग्रामीण जीवन को दर्शाने के लिए विस्तृत फील्ड अध्ययन और अनुसंधान रिपोर्ट और फिल्म तैयार की।

ग. फील्ड अध्ययन और अनुसंधान कार्यक्रम का समापन चरण

- सभी उप-समूहों ने अपने क्षेत्रीय अध्ययनों के आधार पर प्रस्तुतियाँ दीं। इनका मूल्यांकन अकादमी के संकाय सदस्यों और बीएनवाई-सीआरएस के अधिकारियों द्वारा किया गया।

- विभिन्न उप-समूहों द्वारा प्रस्तुत फील्ड अध्ययन और अनुसंधान रिपोर्ट का मूल्यांकन बीएनवाईसीआरएस अधिकारियों द्वारा किया गया था। ये रिपोर्टें अब बीएनवाईसीआरएस रिपोजिटरी का हिस्सा हैं।

- चुनिंदा उप-समूहों को उनकी प्रस्तुतियों और रिपोर्टों की गुणवत्ता के आधार पर स्वर्ण पदक, रजत पदक और कांस्य पदक से सम्मानित किया गया।

- चुनिंदा उप-समूहों को उनके द्वारा निर्मित फिल्मों की गुणवत्ता और कवरेज के आधार पर उपयुक्त नकद पुरस्कार भी प्रदान किए गए। ये फिल्में अब बीएनवाईसीआरएस की रिपोजिटरी का हिस्सा हैं।

(ख) चरण- II और चरण- III के बीच अधिकारियों के साथ निरंतर जुड़ाव

वर्ष के दौरान बीएनवाईसीआरएस ने थीम के रूप में 'वन संबंधी अधिनियमों और जनजातीय अधिकारों पर इनके प्रभाव' को अधिकारियों के लिए चुना। व्यापक विषय के तहत विभिन्न उप-विषयों की पहचान की गई और उपलब्ध पठन सामग्री (प्रासंगिक अधिनियम/नीति/योजना/सलाह आदि) तैयार की गई। संबंधित मंत्रालयों/संगठनों के अधिकारियों के संपर्क विवरण भी सूचीबद्ध किए गए।

(ग) अनुसंधान अध्ययन/परियोजनाएँ

क्र.स.	**शीर्षक**	**स्थिति**
1	गोवा के डिजिटल लैंड रिकार्डस माडर्नाइजेशन प्रोग्राम (डीआईएलआरएमपी) का प्रभाव आकलन	पूर्ण
2	मिजोरम के डिजिटल लैंड रिकार्डस माडर्नाइजेशन प्रोग्राम (डीआईएलआरएमपी) का प्रभाव आकलन	पूर्ण
3	लक्षद्वीप के डिजिटल लैंड रिकार्डस माडर्नाइजेशन प्रोग्राम (डीआईएलआरएमपी) का प्रभाव आकलन	पूर्ण

(घ) अन्य शोध अध्ययन

क्र.स.	**शीर्षक**	**स्थिति**
1	महाराष्ट्र में अनुसूचित जनजाति और अन्य पारंपरिक वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम - 2006 और संशोधन नियम - 2012 के कार्यान्वयन की स्थिति	ड्राफ्ट रिपोर्ट तैयार की जा रही है
2	हिमाचल प्रदेश में अनुसूचित जनजाति और अन्य पारंपरिक वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम - 2006 और संशोधन नियम - 2012 के कार्यान्वयन की स्थिति	ड्राफ्ट रिपोर्ट प्राप्त हुई

(ङ) प्रकाशन: वर्तमान और आगामी

क्र.स.	**शीर्षक**
वर्तमान प्रकाशन	
1	मध्य प्रदेश के डिजिटल लैंड रिकार्डस माडर्नाइजेशन प्रोग्राम (डीआईएलआरएमपी) का प्रभाव आकलन
2	उत्तर प्रदेश के डिजिटल लैंड रिकार्डस माडर्नाइजेशन प्रोग्राम (डीआईएलआरएमपी) का प्रभाव आकलन
3	कर्नाटक के डिजिटल लैंड रिकार्डस माडर्नाइजेशन प्रोग्राम (डीआईएलआरएमपी) का प्रभाव आकलन
4	बिहार के डिजिटल लैंड रिकार्डस माडर्नाइजेशन प्रोग्राम (डीआईएलआरएमपी) का प्रभाव आकलन
5	गुजरात के डिजिटल लैंड रिकार्डस माडर्नाइजेशन प्रोग्राम (डीआईएलआरएमपी) का प्रभाव आकलन
6	सिक्किम के डिजिटल लैंड रिकार्डस माडर्नाइजेशन प्रोग्राम (डीआईएलआरएमपी) का प्रभाव आकलन
7	मणिपुर के डिजिटल लैंड रिकार्डस माडर्नाइजेशन प्रोग्राम (डीआईएलआरएमपी) का प्रभाव आकलन
8	उत्तराखंड के डिजिटल लैंड रिकार्डस माडर्नाइजेशन प्रोग्राम (डीआईएलआरएमपी) का प्रभाव आकलन

आगामी प्रकाशन	
1	पंजाब के डिजिटल लैंड रिकार्डस माडर्नाइजेशन प्रोग्राम (डीआईएलआरएमपी) का प्रभाव आकलन
2	राजस्थान के डिजिटल लैंड रिकार्डस माडर्नाइजेशन प्रोग्राम (डीआईएलआरएमपी) का प्रभाव आकलन
3	पश्चिम बंगाल के डिजिटल लैंड रिकार्डस माडर्नाइजेशन प्रोग्राम (डीआईएलआरएमपी) का प्रभाव आकलन
4	केरल के डिजिटल लैंड रिकार्डस माडर्नाइजेशन प्रोग्राम (डीआईएलआरएमपी) का प्रभाव आकलन
5	महाराष्ट्र के डिजिटल लैंड रिकार्डस माडर्नाइजेशन प्रोग्राम (डीआईएलआरएमपी) का प्रभाव आकलन
6	मिजोरम के डिजिटल लैंड रिकार्डस माडर्नाइजेशन प्रोग्राम (डीआईएलआरएमपी) का प्रभाव आकलन
7	गोवा के डिजिटल लैंड रिकार्डस माडर्नाइजेशन प्रोग्राम (डीआईएलआरएमपी) का प्रभाव आकलन
8	लक्षद्वीप के डिजिटल लैंड रिकार्डस माडर्नाइजेशन प्रोग्राम (डीआईएलआरएमपी) का प्रभाव आकलन
9	हैंड बुक आन लैंड सर्वे इन इंडिया
10	सोश्यो-इकोनोमिक प्रोफाइल आफ रूरल इंडिया (सीरीज IV)
11	पंजाब में नेशनल जेनेरिक डाक्युमेंट रजिस्ट्रेशन सिस्टम (एनजीडीआरएस) का प्रभाव आकलन
12	झारखंड में नेशनल जेनेरिक डाक्युमेंट रजिस्ट्रेशन सिस्टम (एनजीडीआरएस) का प्रभाव आकलन
13	जर्नल आफ लैंड एंड रूरल स्टडीज (वाल्यूम 10, अंक 2: जुलाई 2022)

(च) पुरानी रिपोर्टों का डैशबोर्ड और डिजिटीकरण

वर्ष के दौरान बीएनवाईसीआरएस ने निम्नलिखित उद्देश्यों के साथ आईटी परियोजना शुरू की है:

- विभिन्न बैचों के अधिकारी प्रशिक्षुओं द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट और भरी हुई अनुसूचियों के डिजिटीकरण माध्यम से सामाजिक-आर्थिक (एसई) रिपोर्टों और भूमि सुधार (एलआर) रिपोर्टों की एकल डिजिटल रिपोजिटरी तैयार करना।

- अच्छी तरह से व्यवस्थित उपयोगकर्ता-अनुकूल डैशबोर्ड और डाटाबेस तैयार करना; इससे प्रशासकों को निर्णय लेने में सुविधा होगी और शोधकर्ताओं/शिक्षाविदों द्वारा भविष्य के अनुसंधान के लिए इसका उपयोग किया जाएगा।

यह विचार है कि प्रशासकों को उनके क्षेत्र (राज्य/जिला/गांव) में विकास योजनाओं के प्रभाव की जांच करने में सुविधा हो सके। वे बेहतर कार्यान्वयन (यदि आवश्यक हो) के लिए रणनीतिक निर्णय को तरजीह दे सकते हैं। साथ ही, दुनिया भर में शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों, डेटा वैज्ञानिकों आदि को भविष्य के अनुसंधान के लिए डेटा निकालना आसान होगा, और जिन संस्थानों/विश्वविद्यालयों के साथ अकादमी या उसके केंद्रों ने समझौता ज्ञापन किया है, उनसे डेटा प्राप्त करने का अनुरोध किया जा सकता है, अनुसंधान कार्य किए जा सकते हैं और नीतिगत सुझाव प्राप्त हो सकते हैं।

(छ) जर्नल आफ लैंड एंड रूरल स्टडीज

जर्नल ऑफ लैंड एंड रूरल स्टडीज, विशेषज्ञों द्वारा समीक्षा की गई पत्रिका, वर्ष 2012 से केंद्र की ओर से सेज पब्लिकेशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रकाशित की जा रही है। इसमें भूमि सुधार, भूमि प्रशासन और प्रबंधन, ग्रामीण विकास, ग्रामीण बुनियादी ढांचे और औद्योगीकरण, माइक्रो-वित्त/ऋण आदि जैसे विषयों पर लेख, नीतिगत संक्षिप्त विवरण, वर्किंग पेपर्स, पुस्तक समीक्षा आदि और इन क्षेत्रों से संबंधित नीतियां, योजनाएं और कार्यक्रम शामिल हैं। इस जर्नल के पास कमेटी ऑन पब्लिक इथिक्स (सीओपीई) की सदस्यता है। यह प्रिंट (आईएसएसएन: 2321-0249) और ऑनलाइन (आईएसएसएन: 2321-7464) में उपलब्ध है। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वर्तमान में इसका सर्कुलेशन लगभग 10,446 है। पिछले कैलेंडर वर्ष के दौरान जर्नल प्लेटफॉर्म से जर्नल की पूरी सामग्री के उपयोग और डाउनलोड की संख्या 9,145 रही है।

वर्ष के दौरान जर्नल ऑफ लैंड एंड रूरल स्टडीज के निम्नलिखित खंड और अंक प्रकाशित किए गए हैं:

<u>वॉल्यूम 9 अंक 2 (जुलाई 2021)</u>: इसमें शामिल लेख और पुस्तक समीक्षा निम्नलिखित हैं:

1. लैंड टेन्योर, लैंड प्रोपर्टी राइट्स एंड एडोप्शन आफ बायो-फोर्टिफाइड कसावा इन नाइजीरिया: पालिसी इम्प्लीकेशंस-कोलापो एडेटोमीवा, एबिंबोला एस्थर इसेओलुवा और ओमिलाजू सैमुअल बाबाटुंडे
2. डिस्ट्रेस माइग्रेशन अमंग अल्ट्रा पुअर हाउसहोल्ड्स इन वेस्टर्न ओडिशा - एस.एन. त्रिपाठी

3. अनरैवेलिंग दी मल्टीफेसेटिड डेवेलपमेंट कांसेक्वेसेंसिज आफ एग्रीकल्चरल लैंड ग्रैबिंग आन रूरल माइग्रेंट वीमेन इन घाना- मोहम्मद अबुबकरी, विक्टोरिया मेन्सा न्यामादी और पैट्रिक अरहिन
4. इम्पैक्ट आफ इम्प्रूड एग्रीकल्चर टेक्नालाजी यूज आन हाउसहोल्ड इनकम इन इस्टर्न इथोपिया: एमपाइरीकल इविडेंस फ्राम ए प्रोपेन्सिटी स्कोर मैचिंग एस्टीमेशन - मुलुकेन जी. वर्दाफा, जेमल वाई. हसन, गेटाचेव एस. एंड्रिस, चान्यालेव एस. अवेके, डेरेजे के. मोजेस और डेबेबे टी. रोरिसा
5. इरीगेशन एंड इनक्लुजिवनेस इन हैल्थ: ए स्टडी आफ टू विलेजज इन ईस्ट कर्नाटक - सुमा स्कारिया
6. अवेलेबलिटी एंड स्पैटियल इनइक्वलिटी आफ रूरल इंफ्रास्ट्रक्चर इन जंगल महल ब्लॉक्स आफ पुरूलिया डिस्ट्रिक्ट, इंडिया-उत्तम कुमार पात्रा और सुमन पॉल
7. सिक्योरिंग इनसिक्योर लिवलीहुड थ्रू ग्रुप साइनर्जीज: द केस आफ वाइलेंट नमताला ट्रांसबाउंड्री वैटलैंड इन रूरल इस्टर्न यूगांडा - कॉन्स्टेंस मुडोंडो, रॉबर्ट कबुम्बुली और दाउदा वैस्वा बटेगा
8. क्लाइमेंट चेंज अडेपटेशन इन अक्रोपोंग, घाना: एक्सपीरियंसिज आफ फीमेल स्मालहोल्डर फामर्स- माइकल एडैनी, जॉर्ज एफ़ा सर्पोंग और जोनास अयारबिला अकुड्गु
9. एपीजे अब्दुल कलाम और सृजन पाल सिंह की पुस्तक 'टारगेट 3 बिलियन (पीयूआरए: इनोवेटिव सॉल्यूशंस टूवर्ड्स सस्टेनेबल डेवलपमेंट)' की समीक्षा भास्कर कुमार काकाती द्वारा की गई।

<u>वॉल्यूम 10 अंक 1 (जनवरी 2022)</u> : इसमें शामिल लेख और पुस्तक समीक्षा निम्नलिखित हैं:

1. धान खरीद में प्रक्रिया और कमियाँ: मीनल करणवाल* द्वारा महाराष्ट्र के भंडारा जिले की एक केस स्टडी
2. पांचवीं अनुसूची क्षेत्रों में भूमि शासन: छत्तीसगढ़ राज्य का महत्वपूर्ण विश्लेषण- नायकरा वीरेशा
3. विकास, समृद्धि और आकांक्षाएँ: नोएडा के पेरी-शहरी क्षेत्रों से एक कथा- भावना बाली और नेहा भाटिया
4. परिवारों की गरीबी को खत्म करने में वित्तीय समावेशन की भूमिका: घाना के ग्रामीण वा पश्चिमी जिले से साक्ष्य-एडम्स नुहू टिम्बिले और रिचर्ड एंजेलस कोटे
5. उप-सहारा अफ्रीका ग्रामीण भूमि बाजारों में महिलाओं की कार्यकाल सुरक्षा की प्रकृति क्या है? नाइजीरिया से कुछ साक्ष्य- ओ.ओलायेमी सोनी
6. तंजानिया के दक्षिणी हाइलैंड्स में मकेटे जिले के लुपिला वार्ड में भूमि-उपयोग की गतिशीलता - फरजा सांगा, एम्मा टी. लिवेंगा और एवरिस्टो हॉले

7. कैटरीना पिस्टोर की पुस्तक 'द कोड ऑफ कैपिटल रिव्यूड' की समीक्षा सी. ई. अजित कुमार द्वारा की गई*

* **नोट:** इस वर्ष से बीएनवाईसीआरएस ने आईएएस व्यावसायिक पाठ्यक्रम चरण- II को पूरा करने के लिए आवश्यकताओं की आंशिक पूर्ति में अधिकारी प्रशिक्षुओं द्वारा प्रस्तुत शोध प्रबंधों का प्रकाशन शुरू कर दिया है। पुरस्कृत निबंधों को संबंधित अधिकारी प्रशिक्षुओं द्वारा शोध पत्रों के रूप में संक्षिप्त रूप में और दोबारा लिखा जाता है। 2019-2021 बैच के प्रशिक्षु अधिकारी का यह पेपर उसी कवायद का परिणाम है।

नेशनल जेंडर और चाइल्ड सेंटर

• **केंद्र का नाम:**
नेशनल जेंडर और चाइल्ड सेंटर

• **केंद्र निदेशक का नाम:**
सुश्री दिशा पन्नू

• **नेशनल जेंडर और चाइल्ड सेंटर की संक्षिप्त पृष्ठभूमि**:

यह केंद्र 1995 में स्थापित किया गया था। इस केंद्र का मुख्य लक्ष्य सरकार में नीतिगत मामलों, कार्यक्रम निर्धारण और कार्यान्वयन में जेंडर तथा बाल अधिकारों को मुख्यधारा से जोड़ना है। नेशनल जेंडर और चाइल्ड सेंटर अकादमी के तत्वावधान में एक क्षमता निर्माण केंद्र है, जो जेंडर को मुख्यधारा से जोड़ने के जनादेश और जेंडर समानता और बाल अधिकारों पर काम करने वाले विभिन्न संस्थानों के साथ तालमेल बनाने की प्रतिबद्धता से प्रेरित है।

इस दिशा में काम करते हुए, केंद्र, शुरुआत से ही प्रशिक्षणों (विषयगत कार्यशालाओं, कार्यक्रमों और प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षण सहित), ज्ञान रिपोजिटरी के विकास (सामग्री विकास, ऑनलाइन पाठ्यक्रमों का विकास, कार्यक्रमों और मॉड्यूल की डिजाइनिंग) और नीति निर्माताओं के लिए प्रकाशन कार्य सक्रिय रूप से करता रहा है। इन दोनों कार्यों का उद्देश्य के केवल जेंडर संवेदनशीलता को बढ़ाना है बल्कि जेंडर विश्लेषण और जेंडर योजना के लिए क्षमताओं में वृद्धि करना भी है।

केंद्र की स्थापना के बाद से, केंद्र ने लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के सभी पाठ्यक्रमों में जेंडर प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक सम्मिलित किया है जिसमें अखिल भारतीय/केंद्रीय सेवाओं के अधिकारियों के लिए विभिन्न पहलुओं पर कार्यक्रम आयोजित करने के अलावा सभी स्तरों पर आईएएस अधिकारियों के लिए प्रेरण प्रशिक्षण और सेवाकालीन मिड-करियर प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल हैं।

2021-2022 में, इस केंद्र द्वारा निम्नलिखित परियोजनाएं/गतिविधियाँ शुरू की गईं:

क. प्रशिक्षण:

घरेलू हिंसा से निपटने में सुरक्षा अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम:-

घरेलू हिंसा से निपटने के लिए सुरक्षा अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम (एक सप्ताह के गहन कार्यक्रमों के चार सेट) नेशनल जेंडर और चाइल्ड सेंटर, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी और राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू), नई दिल्ली द्वारा आयोजित किए गए।

केंद्र ने इस परियोजना को घरेलू हिंसा के स्पष्ट और सूक्ष्म कारणों पर प्रकाश डालते हुए डिजाइन, विकसित और शुरू किया और सुरक्षा अधिकारियों को अधिनियम के तहत प्रदत्त उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों की स्पष्ट रूपरेखा के बारे में बताया गया। इस दौरान, विषयों विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया जिन्होंने ऐतिहासिक निर्णयों सहित सभी अधिनियम प्रावधानों पर सुरक्षा अधिकारियों का मार्गदर्शन किया। वर्चुअल प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नानुसार आयोजित किए गए:

- उत्तर प्रदेश (बैच 1) – 28 जून से 2 जुलाई, 2021
- हरियाणा (बैच 2) – 05 से 09 जुलाई, 2021
- उत्तर प्रदेश (बैच 3) – 12 से 16 जुलाई, 2021
- उत्तर प्रदेश (बैच 4) – 26 से 30 जुलाई, 2021

1. पोषण अभियान पर ध्यान केंद्रित करते पोषण चुनौतियों से निपटने के उपाय - 07 अक्टूबर, 2021:- भारत द्वारा पोषण माह मनाए जाने के संदर्भ में, नेशनल जेंडर और चाइल्ड सेंटर, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी ने 07 अक्टूबर, 2021 को "पोषण अभियान पर ध्यान केंद्रित करते हुए पोषण चुनौतियों से निपटने के उपाय" विषय पर कार्यशाला का आयोजित की। कार्यक्रम का लक्ष्य पोषण संबंधी चुनौती और प्रारंभिक बाल्यावस्था के विकास के महत्व के संबंध में जागरूकता और जानकारी बढाना था।

2. समावेशी समाज की ओर:- अधिकारी प्रशिक्षुओं के लिए चल रहे 96वें फाउंडेशन कोर्स में, नेशनल जेंडर और चाइल्ड सेंटर ने डिकंस्ट्रक्शन मॉड्यूल के तहत जेंडर संवेदनशीलता पर सत्र तैयार, डिजाइन और शुरू किए गए है।

ख. प्रकाशन:

1. घरेलू हिंसा से निपटने के लिए प्रशिक्षण मॉड्यूल:- राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) के सहयोग से सुरक्षा अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम के आधार पर, घरेलू हिंसा की रोकथाम और संबंधित कानूनी प्रावधानों के कार्यान्वयन के समय सुरक्षा अधिकारियों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने में उनकी क्षमताओं को बेहतर बनाने के लिए प्रशिक्षण मॉड्यूल भी डिजाइन किया गया है। यह मॉड्यूल प्रशिक्षण कार्यक्रमों के दौरान प्रतिभागियों द्वारा साझा की गई समेकित प्रतिक्रिया, साझा ज्ञानार्जन और सर्वोत्तम प्रथाओं का परिणाम है। सुरक्षा अधिकारियों के प्रशिक्षण के उद्देश्य से विकसित

मॉड्यूल, राज्यों में सुरक्षा अधिकारियों की क्षमताओं को बढ़ाने और फैसिलिटेटर्स, प्रशिक्षकों और संस्थानों के लिए त्वरित संदर्भ के लिए उपयोगी हैं।

2. महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हिंसा पर केस स्टडीज (वीएडब्ल्यू एंड सी):- नेशनल जेंडर और चाइल्ड सेंटर ने महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हिंसा पर केस स्टडीज का संग्रह तैयार किया है। प्रत्येक केस स्टडी के साथ विस्तृत शिक्षण नोट्स होते हैं जो प्रशिक्षकों के लिए मार्गदर्शक का कार्य करते हैं। इस सार-संग्रह को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, राष्ट्रीय महिला आयोग, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग और सभी राज्य महिला आयोगों, बाल अधिकार संरक्षण के लिए राज्य आयोगों, महिला एवं बाल विकास और समाज कल्याण विभागों में परिचालित किया गया था ताकि विषय की समग्र समझ को बढ़ाने के अलावा अधिनियमों और नियमों को लागू करने में चुनौतियों और शक्तियों के बारे में जानकारी प्रदान की जा सके।

ग. जारी परियोजना:-

1. किशोर न्याय अधिनियम पर विशेष ध्यान देते हुए बाल अधिकारों पर ऑनलाइन पाठ्यक्रम - कार्यरत अधिकारियों के लिए किशोर न्याय अधिनियम पर 3 सप्ताह का ऑनलाइन पाठ्यक्रम डिजाइन और विकसित किया जा रहा है। प्रत्येक सप्ताह में एक मॉड्यूल को कवर किया जाएगा, जिसमें मॉड्यूल के लिए विषय के एक विशिष्ट आयाम को शामिल किया जाएगा। प्रत्येक सप्ताह/मॉड्यूल के अंत में, प्रमाणपत्र देने के लिए आवश्यक सभी मॉड्यूल के अपेक्षित आउटपुट की तुलना में ज्ञानार्जन का आकलन करने हेतु मूल्यांकन किया जाएगा। मॉड्यूल को अकादमी के ज्ञान पोर्टल पर उपलब्ध कराया जाएगा और भविष्य में यह सरकार के आई-गॉट प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध होगा।

2. पोषण अभियान पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत में पोषण चुनौती से निपटने के लिए ऑनलाइन पाठ्यक्रम- नीति निर्माताओं और प्रशासकों के लिए एक ऑनलाइन पाठ्यक्रम मॉड्यूल विकसित करना, जिसे आई-गॉट प्लेटफॉर्म पर अपलोड किया जाएगा। यह पाठ्यक्रम भारत में महिलाओं और बच्चों में कुपोषण की समस्या के समाधान के लिए डेटा और साक्ष्य के उपयोग के लिए नीति निर्माताओं और प्रशासकों की क्षमता बढाने में सहायता करेगा। नेशनल जेंडर और चाइल्ड सेंटर पोषण पाठ्यक्रम मॉड्यूल तैयार करेगा जो प्रतिभागियों को महिलाओं और बच्चों में कुपोषण की प्रकृति, कारणों और परिणामों को समझने में सहायता करेगा तथा कुपोषण से निपटने के सभी तरीकों की पता लगाएगा। यह पाठ्यक्रम संपूर्ण जीवन में कुपोषण के जेंडर संबंधी कारणों पर प्रकाश डालेगा।

3. निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के लिए क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम:-

नेशनल जेंडर और चाइल्ड सेंटर, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, राष्ट्रीय महिला आयोग के सहयोग से निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के लिए क्षमता विकास कार्यक्रमों को आयोजित करेगा। कार्यक्रम का लक्ष्य जेंडर को मुख्यधारा से जोड़ने के विषय पर महिला राजनीतिक सदस्यों के ज्ञान और समझ को बढ़ाना है।

सरदार पटेल नेतृत्व केंद्र

सरदार पटेल नेतृत्व केंद्र का उद्घाटन 31 अक्टूबर, 2021 को डॉ. जितेंद्र सिंह, माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान, प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष विभाग ने किया। इस केंद्र को सरदार वल्लभबाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में राष्ट्र को समर्पित किया गया।

केंद्र का लक्ष्य सिविल सेवकों की भावी पीढ़ियों के लिए क्षमता विकास की नींव रखना है ताकि वे दुनिया भर में नेतृत्व की सर्वोत्तम कार्यविधियों से ज्ञान प्राप्त कर सकें और साथ ही अपने सांस्कृतिक लोकाचार, मूल्यों और जमीनी स्तर पर जुड़े रहें। माननीय मंत्री महोदय ने कहा कि सुशासन के लिए फील्ड अधिकारियों के साथ-साथ नीति निर्धारण स्तर के अधिकारियों में भी अच्छे नेतृत्व कौशल की आवश्यकता है। सरदार पटेल नेतृत्व केंद्र का लक्ष्य भारत के सिविल सेवकों को निरंतर अध्ययन और ज्ञानार्जन के अवसर प्रदान करने के लिए संसाधन केंद्र के रूप में विकसित करना है।

इस केंद्र की स्थापना का लक्ष्य सिविल सेवकों को सरदार पटेल नेतृत्व केंद्र के साथ लगातार संपर्क में रहने में सक्षम बनाना है, यह एक ऐसी इकाई जो उन्हें अपने व्यक्तिगत लक्ष्य में बेहतर कौशल और मार्गदर्शन प्रदान कर सकती है।

कार्यशालाएँ और प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण (टीओटी) निम्नानुसार आयोजित किए गए:

- **पहला कॉमन मिड-करियर प्रशिक्षण कार्यक्रम (सीएमसीटीपी)-लीड- 26 - 2 नवंबर, 2021:**

  सीएमसीटीपी का पहला चरण 2000 और 2001 बैच के आईएएस अधिकारियों के लिए

आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का लक्ष्य विभिन्न सेवाओं के अधिकारियों को परस्पर नेतृत्व क्षमता बढ़ाने और अपने प्रतिभागियों के बीच राष्ट्रीय गौरव, मिशन और सौहार्द की भावना पैदा करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण सरकारी संगठनों का नेतृत्व करने के लिए एक मंच पर लाना है, जो सभी को ज्ञानार्जन, विकास के लिए अपनी टीमों का नेतृत्व करने में सक्षम बनाएगा और राष्ट्रीय आकांक्षाओं और लक्ष्यों को पूरा करेगा। इसका उद्देश्य उच्च स्तरीय नेतृत्व क्षमताओं का पता लगाना और उन्हें बेहतर बनाना है।

- **27 दिसंबर, 2021:** विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए लीडरशिप मॉड्यूल के डिजाइन और डिलिवरी के बारे में विचार-मंथन के लिए कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रशिक्षण के विभिन्न स्तरों पर आवश्यक नेतृत्व दक्षताओं की पहचान करना और प्रतिष्ठित संगठनों द्वारा प्रस्तावित नेतृत्व पाठ्यक्रम से इन दक्षताओं को जोड़ने के तरीकों पर विचार करना शामिल है। इस कार्यशाला में, सभी संकाय सदस्यों ने विभिन्न स्तरों के पाठ्यक्रमों के लिए चर्चा की और दक्षताओं की पहचान की और प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए लीडरशिप मॉड्यूल का मसौदा तैयार किया। इस कार्यशाला में 19 बाहरी विशेषज्ञों (ऑनलाइन और ऑफलाइन) और इन-हाउस संकाय ने भाग लिया।
- **18-19 जनवरी, 2022:** समावेशी नेतृत्व पर ऑनलाइन टीओटी आयोजित किया गया और इसमें बाहरी विशेषज्ञों और इन-हाउस संकाय ने भाग लिया। यह 27 दिसंबर, 2021 को आयोजित नेतृत्व कार्यशाला के बाद आयोजित किया गया।
- **18-20 फरवरी, 2022:** अनुभवी समन्वयकों के लिए अवधारणाओं को संशोधित करने और नए संकाय सदस्यों को अवधारणाएं समझने में मदद करने के उद्देश्य से 96वें फाउंडेशन कोर्स के अधिकारी प्रशिक्षुओं के लिए अंतिम नेतृत्व मॉड्यूल आयोजित करने से पहले संकाय और बाहरी विशेषज्ञों के लिए प्रशिक्षकों का पुनश्चर्या प्रशिक्षण (टीओटी) निर्धारित किया गया है। टीओटी ऑफलाइन के साथ-साथ ऑनलाइन भी आयोजित किया जाएगा।
- **21-22 फरवरी, 2022:** लीडरशिप मॉड्यूल 96वें फाउंडेशन कोर्स के अधिकारी प्रशिक्षुओं के लिए निर्धारित है जो बाहरी विशेषज्ञों और इन-हाउस संकाय द्वारा संचालित किया जाएगा। इस मॉड्यूल का उद्देश्य सभी स्तरों पर आवश्यक नेतृत्व कौशल को बढ़ाना है।

फूड प्लेनेट और स्वास्थ्य केंद्र (सीएफपीएच)

भारतीय खाद्‌य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने अकादमी के सार्वजनिक प्रणाली प्रबंधन केंद्र के साथ साझेदारी से वर्ष 2019 में फूड प्लेनेट और स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना की थी।

केंद्र का मुख्य उद्‌देश्य सिविल सेवकों में समग्र रूप से विचार करने और कार्य करने की क्षमता पैदा करना तथा लोगों और प्लेनेट दोनों के लिए हितकारी खाद्‌य नीतियां और क्रियाकलापों को बढ़ावा देना है। केंद्र जागरूक करने वाली कार्यशालाओं के माध्यम से दीर्घकालिक खाद्‌य प्रणालियों, खाद्‌य सुरक्षा, पोषण और जन स्वास्थ्य पर इंडक्शन लेवल के साथ-साथ सेवाकालीन स्तर पर सिविल सेवकों को प्रशिक्षण प्रदान करने का कार्य कर रहा है तथा कोर्सों में विस्तृत प्रशिक्षण मॉड्‌यूल्स को सम्मिलित कर रहा है।

केंद्र के कार्यकारी निदेशक: श्री विजय बी. वसंत

2021-2022 के दौरान आयोजित गतिविधियाँ

26 *अप्रैल* 2021 *को सुश्री ऋजुता पांडव द्‌वारा ईट राइट इंडिया मूवमेंट का अवलोकन*

लक्ष्य समूह: *123*वें इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम के पदोन्नत आईएएस अधिकारी

कार्यक्रम समन्वयक: सुश्री मोनिका धामी

प्रतिभागियों की संख्या: *67*

कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं

सुश्री रिजुता पांडव, डिप्टी लीड, एफएसएसएआई फूड फोर्टिफिकेशन रिसोर्स सेंटर (एफएफआरसी)

फूड प्लेनेट और स्वास्थ्य केंद्र द्‌वारा 26 अप्रैल, 2021 को ऑनलाइन मोड के माध्यम से 123वें इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागियों के लिए ईट राइट इंडिया पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। सत्र का उद्‌देश्य प्रतिभागियों को ईट राइट इंडिया पहल की व्यापक रूपरेखा समझाना था, जिसे भारतीय खाद्‌य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने देश में सुरक्षित, पौष्टिक और स्वास्थ्यवर्द्‌धक आहार सुनिश्चित करने के लिए शुरू किया गया। भारतीय खाद्‌य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के फूड फोर्टिफिकेशन रिसोर्स सेंटर (एफएफआरसी) की डिप्टी लीड सुश्री रिजुता पांडव के नेतृत्व में प्रशिक्षण सत्र में इस बात पर प्रकाश डाला गया कि ईट राइट इंडिया आंदोलन तीन स्तंभों पर किस प्रकार आधारित है यानी सुरक्षित, स्वास्थ्यकर और चिरस्थायी भोजन खाने पर बल दिया गया जिसमें मिलावट से बचना, विषाक्त औद्‌योगिक ट्रांस वसा को खत्म करना, नमक, चीनी और सेचुरेटिड वसा की खपत को कम करना, ईट राइट कैंपस, एफओएसटीएसी और फूड फोर्टिफिकेशन आदि

जैसी पहल शामिल हैं, जो असुरक्षित भोजन, अस्वास्थ्यकर आहार और पर्यावरण की महत्वपूर्ण समस्याओं के समाधान में सहायक हैं। चूँकि प्रतिभागी नीति निर्माता हैं और दिन-प्रतिदिन के आधार पर लोगों से जुड़ते हैं और उनके खान-पान और संबंधित समस्याओं की बेहतर समझ रखते हैं, इसलिए सुरक्षित, पौष्टिक एवं स्वास्थ्यवर्द्धक आहार के बारे में चर्चा से भोजन संबंधी नीतियों और कार्यों, लोगों और प्लेनेट दोनों के लिए सुरक्षित और स्वस्थकर आदतों, को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। सत्र का समापन उचित खान-पान पर संक्षिप्त प्रश्नोत्तरी के साथ हुआ, इसके बाद वार्तालाप आधारित प्रश्नोत्तरी सत्र हुआ जिसमें प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दिया गया।

26 अगस्त, *2021* को सुश्री ऋजुता दिवेकर द्वारा रात्रिभोज से पहले की गई वार्ता

लक्ष्य समूह: मिड-करियर प्रशिक्षण कार्यक्रम के चरण-*IV* के *15*वें दौर के प्रतिभागी

कार्यक्रम समन्वयक: श्री. विजय बी. वसंत

प्रतिभागियों की संख्या: *49*

कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं



सुश्री रिजुता दिवेकर,
पोषण विशेषज्ञ

सुश्री रिजुता दिवेकर, सेलिब्रिटी पोषण विशेषज्ञ को अकादमी में मिड-करियर प्रशिक्षण कार्यक्रम के चरण-IV के 15वें दौर के प्रतिभागियों के बीच पोषण और स्वस्थ खान-पान की आदतों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 26 अगस्त, 2021 को आमंत्रित किया गया। उन्होंने समग्र जीवनशैली हासिल करने के लिए उचित और स्वस्थ खान-पान के महत्व पर जोर दिया और कुछ खाद्य पदार्थों के बारे में कई मिथकों को खारिज किया। उन्होंने अंतराल के साथ उपवास जैसे आहार संबंधी रुझानों पर अपने विचार साझा किए और पारंपरिक खाद्य पदार्थों से संबंधित उपलब्ध सामग्री के अध्ययन पर जोर दिया जो स्वस्थ शरीर और मस्तिष्क के लिए स्वदेशी भाषाओं में उपलब्ध है। उन्होंने स्वास्थ्यवर्द्धक भोजन को प्रोत्साहित करने के लिए स्थानीय और मौसमी भोजन खाने पर जोर दिया और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से व्यायाम करने के स्वास्थ्य लाभों के बारे में बताया। सुश्री दिवेकर ने प्रतिभागियों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की और भोजन संबंधी उनकी गलतफहमियों को दूर किया।

"स्लिमिंग का मतलब कैलोरी कम करना नहीं है, बल्कि पोषण, शरीर की संरचना में सुधार करना और स्वास्थ्य के प्रति समग्र दृष्टिकोण अपनाना है। वजन घटाना एक गौण परिणाम है, लक्ष्य नहीं है,"

– सुश्री रिजुता दिवेकर

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में 10 अगस्त, 2021 को आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. सनंदन थपलियाल के विचार

लक्ष्य समूह: मिड-करियर प्रशिक्षण कार्यक्रम के चरण-*IV* के *15*वें दौर के प्रतिभागी

कार्यक्रम समन्वयक: श्री. विजय बी. वसंत

प्रतिभागियों की संख्या: *49*

कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं

डॉ. सानन्दनथपलियाल, आयुर्वेदिक चिकत्सक

अकादमी ने फूड प्लैनेट और स्वास्थ्य केंद्र के सहयोग से मिड-करियर प्रशिक्षण कार्यक्रम के चरण-IV के 15वें दौर के प्रतिभागियों के लिए 'आयुर्वेदिक कुकिंग - ईट राइट' विषय पर डॉ. सनंदन थपलियाल, एमडी (आयुर्वेदिक) के सत्र का आयोजन किया।

डॉ. थपलियाल ने वर्तमान भारतीय परिदृश्य में एफएसएसएआई की पहल ईट राइट इंडिया आंदोलन की आवश्यकता पर प्रस्तुति के साथ अपने विचार रखे; वर्तमान में देश संक्रामक से गैर-संचारी रोगों की ओर, महामारी विज्ञान में बदलाव के दौर से गुजर रहा है, इसमें विशेष रूप से आहार संबंधी बीमारियों की बढ़ती घटनाएं शामिल हैं।

उन्होंने स्वस्थ जीवन शैली के सिद्धांतों को समझाया, भोजन को और बेहतर बनाने और भोजन व पोषण की आयुर्वेदिक अवधारणा पर चर्चा की, उदाहरण के तौर पर स्वस्थ भोजन के लिए दस आयुर्वेदिक नियम, शरीर में मौजूद दोष के अनुसार भोजन को संतुलित करने के विषय में तार्किक रूप से बताया और शारीरिक जरूरतों और जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए आयुर्वेद की जीवन शैली अपनाने और उपवास पर चर्चा की। बातचीत संवादात्मक और जानकारी प्रदान करने वाली थी और प्रतिभागियों को उचित खान-पान की आयुर्वेदिक अवधारणा और दैनिक जीवन में इसके लाभों के बारे में जानने में मदद मिली। उन्होंने पूरे दिन के लिए ईट राइट मेनू तैयार करने में भी सहायता की।

10 अगस्त, 2021 को एमसीटीपी के चरण-IV के 15वें दौर के प्रतिभागियों को आयुर्वेद व्यंजनों को शामिल करते हुए भोजन परोसा गया

सुश्री इनोशी शर्मा, निदेशक, एफएसएसएआई द्वारा ईट राइट इंडिया मूवमेंट पर टीओटी का आयोजन

लक्ष्य समूह: संकाय सदस्य, केंद्रों के प्रतिनिधि सदस्य, अनुसंधान अध्येता और अकादमी के शिक्षण सहयोगी

कार्यक्रम समन्वयक: श्री. विजय बी. वसंत

प्रतिभागियों की संख्या: 24

कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं

सुश्री इनोशी शर्मा
निदेशक, एफएसएसएआई

फूड प्लेनेट और स्वास्थ्य केंद्र व भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा संयुक्त रूप से 16 जुलाई, 2021 को अकादमी में ईट राइट इंडिया मूवमेंट विषय पर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण (टीओटी) आयोजित किया गया।

सुश्री इनोशी शर्मा, निदेशक, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जिसमें अकादमी के सभी संकाय सदस्य, केंद्रों के प्रतिनिधि सदस्य, अनुसंधान अध्येता और शिक्षण सहयोगी शामिल थे।

प्रशिक्षण में एफएसएसएआई के मुख्य कार्यों, ईट राइट इंडिया मूवमेंट के नियामक ढांचे और विभिन्न ईट राइट इंडिया पहल जैसे खाद्य सुरक्षा रेटिंग और प्रमाणन, ईट स्मार्ट सिटीज चैलेंज, एफओएसटीएसी,

ईट राइट कैंपस, ईट राइट टूलकिट और फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स और फार्टिफिकेशन जैसे सामाजिक और व्यवहार परिवर्तन अभियान शामिल थे।

उन्होंने इस महत्वाकांक्षी आंदोलन के सफल कार्यान्वयन में क्षेत्रीय पदाधिकारियों की सक्रिय भागीदारी के महत्व को रेखांकित किया। सत्र के बाद प्रश्नोत्तर सत्र हुआ जिसमें संकाय सदस्यों ने सुश्री शर्मा के साथ बातचीत की।

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में 12 **अक्टूबर**, 2021 **को एफएसएसएआई का कोविड**-19 **एफओएसटीएसी कार्यक्रम का आयोजन**

लक्ष्य समूह: ऑफिसर्स मेस और विभागीय कैंटीन में कार्यरत व्यक्ति

कार्यक्रम समन्वयक: श्री. विजय बी.वसंत

प्रतिभागियों की संख्या: **40**

कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं

अकादमी के 20 खाद्य संचालकों को एफओएसटीएसी के पूरा होने पर भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के 'खाद्य सुरक्षा पर्यवेक्षक प्रमाणपत्र' से सम्मानित किया गया।

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के सहयोग से फूड प्लेनेट और स्वास्थ्य केंद्र ने 12 अक्टूबर, 2021 को लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी के ऑफिसर्स मेस और विभागीय कैंटीन में कार्यरत कार्मिकों के लिए एफओएसटीएसी कार्यक्रम के तहत बुनियादी खानपान में कोविड-19 केंद्रित खाद्य सुरक्षा पर्यवेक्षण स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया।

डॉ. पुलकित माथुर

लेडी इरविन कॉलेज, दिल्ली के खाद्य एवं पोषण और खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख डॉ. पुलकित माथुर प्रशिक्षण देने वाली मुख्य प्रशिक्षक थी। प्रशिक्षण में खाद्य सुरक्षा की समझ को बेहतर बनाना, एफएसएस अधिनियम, नियमों और विनियमों का व्यक्तिगत स्तर पर पालन करने का बेहतर वातावरण तैयार करना और अकादमी में खाद्य संचालकों द्वारा पालन की जाने वाली स्वच्छता आवश्यकताओं पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित किया गया।

भोजन प्रबंधनकर्ताओं का मूल्यांकन किया गया, उन्हें अंक प्रदान किए गए, उत्तीर्ण/असफल घोषित किया गया और इस प्रशिक्षण के सफल समापन पर एफओएसटीएसी प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

96वें फाउंडेशन कोर्स के अधिकारी प्रशिक्षुओं के लिए आयोजित फील्ड विजिट और अनुसंधान कार्यक्रम के दौरान भोजन संबंधी आदतों का आकलन

ग्रामीण वास्तविकताओं का बहुत बारीकी से अध्ययन करने के लिए अधिकारी प्रशिक्षुओं ने 96वें फाउंडेशन कोर्स के फील्ड विजिट और अनुसंधान कार्यक्रम के तहत छह समूह बनाकर उत्तर प्रदेश, राजस्थान, केरल, बिहार और उत्तराखंड के चयनित गांवों में 29 दिसंबर, 2021 और 8 जनवरी, 2022 के बीच एक सप्ताह का समय बिताया। फूड प्लेनेट और स्वास्थ्य केंद्र ने अधिकारी प्रशिक्षुओं को ग्रामीण आबादी के सामने खान-पान और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए एक प्रश्नावली साझा की। एकत्र किए गए आंकड़े केंद्र के लिए ग्रामीण लोगों के स्वास्थ्य और पोषण के संबंध में गांवों के वर्तमान परिदृश्य को समझने में सहायक हैं। इसकी मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं:-

राजस्थान: बीकानेर के 14 बीडी गांव और बाड़मेर जिले के ढोक इस अध्ययन का हिस्सा थे। मुख्य निष्कर्ष इस प्रकार हैं:

यह देखा गया है कि इन गांवों के निवासियों के पास विशिष्ट फोर्टिफाइड भोजन नहीं पहुंच पाता या वे फोर्टिफाइड भोजन का उपयोग करने वाले सार्वजनिक पोषण कार्यक्रमों के अंतर्गत नहीं आते हैं। इनमें स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं जैसे मधुमेह, हृदय संबंधी रोग, पानी में लवणता के कारण घुटने के जोड़ कमजोर होना और भोजन में विविधता न होना, बाजरा जैसी फसलों पर अत्यधिक निर्भरता पाई गई।

उत्तर प्रदेश: अध्ययन के लिए उत्तर प्रदेश के जनकपुर, भटगवां, मथुरा नगर और विष्णुपुर विश्राम गांवों को शामिल किया गया।

यह देखा गया कि मथुरा नगर और विष्णुपुर निवासियों को फोर्टिफाइड राशन प्रदान किया जाता है। आलू के अधिक सेवन से कार्बोहाइड्रेट की मात्रा अधिक होती है।

यहां के क्षेत्रीय और पारंपरिक व्यंजन काला नमक चावल (जीआई टैग), लिट्टी चोखा, रसीली आलू टमाटर की सब्जी, मटन करी, विभिन्न प्रकार के पराठे और

रोटियां हैं, मुख्य पारंपरिक व्यंजन चावल का माड़ है जिसका सेवन वे सुबह करते हैं। हालांकि, अब उनकी खान-पान की आदतें काफी हद तक उत्तर भारत के समान हैं। हरी पत्तेदार सब्जियों के कम सेवन के कारण पोषण विविधता में कमी है, जिससे आहार में आयरन की कमी हो जाती है। मधुमेह, रक्तचाप और कुपोषण जैसी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं देखी गई।

बिहार: अध्ययन के लिए बिहार के धूम नगर, पश्चिमी चंपारण को शामिल किया गया।

पौष्टिक (फार्टिफाइड) खाद्य पदार्थों की उपलब्धता नहीं पायी गई। स्थानीय फल लीची और आम हैं, क्षेत्रीय व्यंजन मालपुआ और बाटी चोखा हैं और पारंपरिक व्यंजन चंपारण मटन हैं, स्वास्थ्य समस्याओं में कार्बोहाइड्रेट युक्त और पोषक तत्वों की कमी के कारण कुपोषण व बौनापन शामिल है।

केरल: केरल के तिरुवनंतपुरम जिले का कल्लियूर गांव स्थानीय रूप से उगाई जाने वाली फसलें धान, पालक, सहजन, करेला, मटर हैं। टैपोइका पुझुक्कू, अवियाल, सांबर, मछली करी उनके पारंपरिक व्यंजन हैं। वे केरल कृषि विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया गया फोर्टिफाइड धान उगाते हैं।

उत्तराखंड: काशीपुर जिले का जुरका और उधम सिंह नगर जिले का सरपुरा

जुरका में देखी गई स्वास्थ्य चुनौतियाँ बच्चों में प्रोटीन की कमी है और सरपुरा में चीनी के अधिक सेवन के कारण प्री-डायबिटीज देखा गई है। जुरका गांव में पौष्टिक (फार्टिफाइड) भोजन की खपत देखी गई है।

अकादमी के लिए केंद्र द्वारा तैयार की गई कैलोरी की जानकारी से संबंधित मेनू पुस्तिका

Beverages

Juices

Juice	Quantity	Calories
Freshly Squeezed Fruit Juices	250 ml	125
Buransh Juice	5 ml	12
Fresh Lime Juice / Lime Water	200 ml	60
Vegetable Juice	250 ml	55
Aam Panna	250 ml	113
Lemon Squash	250 ml	708
Orange Squash	5 ml	7
Rooh-Afza	5 ml	21

Milkshakes

Milkshake	Quantity	Calories
Banana Shake	250 ml	230
Mango Shake	250 ml	191
Strawberry Shake	250 ml	162
Chocolate Shake	250 ml	239
Vanilla Shake	250 ml	365

Appetizers

Soups

Indian Shorba / Soup / Rasam	Quantity	Calories
Palak Shorba	150 ml	107
Dal Shorba	150 ml	79
Makai Ka Shorba	150 ml	55
Mutton Shorba	150 gm	71
Mulligatawny Soup	350 ml	125
Pepper Rasam	100 gm	48
Tomato Rasam	150 gm	43

Continental Soups	Quantity	Calories
Tomato Soup	150 ml	40
Mexican Soup	150 ml	94
Cream of Vegetable Soup	150 ml	68
Almonds Soup	150 ml	173
Minestrone Soup	250 gm	123
Wild Mushroom Soup	350 ml	407

विभिन्न कार्यक्रमों के प्रतिभागियों को भोजन और अल्पाहार के बारे में जानकारी और स्वास्थ्यप्रद खान-पान में सहायता के लिए मेनू से संबंधित कैलोरी कंटेंट

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के ईट राइट कैंपस सर्टिफिकेशन के नवीकरण की प्रक्रिया

अकादमी में उपलब्ध भोजन सुरक्षित, स्वास्थ्यवर्धक होना चाहिए, यह देखते हुए कि आहार संबंधी बीमारियाँ चिंताजनक रूप से बढ़ रही हैं, केंद्र ने अधिकारी मेस का स्व-मूल्यांकन किया और जाँच सूची के आधार पर कमियों और सुधार के क्षेत्रों की पहचान की। कमियों को दूर करने के लिए खाद्य सुरक्षा पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जल्द ही, अकादमी की मेस को ईट राइट कैंपस के रूप में प्रमाणित करने के लिए तीसरे पक्ष द्वारा उसका ऑडिट किया जाएगा।

96वें फाउंडेशन कोर्स के उद्घाटन के दौरान केंद्र द्वारा अधिकारी प्रशिक्षुओं को फूड जर्नल्स और ईट राइट लैपल पिन वितरण

फूड प्लेनेट और स्वास्थ्य केंद्र ने शिक्षा का प्रसार करने और सही खान-पान के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए फूड जर्नल और लैपल पिन वितरित किए, जो भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा 96वें फाउंडेशन कोर्स के अधिकारी प्रशिक्षुओं के लिए भेजे गए थे। ये उनके लिए अत्यन्त फायदेमंद हो सकते हैं। फूड जर्नल के माध्यम से उन्हें पूरे दिन के अपने खान-पान पर नज़र रखने, खान-पान की आदतों को बेहतर ढंग से समझने और यह पता लगाने में मदद मिलती है कि वे किन खाद्य पदार्थों के प्रति संवेदनशील हों। शोध अध्ययनों के अनुसार फूड जर्नल और खान-पान की स्वयं मानीटरिंग के माध्यम से वजन में भी काफी कमी की जा सकती है।

क्लब और सोसाइटियां

अकादमी में प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षु अधिकारियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना है। क्लब और सोसाइटियों के माध्यम से प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा विभिन्न इंडोर और आउट डोर कार्यकलाप आयोजित किए जाते हैं। इनका संचालन निदेशक नामिति के समग्र दिशानिर्देशन में प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा स्वयं ही किया जाता है। क्लब और सोसाइटियों की गतिविधियां स्व-अभिव्यक्ति और विकास के लिए प्रशिक्षु अधिकारियों को एक श्रेष्ठ माध्यम उपलब्ध कराती हैं। अपने सृजनात्मक कार्यों के माध्यम से प्रशिक्षु अधिकारी ऐसे कार्यकलाप आयोजित करते हैं जो मनोरंजन ही प्रदान नहीं करते बल्कि अकादमी के परिसरीय जीवन को भी समृद्ध करते हैं। सभी प्रशिक्षु अधिकारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे कार्यकलापों में सक्रिय रूप से भाग लें और सुविधाओं का सदुपयोग करें। क्लबों और सोसाइटियों के पदाधिकारियों का चुनाव प्रशिक्षु अधिकारियों में से ही किया जाता है किन्तु क्लब और सोसाइटियों के कार्यकलाप सभी प्रशिक्षु अधिकारियों के सहयोग और सहायता से चलाए जाते हैं। निदेशक नामिति/निदेशक सह नामिति क्लबों और सोसाइटियों के संचालन में और उनके द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों के आयोजन में आवश्यक दिशानिर्देश और सहायता देते हैं। संकाय सदस्य और उनके परिवार के सदस्यों को ऐसे सभी कार्यकलापों में प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाता है। उनके कार्यकलापों को चलाने के लिए क्लबों और सोसाइटियों को वार्षिक और द्वि-वार्षिक अनुदान दिए जाते हैं जिसे वे सदस्यता शुल्क के माध्यम से प्राप्त करते हैं। निदेशक के मूल्यांकन के भाग के रूप में पाठ्यक्रम के अंत में क्लबों तथा सोसाइटियों की गतिविधियों में भागीदारी का मूल्यांकन किया जाता है। क्लबों और सोसाइटियों के उद्देश्यों और गतिविधियों के संबंध में एक संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है।

साहसिक खेल क्लब

- समिति का गठन : 1 सचिव और 3 सदस्य
- निदेशक नामिति: डॉ. मिलिन्द रामटेके, उप निदेशक
- निदेशक सह नामिति: श्री हरि लाल चौहान

उद्देश्य:-

विभिन्न साहसिक खेलों का आयोजन करके प्रशिक्षु अधिकारियों के बीच साहस की भावना को उत्पन्न करना। क्रॉस कंट्री दौड़, घुड़सवारी प्रदर्शन, रिवर राफ्टिंग, पर्वतारोहण, रॉक क्लाइंबिंग, हैंग ग्लाइडिंग, पैरासेलिंग आदि जैसे साहसिक खेलों का समय-समय पर आयोजन करना।

गतिविधियां:-

साहसिक खेल क्लब का उद्देश्य प्रशिक्षु अधिकारियों के बीच साहसिक खेलों के प्रति उत्साह को बनाए रखना और बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रमों और गतिविधियों का आयोजन करना है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, क्लब द्वारा **"नाग टिब्बा का ट्रेक"** आयोजित किया गया। यहां प्रशिक्षु अधिकारियों ने कुछ संकाय सदस्यों के साथ हिमालय के नीचले भाग की चोटी पर चढ़ने में अपनी सहनशीलता का परीक्षण किया। साहस और मनोरंजन दोनों प्रकार का अनुभव प्रदान करने के लिए, क्लब ने पावन नगरी ऋषिकेश में **रिवर राफ्टिंग** का भी आयोजन किया।

कंप्यूटर सोसायटी

आईएएस व्यवसायिक पाठयक्रम चरण I (2021 बैच)

- इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) के अनुप्रयोगों पर "आईओटी - आधारित विवेकपूर्वक निर्णय" पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षु अधिकारियों को घटकों को इकट्ठा करने, "स्मार्ट सिटी" और स्मार्ट फार्मिंग" आईओटी समाधान के लिए घटकों को कॉन्फ़िगर करने के बारे में बताया गया।
- इंटेल द्वारा प्रस्तावित कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रशिक्षण मॉड्यूल पर फीडबैक प्रदान किए गए।
- नवोन्मेष क्लब के साथ, कंप्यूटर सोसाइटी ने लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में प्रयोग की जा रही प्रौद्योगिकियों में उत्कृष्टता लाने के लिए इंटेल और आईएसबी के साथ चर्चा की। कंप्यूटर सोसाइटी ने मसौदा ज्ञापन तैयार किया और आपसी दृष्टिकोण को समझने और मसौदा ज्ञापन को समेकित करने के लिए कई बैठकें आयोजित कीं।
- राइफल्स और तीरंदाजी क्लब के साथ मिलकर काउंटर स्ट्राइक टूर्नामेंट का आयोजन किया।
- जिन प्रशिक्षु अधिकारियों को आईसीटी व्यावहारिक सत्रों में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, उनकी सहायता के लिए आईसीटी बड्डी सिस्टम शुरू किया गया।
- प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए माइक्रोसॉफ्ट पावर बाई हैंड्स-ऑन सत्र का आयोजन किया गया।
- गूगल डेटा स्टूडियो का उपयोग करके एलपीएल बैडमिंटन और लॉन टेनिस इवेंट के लिए लाइव डैशबोर्ड बनाए गए।
- मेगा हैकथॉन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

आईएएस व्यवसायिक पाठ्यक्रम चरण ।। (2019-21 बैच)

- प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा आईटी से संबंधित सर्वोत्तम पहल के लिए सफल कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम में **135** प्रशिक्षु अधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।
- ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी में **120** प्रशिक्षु अधिकारियों ने भाग लिया।
- निम्नलिखित ऑनलाइन गेम आयोजित किए गए:
    - लूडो - **135** प्रशिक्षु अधिकारियों ने भाग लिया
    - शतरंज **- 25** प्रशिक्षु अधिकारियों ने भाग लिया
    - पोकर - **37** प्रशिक्षु अधिकारियों ने भाग लिया

ललित कला एसोसिएशन

उद्देश्य

ललित कला एसोसिएशन ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की व्यापक विविधता के माध्यम से प्रशिक्षु अधिकारियों को एक सूत्र में पिरोया जो समूह प्रतिभागिता पर आधारित थी। एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रमों ने प्रशिक्षु अधिकारियों में मैत्री-भाव को प्रोत्साहित किया तथा धर्म एवं भाषा की सीमाओं से आगे बढ़कर एकता का परिचय दिया।
सांस्कृतिक कार्यक्रमों से अनेक प्रशिक्षु अधिकारियों को उनके रचनात्मक पक्ष को उजागर करने का अवसर मिला। ललित कला एसोसिएशन विभिन्न विजिटिंग कलाकारों तथा समूहों के कार्यक्रमों का आयोजन करने में भी सक्रिय रूप से शामिल रही। ललित कला एसोसिएशन ने भारतीय वोकल म्यूजिक, गिटार तथा ड्रम के लिए पाठ्येतर मॉड्यूल्स भी आयोजित किए।

एफसी 96 2021

सदस्य	बसंत सिंह	
सदस्य	कैथरीन सारन्या ए	ई12

फेज-1 2021

सह निदेशक नामिति	हरि लाल चौहान	
सदस्य	अपर्णा एम बी	
सदस्य	टी प्रतीक राव	यू20

निदेशक नामिति	**आनंदी**	**-**		
2.	सह निदेशक नामिति	हरि लाल चौहान	-	
3.	लेखाकार	देव सिंह राणा	-	
4.	सचिव		ई02	
5.	सदस्य	श्रेष्ठ कुमार कृष्ण	बी29	
7.	सदस्य	रिया डाबी	303	
8.		खाली	-	

निदेशक नामांकित	**आनंदी**			
2.			-	
3.	लेखाकार	देव सिंह राणा	-	
4.	सचिव		डी20	
5.	सदस्य	वाई मेघा स्वरूप	वी29	
6.		शैलजा पांडे	जी22	
7.	सदस्य	पेद्दीति धात्री रेड्डी	एम10	

फिल्म सोसाइटी

टीआरपीसी के परिपत्र दिनांक 6 अप्रैल, 2021 के संदर्भ में, वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान फिल्म सोसाइटी द्वारा निम्नलिखित गतिविधियाँ आयोजित की गईं:

1. 2020-21 के दौरान, फाउंडेशन पाठ्यक्रम और आईएएस चरण- I के प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए सामाजिक मुद्दों सहित विभिन्न विषयों पर 22 फिल्में दिखाई गईं।
2. 2018 बैच के आईएएस चरण- II के प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए फिल्मों के विभिन्न ऑनलाइन क्विज़ कार्यक्रम आयोजित किए गए।
3. 96वें फाउंडेशन कोर्स के प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए मूवी रिव्यू प्रतियोगिता का आयोजन।
4. 2020 बैच के आईएएस चरण-I के प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए फिल्मों पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन।
5. 2020 बैच के आईएएस चरण-I के प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए फिल्म समीक्षा प्रतियोगिता और दम-चरास प्रतियोगिता का आयोजन।

अभिरूचि क्लब

उद्देश्य

1. विभिन्न अभिरूचियां जैसे - फोटोग्राफी, पेंटिंग, डाक टिकट संग्रह, पौधों के संग्रह में रुचि को विकसित करना, बढ़ावा देना और लोकप्रिय बनाना।
2. फिल्मों और गानों आदि पर आधारित प्रश्नोत्तरी।
3. अभिरूचि को बढ़ावा देने के लिए बातचीत, चर्चा, प्रदर्शनियों आदि की व्यवस्था करना और प्रशिक्षु अधिकारियों को सीखने और कुशल होने के लिए प्रोत्साहित करना।
4. विचारों के आदान-प्रदान के लिए मंच की तरह कार्य करना।
5. अभिरूचि को पूरा करने के लिए सामग्री एवं उपकरणों सहित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना।

गतिविधियों का विवरण

कोविड 19 महामारी के प्रकोप के कारण इस वितीय वर्ष (अप्रैल 2021 से मार्च 2022) के दौरान कोई गतिविधि आयोजित नहीं की गई।

इस अवधि में निदेशक नामिति श्री मिलिंद रामटेके, उप निदेशक और निदेशक सह नामिति में सुश्री अनुपम तलवार रही।

हाउस जर्नल सोसाइटी

हाउस जर्नल सोसाइटी

- कार्यकारी समिति का गठन : 1 सचिव और 4 सदस्य
- निदेशक नामिति: सुश्री अश्वथी एस., उप निदेशक (वरिष्ठ)

उद्देश्य

हाउस जर्नल सोसायटी की कार्यकारी समिति में एक सचिव और चार सदस्य होते हैं। हाउस जर्नल सोसायटी का सचिव सोसायटी की सभी गतिविधियों का समन्वयक होता है। सोसायटी प्रशिक्षु अधिकारियों और पूर्व प्रशिक्षुओं को उनके रचनात्मक और साहित्यिक कौशल दिखाने के लिए मंच प्रदान करती है। सोसायटी एक मासिक समाचार पत्र "311" भी प्रकाशित करती है। न्यूज़लेटर प्रशिक्षु अधिकारियों की भावना और उनके द्वारा किए गए प्रशिक्षण को दर्शाता है और इसे अकादमी और इसके संबंधित अनुसंधान केंद्रों को सॉफ्ट कॉपी के साथ-साथ प्रिंट में भी उपलब्ध कराया जाता है। हिमालय ट्रेक, ग्राम दौरा और भारत दर्शन पर विशेष अंक निकाले जाते हैं। फाउंडेशन पाठयक्रम और चरण-I के लिए संपादकीय टीम इन-हाउस न्यूज़लेटर डिज़ाइन करती है। रिप्रोग्राफी अनुभाग के माध्यम से प्रतियां अकादमी में ही मुद्रित की जाती हैं। इसके अलावा, हाउस जर्नल सोसाइटी अपने बैच की निर्देशिका तैयार करने का भी काम कर रही है जो सभी के लिए यादगार रहेगी।

नवोन्मेष क्लब- लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी

उद्देश्य

1. प्रशिक्षु अधिकारियों को प्रशासन में जमीनी स्तर के नवाचार के महत्व से अवगत कराना और उन्हें आसानी से प्रशासन करने के बारे में जागरूक करना।
2. लिंक पोर्टल की देखरेख एवं अपग्रेडेशन।
3. लिंक पोर्टल में पोस्ट की गई जरूरतों के लिए जमीनी स्तर के नवोन्वेषी विचार एकत्रित करना।
4. विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षु अधिकारियों और नवप्रवर्तकों के बीच वार्तालाप के लिए नवप्रवर्तन संगोष्ठी आयोजित करना।
5. नवप्रवर्तन प्रदर्शनियों का आयोजन।

6. क्लब की गतिविधियों में प्रशिक्षुओं अधिकारी की भागीदारी को बेहतर बनाने के लिए क्विज़ जैसे कार्यक्रम आयोजित करना।

96वां फाउंडेशन पाठयक्रम

96वें फाउंडेशन कोर्स के दौरान निदेशक नामिति और पदाधिकारी:

क्र.स.	भूमिका	पदाधिकारी का नाम
1.	**निदेशक नामिति**	**शैलेश नवाल**
2.	निदेशक सह नामिति	अमरजीत सिंह दत्त
3.	निदेशक सह नामिती	आजाद सिंह
4.	लेखाकार	अवध डाबास
5.	सदस्य	जयंत नाहट
6.	सदस्य	कंडारकर कमलकिशोर देशभूषण
7.	सदस्य	पूजा अशोक कदम
8.	सदस्य	आकाश शर्मा
9.	सदस्य	भरत सिंह
10.	सदस्य	वैभव जिंदल
11.	सदस्य	नीरजा अनिश शाह
12.	सदस्य	कंडारकर कमलकिशोर देशभूषण
13.	सदस्य	अक्षिता गुप्ता
14.	सदस्य	मिथुन प्रेमराज

क्लब द्वारा संचालित गतिविधियाँ

1. आइडियाथॉन:

19 जनवरी, 2022 को 'ग्राम' विषय पर आधारित नवाचार पर 'आइडियाथॉन' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

2. स्वयं सहायता समूह (एसएचजी):

महिला उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए लाल बहादुर राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में एसएचजी उत्पादों की स्टॉल प्रदर्शनी का आयोजन।

3. सीधी पहुंच:

ज्ञान पोर्टल पर ज़ूम के माध्यम से ऑनलाइन समूह बैठकों तक सीधी पहुंच की सुविधा।

4. <u>शासन में नवोन्मेष:</u>

28 जनवरी, 2022 को अटल इनोवेशन मिशन के निदेशक डॉ. चिंतन वैष्णव द्वारा 'शासन में नवान्मेष' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

5. <u>डेटा एनालिटिक्स मॉड्यूल:</u>

कार्नेगी मेलन विश्वविद्यालय ने बेहतर 'डेटा एनालिटिक्स मॉड्यूल' पर संकाय सदस्यों को सहयोग प्रदान किया।

आईएएस व्यावसायिक पाठ्यक्रम चरण-I

आईएएस व्यावसायिक पाठ्यक्रम चरण I (2021 बैच) के दौरान निदेशक नामिति और पदाधिकारी:

क्र.स.	**भूमिका**	**पदाधिकारी का नाम**
1.	**निदेशक नामिति**	**शैलेश नवाल**
2.	निदेशक सह नामिति	आजाद सिंह
3.	निदेशक सह नामिति	अमरजीत सिंह दत्त
4.	लेखाकार	अवध डबास
5.	सचिव	प्रतीक चन्द्रशेखर जुकर
6.	सदस्य	प्रतीक अशोक धूमल
7.	सदस्य	कैथरीन सरन्या ए.
8.	सदस्य	प्रखर जैन
9.	सदस्य	अवहद निवृत्ति सोमनाथ
10.	सदस्य	राकेश कुमार

चरण-I पाठ्यक्रम अभी भी चल रहा है। चरण-I पाठ्यक्रम पूरा होने के बाद गतिविधि विवरण टीआरपीसी अनुभाग को भेजा जाएगा।

मैनेजमेंट सर्किल

96वें फाउंडेशन कोर्स का प्रबंधन सर्कल 5 प्रशिक्षुओं अधिकारी का एक समूह था, इसमें प्रबंधन और नौकरशाही एवं शासन में इसके विभिन्न अनुप्रयोगों के बारे में जानकारी प्राप्त करने की उत्सुकता थी। टीम में सचिव के रूप में विनायक नरवाड़े और सदस्य के रूप में मीरा के., प्रतीक राव, दिव्यांशु चौधरी और चिंतानिधि शामिल थे। क्लब गतिविधियों के आयोजन में संकाय प्रभारी सुश्री सुनीता रानी और सुश्री अनुपम तलवार का मार्गदर्शन निरंतर मिलता रहा। टीम ने खेल, प्रतियोगिताओं और ट्रेजर हंट के माध्यम से प्रशिक्षुओं अधिकारी को केस स्टडीज, वित्त, व्यक्तिगत प्रबंधन आदि से परिचित कराने पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया। इसका उद्देश्य प्रशिक्षु अधिकारियों को बी स्कूल के माहौल जैसा महसूस कराए बिना प्रबंधन कौशल से रूबरू कराना था। महत्वपूर्ण तथ्य

यह है कि हम सभी स्वीकार करते हैं कि खेल की तुलना में प्रतियोगिताओं की तैयारी और व्यवस्था करना ज्यादा रूचिकर रहा। हालाँकि पहले से ही व्यस्त फाउंडेशन कोर्स के बीच समय की कमी होना स्वाभाविक था, फिर भी यथासंभव कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनका विवरण इस प्रकार है:

1. इस वर्ष मैनेजमेंट सर्कल की गतिविधियों को शुरू करने के लिए आईआईएम कलकत्ता और बिट्सोम की प्रोफेसर लीना चटर्जी द्वारा "प्रबंधन की कला" नामक स्व-प्रबंधन पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रोफेसर चटर्जी ने 37 वर्षों तक आईआईएम कलकत्ता में अध्यापन कार्य किया है, और अब सेवानिवृत्ति के उपरांत मुंबई में बिट्स स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में कार्यग्रहण किया है। उन्होंने स्व-प्रबंधन लोगों को समझने और पारस्परिक संबंधों के प्रबंधन पर पाठ्यक्रम का अध्यापन किया। प्रोफेसर चटर्जी को नेतृत्व और करियर प्रबंधन के क्षेत्र में विशेषज्ञ माना जाता है और उन्हें इसके लिए कई पुरस्कार भी प्राप्त हुए। इस कार्यक्रम में 70 से अधिक प्रशिक्षु अधिकारियों ने भाग लिया और इसकी काफी सराहना की गई।

2. प्रशिक्षुओं के विश्लेषणात्मक और स्थानिक प्रबंधन कौशल, समय प्रबंधन, समूह समन्वय और अंततः अवलोकन कौशल का परीक्षण करने के उद्देश्य से परिसर के अंदर ट्रेजर हंट का आयोजन किया गया। इसमें 120 प्रशिक्षु अधिकारियों की 30 से अधिक टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह मनोरंजक कार्यक्रम था और इससे प्रशिक्षुओं को अकादमी के विभिन्न प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष पहलुओं को जानने में मदद मिली, साथ ही उनकी विचारशीलता को भी प्रोत्साहन मिला।

3. पाठ्यक्रम का अंतिम कार्यक्रम श्री वरुण पाल द्वारा व्यक्तिगत वित्त प्रबंधन पर था। श्री वरुण पाल 18 वर्षों से निवेश सलाहकार हैं। उनके पास आईसीआईसीआई बैंक में काम करने का अनुभव है और वह एक निवेश परामर्श फर्म सिम्प्लीफाइजर्स के संस्थापक हैं। इस सत्र को प्रशिक्षुओं द्वारा बहुत सराहा गया, जिनमें से अधिकांश कहीं कार्यरत थे और उन्हें अपने व्यक्तिगत वित्त में निवेश और प्रबंधन पर मार्गदर्शन की आवश्यकता थी। आने वाले वर्षों में सभी प्रशिक्षुओं अधिकारी के लिए इस सत्र को अनिवार्य बनाने का अनुरोध किया जा रहा है।

इसके अलावा, सर्कल ने पानी के उपयोग, बिजली की खपत, अपशिष्ट पदार्थ और उनके प्रबंधन सहित परिसर में विभिन्न दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों पर सर्वेक्षण जारी करके प्रशिक्षु अधिकारियों के बीच स्थायी आदतों को बढ़ावा देने के लिए अधिकारी क्लब और प्रकृति प्रेमी क्लब जैसे अन्य क्लबों के साथ समन्वय किया। सर्कल के सदस्यों ने उन प्रशिक्षुओं अधिकारी की भी मदद की जिन्हें प्रबंधन मॉड्यूल में मार्गदर्शन की ज़रूरत थी।

गतिविधियों से हमें संतुष्टि प्राप्त हुई और हमें स्वयं के संगठनात्मक और प्रबंधन कौशल को सुधारने में मदद मिली और साथ ही प्रशिक्षु अधिकारियों को कुछ आवश्यक प्रबंधन कौशल के अनुकूल बनाया गया। सबसे बढ़कर, इससे हमें परिसर में चिर स्थायी मित्रता और यादें संजोने में मदद मिली।

प्रकृति प्रेमी क्लब

क्लब का नाम: प्रकृति प्रेमी क्लब

निदेशक के नामिति: श्री अभिराम जी. शंकर, उप निदेशक

पदाधिकारी: श्री हिमांशु गुप्ता, सचिव (चरण- I 2021 बैच)

श्री हिमांशु गुप्ता, सचिव (96वां फाउंडेशन पाठयक्रम)

श्री हरविंदर सिंह, सचिव (चरण- II 2019-21 बैच)

सुश्री अनामकिया रमेश, सचिव (चरण-I 2020 बैच)

सुश्री सरन्या आर, सचिव (95वां फाउंडेशन कोर्स)

प्रकृति प्रेमी क्लब द्वारा निम्नलिखित गतिविधियाँ आयोजित की गईं:

1. ग्राम और केवड़िया दौरे के दौरान प्रकृति फोटोग्राफी प्रतियोगिता आयोजित की गई और इसमें 100 से अधिक प्रशिक्षु अधिकारियों ने भागीदारी की।
2. श्री अभिराम जी. शंकर, उप निदेशक के नेतृत्व में दलाई हिल क्षेत्र में पक्षी अवलोकन दौरे का आयोजन किया गया (फरवरी की शुरुआत में)
3. 'अपनी प्रजातियों को जानें' नामक श्रृंखला शुरू की गई जिसमें प्रत्येक हाउस के प्रतीकों को चुना गया। हमने सभी 12 हाउसों के लिए खूबसूरती से डिज़ाइन किए गए फ़्लायर्स के रूप में बहुमूल्य जानकारी प्रदान की।
4. सप्ताहांत ट्रेक के दौरान स्फाप सेवा क्लब के साथ श्रमदान किया और मसूरी की सड़कों के किनारे से 260 किलोग्राम से अधिक कचरा एकत्र किया। (जनवरी के अंत में)
5. 'संवहनीय लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी' बैनर के तहत फॉर्म जारी किया गया और अकादमी को हरा-भरा और अधिक संवहनीय जगह बनाने के लिए कई मूल्यवान सुझाव प्राप्त हुए, इससे भविष्य के प्रशिक्षु अधिकारियों और योजना प्राधिकरणों को काफी सहायती मिलेगी। (जनवरी)

अधिकारी क्लब

- समिति का गठन: 1 अध्यक्ष, 1 सचिव और 6 सदस्य
- निदेशक नामिति: सुश्री दिशा पन्नू
- निदेशक सह नामिति: डॉ. अनुपम तलवार

उद्देश्यः

- अधिकारी क्लब ने अपने सभी सदस्यों अर्थात प्रशिक्षु अधिकारियों, सेवाकालीन पाठ्यक्रमों अर्थात चरण V, चरण IV, चरण III के प्रतिभागियों और अकादमी में संकाय सदस्यों को आउटडोर और इनडोर खेल सुविधाएं उपलब्ध करायीं।

- क्लब का मुख्य उद्देश्य सदस्यों को अधिक अवसर प्रदान करना है जिससे वे न केवल स्वास्थ्य और समग्र आत्मविश्वास पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं बल्कि बेहतर नेतृत्व कौशल और समूह में कार्य क्षमता विकसित कर सकते हैं।

- आउटडोर सुविधाओं में लॉन टेनिस, बास्केटबॉल और वॉलीबॉल, क्रिकेट, फुटबॉल स्केटिंग और एथलेटिक्स के आयोजन शामिल हैं। आउटडोर गतिविधियों में राइडिंग एस्टेबलिशमेंट शामिल है। घुड़सवारी के बुनियादी कौशल प्रदान करने के लिए अकादमी के पास 23 घोड़े हैं। विभिन्न पाठ्यक्रमों के प्रशिक्षु अधिकारियों और इच्छुक अधिकारियों को घुड़सवारी क्षेत्र (राइडिंग एरिना) में घुड़सवारी का प्रशिक्षण और अनुभव दिलाया जाता है। घुड़सवारी प्रशिक्षकों को राष्ट्रपति बॉडी गार्ड रेजिमेंट से प्रतिनियुक्ति पर बुलाया जाता है, यह रेजिमेंट भारतीय सेना की उत्कृष्ट घुड़सवार रेजिमेंट है।

- इनडोर खेल की सुविधाओं में बिलियर्ड्स, कैरम, तैराकी, शतरंज, स्नूकर, टेबल टेनिस, स्क्वैश, फ़ॉस्बॉल और बैडमिंटन शामिल हैं।

- खेल प्रशिक्षण के क्षेत्र में वोकल फॉर लोकल की अवधारणा का बढ़ावा देते हुए, गतिविधि सत्रों को रोचक, आकर्षक और मनोरंजक बनाने के लिए योग, ध्यान, एरोबिक्स और ज़ुम्बा के क्षेत्र में प्रशिक्षित प्रशिक्षकों को नियुक्त किया जाता है।

- क्लब में सभी समग्र सुविधाओं सहित जिमनेजियम है जिसकी सेवाएं वर्ष भर उपलब्ध रहती हैं।

गतिविधियाँ:

1. चरण-1 के प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए शार्ट ट्रेक की व्यवस्था की गई, इसके लिए दो मार्गों जॉर्ज एवरेस्ट और लाल टिब्बा को चुना गया।

2. चरण-1 के प्रतिभागियों के लिए अकादमी प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया जिसमें समिति द्वारा क्रिकेट, बैडमिंटन, शतरंज, लॉन टेनिस, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस और फॉस्बॉल जैसे सभी खेलों के मैच आयोजित किए गए। चरण 1 और चरण 3 के प्रतिभागियों के कुछ मैच सौहार्द बढ़ाने के लिए भी आयोजित किए गए।
3. भागीदारी और सौदार्यपूर्ण प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए चरण-1 के प्रशिक्षु अधिकारियों को गन हिल शूटर्स, दलाई हिल रेडर्स, जॉर्ज एवरेस्ट कॉन्करर्स और लाल टिब्बा वारियर्स नामक चार टीमों में बांटा गया। टीम में अपनेपन की भावना बनाए रखने के लिए प्रत्येक प्रशिक्षु अधिकारी को नाम और संख्या दर्शाने वाली 4 अलग-अलग रंगों की (प्रत्येक टीम के लिए अलग-अलग) टी-शर्ट दी गई।
4. पोलो ग्राउंड में एथलेटिक्स चैंपियनशिप भी आयोजित की गई जिसमें 11 ट्रैक इवेंट और 6 फील्ड इवेंट (पुरुष और महिला सहित) थे।
5. स्केटिंग के लिए एक अनुभवी और प्रशिक्षित प्रशिक्षक को भी 2020 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए नियुक्त किया गया।
6. अकादमी में एक नई बॉक्सिंग रिंग स्थापित की गई है जो राज्यसभा की माननीय सांसद और ओलंपिक पदक विजेता सुश्री एम.सी. मैरी कॉम की उपलब्धियों के लिए समर्पित है और उनके द्वारा इसका उदघाटन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर किया गया।

अधिकारी मेस

गतिविधियाँ

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी परिसर में अधिकारी मेस एक सम्मानजनक संस्था है। यह एक ऐसा स्थान है जहां व्यंजनों की विविधता के माध्यम से संस्कृति, परंपराएं, प्रथाएं तथा विश्वास एक साथ मिल जाते हैं। यह संस्था प्रशिक्षु अधिकारियों के बीच विश्वबन्धुत्व एवं भाईचारे की भावना को सदैव बढ़ावा देती है। मेस को अनिवार्य रूप से शिष्टाचार, आचार तथा सेवाओं के संदर्भ में उच्च मानक प्राप्त करना होता है। प्रत्येक प्रशिक्षु अधिकारी इस संस्था का अभिन्न हिस्सा होता है।

अधिकारी मेस का संचालन मेस समिति द्वारा किया जाता है। मेस समिति के सदस्य प्रशिक्षु अधिकारी होते हैं। मेस समिति में एक अध्यक्ष, एक सचिव, एक कोषाध्यक्ष तथा पांच अन्य सदस्य होते हैं जो स्वयं मैत्री भाव के अधारभूत विचार को बढ़ावा देने के लिए मिलजुल कर कार्य करते हैं।

मेस समिति अधिकारी मेस के निदेशक नामिति के समग्र दिशा-निर्देश तथा देख-रेख में कार्य करती है। मेस का संचालन हर समय मेस प्रबंधक, लेखाकार, स्टोर कीपर तथा पर्यवेक्षकों द्वारा किया जाता है। इस संस्था में अधिकारी मेस के कर्मचारी, कुक, सहायक, टेबल बीयरर, रूम बीयरर, स्वीपर तथा डिशवॉशर होते हैं।

अधिकारी मेस कर्मशिला, ज्ञानशिला तथा इंदिरा भवन परिसर में लगभग 700 लोगों को सेवाएं प्रदान करता है। अधिकारी मेस प्रतिभागियों को इस राष्ट्र के कोने-कोने के विभिन्न व्यंजन (मेस में तैयार किए गए) परोसता है। अधिकारी मेस सभी सेवाएं अपनी निम्नलिखित आउटलेट्स के माध्यम से प्रदान करता है।

- ए.एन.झा प्लाजा कैफे
- होम टर्फ केफेटेरिया
- सॉवेनियर शॉप, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी

कैलेंडर वर्ष 2021-22 के दौरान अधिकारी मेस के पदाधिकारी

आईएएस चरण I (2020-21 बैच)

निदेशक नामिति: श्री विजय बी. वसंत, प्रोफेसर, अर्थशास्त्र

निदेशक सह नामिति: श्री. अभिराम जी. शंकर, उप निदेशक

- तातिमाकुअल राहुल कुमार रेड्डी — अध्यक्ष मेस कमेटी
- अभिषेक कुमार — सचिव
- दीपक बाबूलाल कारवा — कोषाध्यक्ष
- नूपुर गोयल — सदस्य मेस कमेटी
- प्रियंका एस. — सदस्य मेस कमेटी
- हरजिंदर सिंह — सदस्य मैस कमेटी
- अभिनव कुमार सिंह. — सदस्य मेस कमेटी
- हेमन्त एन. — सदस्य मेस कमेटी

आईएएस चरण II (2020-21 बैच) ऑनलाइन

निदेशक नामिति: श्री विजय बी. वसंत, प्रोफेसर, अर्थशास्त्र

निदेशक सह नामिति: श्री हरि प्रकाश, प्रोफेसर

• प्रतीक बयाल	अध्यक्ष मेस समिति
• मो. सज्जाद पी.	सचिव
• अनुराज जैन	कोषाध्यक्ष
• हरविंदर सिंह	सदस्य मैस समिति
• सौरभ कुमार भुवानिया	लेखापरीक्षक, मेस समिति
• विकास मरमट	सदस्य मेस समिति
• राहुल जैन	सदस्य मेस समिति
• धर्मलाश्री	सदस्य मेस समिति
• डॉ. आनंद कुमार शर्मा	सह सदस्य, मेस समिति
• अक्षय सुनील अग्रवाल	सह सदस्य, मेस समिति
• विश्वदीप	सह सदस्य, मेस समिति

96वां फाउंडेशन पाठयक्रम

निदेशक नामिति: डॉ. सुनीता रानी, प्रोफेसर प्रबंधन

निदेशक सह नामिति: श्री हरि प्रकाश, प्रोफेसर

• शताब्दी मजूमदार	अध्यक्ष मेस समिति
• दिलप्रीत सिंह	सचिव
• पेमा थिनले	कोषाध्यक्ष
• एम.वी.एन.वी. लक्ष्मी सौजन्या	सदस्य मेस समिति
• अमन प्रकाश मीना	सदस्य मेस समिति
• चिंतानिधि के.	सदस्य मेस समिति
• संतोष एच.	सदस्य मेस समिति

आईएएस चरण I (2021-22 बैच)

निदेशक नामिति: डॉ. सुनीता रानी, प्रोफेसर, प्रबंधन

निदेशक सह नामिति: श्री हरि प्रकाश, प्रोफेसर

- शताब्दी मजूमदार — अध्यक्ष मेस समिति
- रेहान खत्री — सचिव
- यश जालुका — कोषाध्यक्ष
- सन्नी राज — सदस्य मेस समिति
- धीना दस्तगर — सदस्य मेस समिति
- सारा अशरफ — सदस्य मेस समिति
- पूजा गुप्ता — सदस्य मेस समिति

प्रमुख गतिविधियाँ:

1) प्रशिक्षु अधिकारियों की पोषण और स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए भोजन मेनू तैयार करना।
2) अधिकारी मेस के लिए कोरल से बनी नई क्रॉकरी खरीदना।
3) आंचलिक दिवस, भारत दिवस और राज्य दिवस का आयोजन करना।
4) क्षेत्रीय व्यंजन पेश किए गए।
5) प्रशिक्षु अधिकारियों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे खाना बनाना, बेकिंग, गोलगप्पा खाना आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।
6) 96वें फाउंडेशन पाठयक्रम से कक्षाओं, जिम और अन्य विभिन्न स्थानों पर फूड कार्ट की शुरुआत की गई।
7) 2021-23 के आईएएस चरण- I बैच में एक सप्ताह के लिए औपचारिक रात्रिभोज का आयोजन किया गया।
8) औपचारिक रात्रिभोज के लिए मेस कर्मचारियों को अनुचर वर्दी (बियरर यूनिफार्म) प्रदान की गई।
9) राज्य सरकार द्वारा घोषित कर्फ्यू के दौरान नोवेल कोरोना महामारी से बचाव के उपाय किये गये तथा छात्रावासों में भोजन की व्यवस्था की गई।
10) सॉविनियर शॉप में नया सामान उपलब्ध कराना। पुराने स्टॉक की बिक्री करने के लिए सॉविनियर शॉप में रियायती दरों पर बिक्री का भी आयोजन किया गया और अधिकारी मेस द्वारा खराब हो जाने वाली वस्तुओं की सेल भी लगाई गई।

11) 96वें फाउंडेशन कोर्स की मेस समिति ने प्रत्येक प्रशिक्षु अधिकारी से योगदान लेने की पहल की और उन मेस कर्मचारियों को नकद प्रोत्साहन प्रदान किया, जिन्होंने कोविड-19 के दौरान ड्यूटी थी।

अधिकारी मेस, हमेशा की तरह, अकादमी की सभी शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक गतिविधियों में ऊर्जा भरने, जीवंत रूप प्रदान करने और सुरसता लाने में सहायक रहा है।

राइफल एवं तीरंदाजी क्लब

क्लब और सोसायटी

- क्लब/सोसाइटी का नाम - राइफल एवं तीरंदाजी क्लब
- निदेशक नामिती - डॉ. सुनीता रानी
- पदाधिकारी
  - 96वां फाउंडेशन पाठयक्रम
    1. रिंकू (सचिव)
    2. स्वाति रत्ना (सदस्य)
    3. राजदीप सिंह (सदस्य)
    4. अभिषेक सैनी (सदस्य)
  - चरण-1
    1. मौ. हरीश सुमैर (सचिव)
    2. वैशाली जैन (सदस्य)
    3. राजदीप सिंह (सदस्य)
  - चरण-2

    ऑनलाइन

(क) 96वें फाउंडेशन पाठयक्रम में .22 राइफल और तीरंदाजी शूटिंग अभ्यास के उपरांत प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी। इसमें कुल 140 प्रशिक्षु अधिकारियों ने भाग लिया।

(ख) आई.ए.एस. चरण I (2021 बैच) में .22 राइफल और तीरंदाजी शूटिंग अभ्यास के उपरांत प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी। इसमें कुल 55 प्रशिक्षु अधिकारियों ने भाग लिया।

समकालीन क्रियाकलाप सोसाइटी

निदेशक नामिति – नितेश झा

निदेशक सह नामिति – डॉ. भावना पोरवाल

95वें फाउंडेशन कोर्स के दौरान, समकालीन क्रियाकलाप सोसाइटी ने अपनी गतिविधियाँ दीवाली प्रश्नोत्तरी के साथ शुरू कीं। यह एक खुली प्रश्नोत्तरी थी जिसमें सभी ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। दीवाली प्रश्नोत्तरी के बाद छात्रावासों के बीच प्रश्नोत्तरी का आयोजन हुआ जिसमें नर्मदा की टीम ने प्रथम पुरस्कार, कावेरी ने द्वितीय और हैप्पी वैली ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किए। नर्मदा की टीम में स्वीटी सहरावहत, जयदेव सीएस और विपुल खन्ना, कावेरी टीम में नवनीत मान, ऐश्वर्या शेरान एवं सौरव पांडे और हैप्पी वैली टीम में सुमित कार, विवेक के. वी. और एबिन बेनी शामिल रहे।

समकालीन क्रियाकलाप सोसाइटी ने राहुल सांकृत्यायन सोसाइटी के सहयोग से संगीत, पौराणिक कथा, मनोरंजन, साहित्य और कला जैसे विषयों पर मेला प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया। इसमें गुंजन सिंह, दिव्या शक्ति और शशांक शेखर ने सफलता प्राप्त की। द्वितीय और तृतीय स्थान पर मयंक मित्तल, निकिता जैन और प्रदीप सिंह; जतिन किशोर, युवराज सिद्धार्थ, अभिषेक ओसवाल सफल रहे।

समकालीन क्रियाकलाप सोसाइटी का अंतिम कार्यक्रम खेल प्रश्नोत्तरी जिसका आयोजन अधिकारी क्लब के साथ मिलकर किया गया। इसमें निखिल दूबे और श्रेष्ठा अनुपम को प्रथम, मानुष और मुत्तु एस. को तृतीय प्राप्त हुआ। तृतीय पुरस्कार शुभम और सचिन तथा जतिन और अरन्यक के बीच टाई रहा।

समाज सेवा सोसायटी

समाज सेवा सोसायटी द्वारा विभिन्न गतिविधियाँ:

समाज सेवा सोसाइटी में निदेशक नामिती (जो आमतौर पर एक उप निदेशक रैंक का अधिकारी होता है) सोसायटी का नेतृत्व करता है, वैकल्पिक नामिती, एक सचिव और चार सदस्य होते हैं। समिति के मामलों का प्रबंधन करने के लिए संबंधित पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों द्वारा सचिव और सदस्यों को विशेष पाठ्यक्रम (प्रशिक्षण बैच) के प्रतिनिधियों के रूप में चुना जाता है। निदेशक, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी और

निदेशक नामिति के मार्गदर्शन में, न केवल अकादमी के कर्मचारियों, बल्कि स्थानीय समुदाय के निवासियों के हित के लिए कई पहलें करने में सोसायटी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

वर्ष 2021-22 समाज सेवा सोसाइटी के लिए एक चुनौतीपूर्ण वर्ष था क्योंकि कोविड-19 ने सामाजिक जुड़ाव के साथ गतिविधियों के संचालन पर प्रतिकूल प्रभाव डाला। कोविड से संबंधित दिशानिर्देशों/निर्देशों को ध्यान में रखते हुए, सोसायटी ने अपनी नियमित गतिविधियाँ जैसे- ऑनलाइन/ऑफ़लाइन मोड में बालवाड़ी स्कूल का संचालन, होम्योपैथिक डिस्पेंसरी, जरूरतमंद श्रमिकों को वित्तीय सहायता, ट्यूशन कक्षाएं और सिलाई कक्षाएं आदि आयोजित कीं। उपरोक्त के अलावा, इस वर्ष सोसाइटी ने ऊन से बुना हुआ सामान बनाने के लिए महिलाओं का स्वयं सहायता समूह गठित किया ताकि वे आय अर्जित कर सकें जिससे उन्हें अपनी आजीविका में सुधार के लिए अधिक वित्तीय साधन मिल सकें।

कोविड महामारी ने हमारे जीवन को कई तरह से परिवर्तित किया। इससे भी अधिक, हमारे समाज के वंचित वर्गों को शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। ऑफ-लाइन कक्षाओं के रूक जाने से बच्चों का अध्ययन गंभीर रूप से बाधित हुआ। इस संदर्भ में, प्रशिक्षु अधिकारियों ने अपनी सामाजिक सेवा के तत्वावधान में 'सवेरा' (बढ़ती आकांक्षाओं के लिए स्वैच्छिक शिक्षा का सामाजिक कार्य) मुहिम की शुरूआत की। इसके लक्ष्य निम्नानुसार थे –

- अकादमी के आसपास रहने वाले वंचित बच्चों पर ध्यान केंद्रित करना, जिसमें मेस स्टाफ, सफाई कर्मचारी, संविदा मजदूर, दलाई हिल्स के पास, कचरा बीनने वाले परिवार आदि के बच्चे शामिल किए गए।
- 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले बच्चों पर विशेष ध्यान देना।
- सामान्य कक्षावार अध्ययन की परिपाटी की बजाय उचित शिक्षण पद्धतियों का पालन करते हुए ब्रिज पाठयक्रमों जैसे पाठ्यक्रम सुधार वाले बुनियादी मॉड्यूल का प्रयोग।
- आजीवन परामर्श - प्रत्येक प्रशिक्षु अधिकारी को कुछ छात्रों की जिम्मेदारी सौंपे जाएगी और ये प्रशिक्षु अधिकारी उनके संपूर्ण जीवन भर के लिए प्रवेश परीक्षाओं से संबंधित मार्गदर्शन, उनकी क्षमताओं के आधार पर भविष्य की संभावनाएं तलाशने के लिए परामर्शदाता बन सकते हैं और उन्हें सही करियर चुनने के लिए निर्देशित कर सकते हैं।
- 10वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए करियर से संबंधित परामर्श।
- कंप्यूटर कौशल, टाइपिंग इत्यादि के लिए विशेष कौशल कक्षाओं का आयोजन।

राहुल सांकृत्यायन भाषा मंच

<u>क्लब का नाम</u>- राहुल सांकृत्यायन भाषा मंच

<u>निदेशक नामिती का नाम</u>- श्री हरि प्रकाश

<u>निदेशक सह नामिती का नाम-</u> डॉ. भावना पोरवाल

<u>पदाधिकारी (96वें आधारिक पाठ्यक्रम 2021 बैच)</u>-

क्रम सं.	**प्रशिक्षु अधिकारी का नाम**	**पद**
1.	गौरव बुदानिया	सचिव
2.	सृष्टि सिंह	सदस्य
3.	आयुषी जैन	सदस्य
4.	सुनील	सदस्य
5.	सुमित कुमार पाण्डेय	सदस्य
6,	प्रकाश कुमार चौधरी	सदस्य
7.	गिरधारी लाल मीणा	सदस्य
8.	देवेन्द्र प्रकाश मीणा	सदस्य
9.	उर्वशी सेंगर	सदस्य
10.	विकास सेंथिया	सदस्य
11.	जितेंद्र कुमार मेहरा	सदस्य

<u>गतिविधियों का विवरण</u> - (96वें आधारिक पाठ्यक्रम 2021 बैच)

96वें आधारिक पाठ्यक्रम की गतिशील अवधि में राहुल सांकृत्यायन भाषा मंच ने विविध उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। निदेशक नामिती श्री हरि प्रकाश एवं सह. निदेशक नामिती डॉ. भावना पोरवाल के उत्कृष्ट मार्गदर्शन में, मंच में सम्मिलित प्रशिक्षु अधिकारियों ने जोर-शोर से अपनी प्रतिभागिता दर्ज की।

सर्वप्रथम भाषा मंच के द्वारा गांवों के परिप्रेक्ष्य में, कविता/ यात्रा वृतांत/ लेख/ कहानी/ संस्मरण, साहित्य की किसी भी एक विधा पर अपने भाव प्रदर्शित करने के उद्देश्य से "गांव बोलते हैं" प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता ग्राम भ्रमण के साथ एकीकृत थी, जिसका उद्देश्य प्रशिक्षु अधिकारियों के भीतर के लेखक को जन-जन तक पहुंचाना था। प्रतियोगिता के अंतर्गत भेजी जाने वाली प्रवृष्टियों को किसी भी भारतीय भाषा में प्रस्तुत करने का प्रावधान दिया गया था। साथ ही उन्हें समझने हेतु लेखन का एक छोटा सा सारांश अंग्रेजी में भेजना था।

वेलनटाइन दिवस के अवसर पर विशेष रूप से प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए ''ओपन माइक'' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें उन्हें कविता, गीत, ग़ज़ल, शायरी, प्रस्तुत करनी थी। प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा मंच पर विविध स्वलिखित एवं प्रचलित कविताओं, शायरी, गीत, ग़ज़ल की प्रस्तुति हुई।

भाषा मंच के द्वारा ग्राम भ्रमण से संबंधित तथा अन्य किसी विषय या शैली से जुड़ी कविता, कहानी, लेख भी आमंत्रित किए गए। इन सभी को भाषा मंच की ओर से प्रकाशित की जाने वाली पत्रिका में शामिल किया गया। प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रशिक्षु अधिकारियों की उत्कृष्ट रचनाओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय नकद पुरस्कार देकर उन्हें सम्मानित किया गया।

भाषा मंच द्वारा आयोजित सभी प्रतियोगिताओं में अधिकतम संख्या में प्रशिक्षु अधिकारियों ने भाग लिया तथा मंच के सदस्यों द्वारा सभी कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए गए।

एनआईसी प्रशिक्षण इकाई

एनआईसी प्रशिक्षण इकाई (एनआईसीटीयू), लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी अकादमी में आयोजित सभी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के दौरान अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारियों को सूचना और संचार प्रौद्योगिकी से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान करती है। 2021-22 के प्रशिक्षण कैलेंडर के दौरान निम्नलिखित पाठ्यक्रम और गतिविधियां आयोजित की गईं:

प्रशिक्षण:

आईएएस व्यावसायिक पाठ्यक्रम चरण-I (2020-21 बैच):	सत्र 14	प्रतिभागी 180
आईसीटी इनपुट: इंटरएक्टिव डैशबोर्ड क्रिएशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) का अवलोकन, ई-ऑफिस और प्रदर्शन का अवलोकन, पीएफएमएस, जीईएम, आधार, साइबर सुरक्षा, ई-गवर्नेंस एप्लिकेशन-डीबीटी, व्हाट-इफ-एनालिसिस, डिस्क्रिप्टिव सांख्यिकी और ग्राफिकल एनालिसिस, सर्वे एनालिसिस, टाइम वैल्यू ऑफ मनी, कैपिटल बजटिंग, रिलेशनल डेटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम का परिचय, प्राथमिक कुंजी अवधारणा के साथ मल्टीपल टेबल, डेटाबेस की एप्लिकेशन यूटिलिटी, एमएस प्रोजेक्ट का परिचय, प्रबंधन संकाय के साथ प्रोजेक्ट मूल्यांकन, एआई अनुप्रयोगों पर तकनीकी प्रदर्शन।		
चरण-III मिड करियर प्रशिक्षण कार्यक्रम (2021)	सत्र 06	प्रतिभागी 84
आईसीटी इनपुट: व्हाट-इफ-विश्लेषण, वर्णनात्मक सांख्यिकी और ग्राफिकल विश्लेषण, सर्वेक्षण विश्लेषण, धन और पूंजी बजट का समय मूल्य		
96वां फाउंडेशन पाठयक्रम (15 सप्ताह)	सत्र 06	प्रतिभागी 489
आईसीटी इनपुट:		

• डॉ. नीता वर्मा, महानिदेशक, एनआईसी मुख्यालय, दिल्ली द्वारा सरकार में प्रौद्योगिकी के उपयोग का बहु-आयामी अवलोकन • श्री आर एस मणि, डीडीजी और एचओजी (नेटवर्क) एनआईसी मुख्यालय, दिल्ली द्वारा ई-गवर्नेंस आईसीटी इन्फ्रास्ट्रक्चर और उभरते साइबर सुरक्षा खतरे। • श्री पवन कुमार जोशी, डीडीजी और प्रमुख (प्रौद्योगिकी सलाहकार समूह-टीएजी) एनआईसी मुख्यालय, दिल्ली द्वारा नेक्स्टजेन डिजिटल गवर्नमेंट। • डॉ. सीमा खन्ना, डीडीजी और एचओडी (मैसेजिंग और एसएमएस सेवाएं), एनआईसी मुख्यालय, दिल्ली द्वारा सरकारी संदेश सेवाएं • ई-गवर्नेंस एप्लिकेशन का एनाटॉमी: श्री पवन कुमार जोशी, डीडीजी और प्रमुख (प्रौद्योगिकी सलाहकार समूह-टीएजी) एनआईसी मुख्यालय, दिल्ली, श्री जॉयदीप शोम, डीडीजी, एनआईसी मुख्यालय, बी वेंकट रेड्डी, एसटीडी, एनआईसी तेलंगाना राज्य इकाई, हैदराबाद द्वारा ई-ट्रांसपोर्ट पर केस स्टडी		
आई.ए.एस अधिकारियों के लिए 123वां इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम	सत्र 01	प्रतिभागी 67
आईसीटी इनपुट: साइबर सुरक्षा		

- 2021 में 3 सप्ताह की अवधि के लिए 5 बैचों में 450 से अधिक डॉक्टरों, अनुसंधान अधिकारियों, पैरा मेडिकल स्टाफ और केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद (सीसीआरएच), शीर्ष निकाय आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के अधिकारियों के लिए डेटा विश्लेषण पर ऑनलाइन प्रशिक्षण आयोजित किया गया।
- 96वें फाउंडेशन पाठ्यक्रम के प्रशिक्षु अधिकारियों लिए डेटा एनालिटिक्स मास्टर सर्टिफिकेट (डीएमआरसी) प्रोग्राम पर मॉड्यूल आयोजित करने के लिए कार्नेगी मेलोन यूनिवर्सिटी-एडेलाइड, ऑस्ट्रेलिया (सीएमयू-ए) के साथ समन्वय किया गया। इसमें चार घटकों अर्थात् आधुनिक डेटा प्रबंधन, सार्वजनिक नीति के लिए एनालिटिक्स, बिजनेस इंटेलिजेंस और डेटा एनालिसिस और नागरिकों में डेटा संचालित नवाचार शामिल थे।

- 7 से 14 जुलाई 2021 तक डाटा एनालिटिक्स और डेटा विजुअलाइजेशन विषय पर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण (टीओटी) सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। टीओटी प्रतिभागियों अकादमी के संकाय सदस्य और अनुसंधान केंद्रों के सदस्य शामिल थे। डॉ. नीता वर्मा, डीजी एनआईसी, वरिष्ठ एनआईसी अधिकारियों और एनआईसीटीयू संकाय ने सत्र में संबोधित किया गया।

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में टीओटी

अपनाई गई कार्यविधि:

- व्याख्यान-सह-प्रदर्शन,
- कार्यशालाएं/गतिविधियां
- असाइनमेंट
- हैंड्स-ऑन लैब सत्र
- निबंध और प्रस्तुति
- केस स्टडीज
- एलएमएस के लिए प्रशिक्षण वीडियो और मूल्यांकन अभ्यास को क्यूरेट करना
- मूल्यांकन

ई-लर्निंग सामग्री :

- **संयुक्त फाउंडेशन कोर्स से पूर्व निम्नलिखित व्यापक श्रेणियों के तहत 72 आईसीटी विषयों पर तैयार की गई सामग्री। कंप्यूटर फंडामेंटल, स्टैंडअलोन कार्यालय अनुप्रयोग, ऑनलाइन सामाजिक सहयोग उपकरण और बैठक समाधान, प्रोपराइटरी वी/एस ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर, उभरती प्रौद्योगिकियों की बुनियादी बातें और सरकार/लोक प्रशासन में उनके अनुप्रयोग। मिशन कर्मयोगी के तहत भारत सरकार का ऑनलाइन पोर्टल आईजीओटी पर अपलोड करने के लिए ई-लर्निंग सामग्री उपलब्ध कराई गई।**
- दृष्टिबाधित अधिकारियों के लिए हिंदी में 72 वीडियो और मूल्यांकन और 06 वीडियो सत्र डिजाइन, क्यूरेट और अंतिम रूप से तैयार किए गए। ये वीडियो अकादमी की लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम ज्ञान पर अपलोड किए गए।

विकसित किए गए सॉफ्टवेयर :

- आयुर्वेद स्वास्थ्य केंद्र, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के लिए विकसित सॉफ्टवेयर में रोगी पंजीकरण, रोगी का पूर्ववृत्त सहित सुझाई गई दवा और फार्मेसी इन्वेंट्री सहित फार्मेसी काउंटर पर मॉड्यूल शामिल हैं।

कार्यशाला का आयोजन :

11 जनवरी 2021 को आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) के अनुप्रयोगों पर आईओटी-सक्षम स्मार्ट डिसिजन मेकिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। उन्हें घटकों को इकट्ठा करने, कॉन्फ़िगर करने और 'स्मार्ट सिटी' और 'स्मार्ट फार्मिंग' आईओटी सॉल्यूशन्स बनाने के बारे में बताया गया।

आईएएस चरण-I के लिए आईओटी कार्यशाला

प्रशिक्षण/कार्यशालाओं में निक्टू संकाय सदस्यों में प्रतिभागिता :

- फ्यूचर स्किल्स प्राइम कार्यक्रम (22-जून से 02-जुलाई 21) के तहत ऑगमेंटेड एंड वर्चुअल रियलिटी पर सीडैक पुणे के सरकारी अधिकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्री वी.के. तनेजा, प्रमुख, निक्टू ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।
- सीईआरटी-आईएन (साइबर क्षमता समूह) के साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण पर “अंडरस्टैंडिंग एमआईटीआरई डी3एफईएनडी फ्रेमवर्क” (18-24 अक्टूबर '21) और “इंसाइडर थ्रेट मैनेजमेंट के लिए लीडरशिप प्रोग्राम” (27 अक्टूबर, 21) श्री वी.के. तनेजा, प्रमुख, निक्टू ने भाग लिया।
- आईआईएम इंदौर द्वारा समझौता वार्ता (जुलाई 21) विषय पर आयोजित प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण (टीओटी) और लर्निंग जिम (जून 21) द्वारा अकादमी के संकाय सदस्यों के लिए आयोजित ‘फैसिलिटेट विद स्टोरीज़’ विषय पर श्री वी.के. तनेजा प्रमुख, निक्टू ने प्रतिभाग किया।
- श्री आजाद सिंह, तकनीकी निदेशक, एनआईसीटीयू ने 18 अक्टूबर 2021 को नई दिल्ली में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी का प्रतिनिधित्व करते हुए "साइबर अपराध की रोकथाम के लिए साइबर सुरक्षा का सुदृढ़ीकरण" विषय पर कार्यशाला में भाग लिया।

आईसीटी परामर्श, बुनियादी ढांचा, कार्यान्वयन और अकादमी के लिए समन्वय सहायता:

- अध्यक्ष निक्टु ने लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के सीआईएसओ के रूप में, अकादमी की कंप्यूटर सोसाइटी के लिए निदेशक नामिति के रूप में और अकादमी की अकादमिक परिषद में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में योगदान दिया।
- आयुर्वेद आरोग्य केंद्र, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी की आवश्यकताओं के अनुसार वर्कफ्लो आधारित सॉफ्टवेयर को डिजाइन, विकसित और कार्यान्वित किया गया।
- सॉफ्टवेयर समाधान की व्यवस्था करने, व्यावसायिक रूप से शेल्फ का प्रदर्शन, एसएएएस आधारित पूर्व छात्रों के नेटवर्क समाधान और अकादमी की आवश्यकता के लिए अकादमी के मौजूदा आईसीटी बुनियादी ढांचे के उन्नयन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।
- अकादमी की वर्तमान सॉफ्टवेयर आवश्यकताओं के लिए डिजाइन ईए आधारित समाधान व्यवस्था और इसके कार्यान्वयन का कार्य किया।

• भारतीय कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (सीईआरटी-इन) और लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में एमईआईटीवाई की परियोजना के तहत राष्ट्रीय साइबर समन्वय केंद्र (एनसीसीसी) के लिए साइबर थ्रेट इंटेलिजेंस (सीटीआई) जेनरेशन के लिए हनीपॉट उपकरणों की राष्ट्रव्यापी स्थापना की प्रक्रिया का समन्वय किया।

- भारत @ 75 को मनाते हुए आकांक्षापूर्ण जिलों का डिजिटल परिवर्तन विषय के तहत शासन में प्रौद्योगिकी पर डिजाइन और क्यूरेटेड दस्तावेज। आकांक्षापूर्ण जिलों के डिजिटल परिवर्तन के विषय पर ध्यान केंद्रित करते हुए डिजीटैग 22 और अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस/कॉन्क्लेव पर विचार करना। इस उद्देश्य के लिए क्यूरेटेड इसके दस्तावेज़ीकरण को अकादमी द्वारा कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को भारत @ 75 मनाने के लिए 12 परियोजनाओं में से एक परियोजना के रूप में प्रस्तुत किया गया। आईएएस व्यावसायिक पाठ्यक्रम चरण-I (2020) के प्रशिक्षु अधिकारियों भी इसका हिस्सा बने।
- लाल बहादुर राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के प्रशिक्षण कार्यक्रमों और बड़ी संख्या में ऑनलाइन बैठकों के लिए भारत-वीसी प्लेटफॉर्म के कार्यान्वयन के लिए समन्वय और व्यवस्था की गयी।



भारत वीसी प्लेटफार्म का अकादमी के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के दौरान उपयोग

गांधी स्मृति पुस्तकालय

अकादमी में एक समृद्ध पुस्तकालय है। अकादमी पुस्तकालय नैसर्गिक सौंदर्य के बीच स्थित है जहां से भव्य हिमालय का मनोरम दृश्य दिखाई पड़ता है और प्रकृति से जुड़ाव का अनंत भाव उत्पन्न होता है। इस पुस्तकालय का नाम माहात्मा गांधी के नाम पर 'गांधी स्मृति पुस्तकालय' रखा गया है। यह पुस्तकालय कंप्यूटरीकृत है तथा पुस्तकालय की संपूर्ण पुस्तक सूची ऑनलाइन उपलब्ध हैं।

पुस्तक/सीडी/डीवीडी आरएफआईडी टैग किए गए हैं तथा पुस्तकालय सर्कुलेशन काउंटर का उपयोग किए बिना पुस्तकों को जारी करवाने, रीन्यू करवाने तथा लौटाने के लिए पुस्तकालय पटल (लाइब्रेरी काउन्टर) पर आरएफआईडी स्व-निर्गमन/स्व-वापसी कियोस्क स्थापित किए गए हैं। अकादमी में मुख्य परिसर के कर्मशिला भवन और ज्ञानशिला भवन के प्रवेश स्थल पर आरएफआईडी बुक ड्रॉप कियोस्क लगाए गए हैं। पुस्तकालय उपयोगकर्ता पुस्तकालय आए बिना पुस्तक लौटाने के लिए इस सुविधा का उपयोग कर सकते हैं। यह सेवा सातों दिन 24 घंटे उपलब्ध है।

पुस्तक संग्रहण- गांधी स्मृति पुस्तकालय अध्ययन संसाधनों से परिपूर्ण है जिसमें 1.90 लाख दस्तावेज़ हैं जिनमें 1,63,534 पुस्तकें, पत्रिकाओं के 8679 बाउंड वॉल्यूम्स, 2109 ओडियो कैसेट्स, 1708 विडियो कैसेट्स, 8497 सीडी/डीवीडी (लेक्चर रिकॉर्डिंग्स, डोक्यूमेंट्रीज, मूवी) (अंग्रेजी, हिंदी, क्षेत्रीय) तथा 19वीं शताब्दी और उसके बाद की 6259 डिजिटल दुर्लभ तथा पुरानी पुस्तकें शामिल हैं।

पुस्तकालय में विभिन्न राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय संगठनों/संस्थाओं द्वारा प्रकाशित समाचार-पत्र (18), पत्रिकाएं (72), विदेशी पत्रिकाएं (19), भारतीय जर्नल (75), तथा ई-जर्नल्स (25) मंगाए जाते हैं।

पुस्तकालय निम्नलिखित ई-संसाधनों की सदस्यता लेता है:

- **ईबीएससीओ का बिजनेस सोर्स कॉम्प्लेट:** डेटाबेस 3000 से अधिक पत्रिकाओं/जर्नल लेखों की पूर्ण पाठ सामग्री प्रदान करता है, जिसमें विपणन, प्रबंधन, प्रबंधन सूचना प्रणाली, उत्पादन और संचालन प्रबंधन, लेखांकन, वित्त और अर्थशास्त्र सहित व्यवसाय के विषयों को शामिल किया गया है।
- **पूर्ण पाठ के साथ ईबीएससोओ का इकॉनलिट:** पूंजी बाजार, देश अध्ययन, अर्थमिति, आर्थिक पूर्वानुमान, पर्यावरणीय अर्थशास्त्र, सरकारी विनियम, श्रम अर्थशास्त्र, मौद्रिक सिद्धांत, शहरी अर्थशास्त्र सहित अर्थशास्त्र के सभी क्षेत्रों में पूर्ण-पाठ लेख प्रदान करने वाला डेटाबेस और बहुत कुछ शामिल है।
- **ईबीएससीओ का संपूर्ण राजनीतिक विज्ञान:** डेटाबेस 340 से अधिक पूर्ण-पाठ संदर्भ पुस्तकें और मोनोग्राफ और 44,000 से अधिक पूर्ण-पाठ सम्मेलन पत्र प्रदान करता है, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय राजनीतिक विज्ञान संघ के लोग शामिल हैं।

- **ईबीएससीओ का सॉकइंडेक्स:** एक व्यापक समाजशास्त्र अनुसंधान डेटाबेस है। इसमें लगभग 900 जर्नल्स की पूरी पाठ्य सामग्री है तथा इसमें 1895 तक के 1500 से अधिक कोर कवरेज जर्नल्स के सूचनापरक सार हैं।
- **ऑनलाइन सांख्यिकीय डेटाबेस**: इसमें भारत तथा उसके राज्यों के बारे में सेकेंडरी स्तर के सामाजिक-आर्थिक आंकड़ों का व्यापक संकलन है।
- **जेएसटीओआर**: मानवशास्त्र, एशियाई एफ्रो-अमेरिकन अध्ययन, परिस्थिति विज्ञान, अर्थशास्त्र, शिक्षा, वित्त, सामान्य विज्ञान, इतिहास, साहित्य, गणित, संगीत, दर्शन, राजनीति शास्त्र, समाजशास्त्र तथा सांख्यिकी में विद्वतापूर्ण जर्नल्स का डिजिटल संग्रह है।
- **इंडियन जर्नल्स.कॉम** : (व्यवसाय, अर्थशास्त्र और प्रबंधन) जिसमें लगभग 52 भारतीय शैक्षणिक पत्रिकाएं और अनुसंधान प्रकाशन शामिल हैं।
- **मनुपात्र :** एक कानूनी डेटाबेस जिसमें भारत के साथ-साथ विदेशी विधि सामग्री भी व्यापक रूप से शामिल है।
- **एससीसी ऑनलाइन:** यह एक कानूनी डाटाबेस है जिसमें उच्चतम न्यायालय, सभी उच्च न्यायालयों, न्यायाधिकरणों और आयोगों आदि से कानूनी मामले, वैधानिक सामग्री और अनेक विदेशी क्षेत्राधिकार और अंतर्राष्ट्रीय सामग्री सम्मिलित है।
- **ईपीडब्ल्यूआरएफ इंडिया टाइम सीरीज :** डेटाबेस अनुसंधान और विश्लेषणात्मक कार्य के लिए मैक्रो - इकोनॉमिक और वित्तीय क्षेत्र की व्यापक श्रृंखला को शामिल करने वाले लगभग तेरह मॉड्यूल की ऑनलाइन श्रृंखला है।
- **ईबीसी रीडर:** ईबीसी रीडर ई-लाइब्रेरी, विधि सामग्री की ईबुक पढ़ने की सुविधा है। ईबीसी रीडर सिंगल सर्च सुविधा के साथ उपलब्ध है जिससे ई-पुस्तकालय के भीतर पुस्तकों, विषयों, वाक्यांशों की खोज कर सकते हैं।
- **रिमोटएक्स:** स्थान की परवाह किए बिना उपरोक्त ई-संसाधनों को उपलब्ध कराने के लिए रिमोट प्रमाणीकरण और एक्सेस सेवा की सदस्यता ली गई है। रिमोटएक्स एक ऐसी सेवा है जो उपयोगकर्ताओं को परिसर से दूर रहने के दौरान लाइब्रेरी द्वारा सब्सक्राइब किए गए ई-संसाधन दूरस्थ स्थानों तक उपलब्ध कराती है।

इसके अलावा, पुस्तकालय नियमित आधार पर पाठकों के ज्ञान को समृद्ध करने के लिए निम्नलिखित सेवाएं प्रदान कर रहा है:

- नए प्रकाशन - मासिक बुलेटिन

पुस्तकालय द्वारा अप्रैल 2021 से मार्च 2022 के दौरान लगभग 920 पुस्तकें शामिल की गई हैं।

राजभाषा

भारत सरकार के कार्यालयों में संघ की राजभाषा नीति का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में वर्ष 1986 में राजभाषा अनुभाग की स्थापना की गई। यह अनुभाग, निदेशक के समग्र मार्गदर्शन तथा पर्यवेक्षण में कार्य करता है। इस अनुभाग द्वारा विचाराधीन वर्ष के दौरान मुख्यतः निम्नलिखित कार्य संपन्न किए गए-

भारत सरकार, राजभाषा विभाग द्वारा वर्ष 2021-22 के लिए निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप, 'क', 'ख' तथा 'ग' क्षेत्रों के साथ हिंदी पत्राचार सुनिश्चित किया गया। तदनुसार, अकादमी द्वारा 'क' क्षेत्र के साथ 91%, 'ख' क्षेत्र के साथ 79% और 'ग' क्षेत्र के साथ 71% पत्राचार हिंदी में किया जा रहा है। राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) के अंतर्गत जारी किए जाने वाले सभी दस्तावेजों को द्विभाषी रूप में जारी किया गया। विचाराधीन वर्ष के दौरान, इस अकादमी ने हिंदी पुस्तकों, सीडी, डीवीडी आदि की खरीद के लिए 25.45% प्रतिशत का लक्ष्य प्राप्त किया है। अकादमी के प्रोफेसर प्रबंधन एवं प्रभारी राजभाषा की अध्यक्षता में प्रत्येक तिमाही में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों का आयोजन कर अकादमी के विभिन्न अनुभागों में राजभाषा हिंदी में किए जा रहे कार्य की समीक्षा की गई तथा यथोचित मार्गदर्शन किया गया।

अकादमी में दिनांक 1 सितंबर से 14 सितंबर, 2021 तक 'दो सप्ताह हिन्दी के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य में, अकादमी स्टाफ के लिए आशुभाषण, सभी वर्गों के लिए अलगअलग हिंदी निबंध - लेखन, श्रुतलेखन, यूनिकोड टाइपिंग तथा हिंदी काव्य रचना प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

इस समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों के साथ ही वार्षिक टिप्पण तथा मसौदा लेखन प्रोत्साहन योजना 2020-21 के कुल प्रतिभागियों को भी निदेशक महोदय तथा संयुक्त निदेशक 10 न किए तथा पुरस्कार महोदया ने प्रशस्ति पत्र प्रदार स्वरूप नकद धनराशि प्रदान की ।

इस अवसर पर अकादमी की पत्रिका 'सृजन' के नौवें अंक का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर निदेशक महोदय और संयुक्त निदेशक महोदया ने सभी संकाय सदस्यों, अधिकारी एवं अकादमी स्टाफ का आभार प्रकट किया और सभी से अकादमी में हिंदी के प्रयोग को और अधिक बढ़ाने का आह्वान किया।

इस प्रकार, यह अकादमी अपने प्रशासनिक और प्रशिक्षण, दोनों क्षेत्रों में हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए निरंतर प्रयासरत है।

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी को राजभाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए 25 नवंबर 2021 को माननीय राज्य मंत्री, डॉ. जितेंद्र सिंह लोक शिकायत पेंशन, कार्मिक मंत्रालय द्वारा राजभाषा शील्ड प्रदान की गई। यह शील्ड माननीय मंत्री जी के करकमलों से अकादमी के निदेशक श्री श्रीनिवास आर. कटिकिथाला ने प्राप्त की।

अकादमी को राजभाषा की प्रगति के लिए नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा दिसंबर 30 तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इस पुरस्कार की घोषणा दिनांक 2021 को समिति की बैठक के दौरान की गई।

कंप्यूटर केंद्र

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी अपनी अधिकांश महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं के लिए सूचना प्रौद्योगिकी समाधान का उपयोग कर रही है। अकादमी का परिसर नेटवर्क युक्त है तथा अपने प्रशिक्षण और प्रशासनिक आवश्यकताओं के लिए सूचना प्रौद्योगिकी की विश्वसनीयता में वृद्धि कर रहा है। अकादमी में सूचना प्रौद्योगिकी अवसंरचना के महत्वपूर्ण घटक निम्नानुसार हैः

- जीईएम के माध्यम से अकादमी के समस्त कार्मिकों और प्रशिक्षुओं के लिए कंप्यूटर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर की खरीद तथा वितरण।
- मौजूदा कंप्यूटर सुविधाओं के बेहतर बनाना तथा उन्हें सुदृढ़ करना।
- विभिन्न पाठ्यक्रमों के प्रतिभागियों के साथ पाठ्यक्रम से संबंधित डेटा साझा करने के लिए नॉलेज मैनेजमेंट (केएम) क्लाउड की स्थापना की गई है।
- कंप्यूटर केंद्र ऑफिस (एप्लिकेशन-ई, वर्कफ्लो एप्लिकेशन, वेबासाइट, ईमेल तथा अतिरेक सहित फायरवाल सर्वर्स को होस्ट कर रहा है)।
- स्टैण्डअकादमी की गतिविधियों जैसे प्रशिक्षण अलोन एप्लिकेशंस में-संपदा, प्रशासन, लेखा, डिस्पेंसरी, ऑनलाईन फीडबैक सिस्टम, विषय सामग्री को आनॅलाइन साझा करना, ऑनलाइन परीक्षा प्रणाली, क्लिकर्स, फोटो सर्वर, लर्निग मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर (एलएमएस), के उपयोग द्वारा विभिन्न पाठयक्रमों के प्रशिक्षु अधिकारियों तथा प्रतिभगियों के लिए ओपीनियन पूल्सप्रशन/उत्तरलर्गिंग मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर, मेडिकल सेंटर के लिए सीजीएचएस सॉफ्टवेयर, ऑनलाइन केटालॉग के लिए कोहा सॉफ्टवेयर शामिल हैं।
- नेटवर्क डिवाइस, सिक्योरिटी सिस्टम तथा एलएएन है (जिसे प्रारंभिक रूप से यूटीपी आधारित कक्षाओं में वाई-फाई डिवाइसेज के साथ एकीकृत किया गया है)
- कंप्यूटर केंद्र ने अकादमी की वेबसाइट को नया रूप दिया जो अधिक संवादात्मक और उन्नत है।
- कंप्यूटर केंद्र पाठयक्रम मैनुअल, प्रशिक्षण कैलेंडर, ब्रोशर, बैनर, पोस्टर, अधिकारियों को डायरेक्ट्री, संस्मरण, फोटो रोस्टर्स, अकादमी डायरी तथा मासिक कैलेंडर आदि डिजाइन करने में भी योगदान देता है। इसके अतिरिक्त, कंप्यूटर केंद्र पाठ्यक्रम प्रतिभागियों के लिए वीडियो फिल्मों के संपादन तथा मिक्सिंग के कार्य में भी शामिल है। तत्पश्चात समापन कार्यक्रम के दौरान फिल्म प्रदर्शित की जा रही है।
- केंद्र पाठ्यक्रम से संबंधित परीक्षा परिणाम तैयार करने तथा जेएनयू से लोक प्रशासन में एमए का परिणाम तैयार करने में भी परीक्षा नियंत्रक की सहायता करता है।

- कंप्यूटर केंद्र संकाय, प्रशिक्षु अधिकारियों तथा स्टाफ को भी समयबंधी सहायताप्रदान समय पर कंप्यूटर सं करता है।
- अकादमी में एयरटेल के 100 एमबीपीएस बैकअप लिंक साहित इंटरनेट के उपयोग के 1 जीबीपीएस राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क लिंक है।
- कंप्यूटर केंद्र विभिन्न पाठ्यक्रमों के प्रतिभागियों तथा प्रशिक्षु अधिकारियों को लैपटॉप उपलब्ध कराता है। प्रशिक्षु वाई-फाई तथा छात्रवास के कमरों से वायर्ड एलएएन के माध्यम से नेटवर्क की सुविधा प्राप्त करते हैं और एक दूसरे से संपर्क सकते हैं। इसके अलावा अपने कौशल को बढ़ाने तथा नवीनतम सॉफ्टवेयर से परिचित होते हैं।
- अकादमी के सभी कर्मचारियों को नए सॉफ्टवेयर्स का प्रशिक्षण देने के लिए समय-समय पर कंप्यूटर केंद्र द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया जाता है। कंप्यूटर केंद्र ईऑफिस के उपयोग तथा ऑन-जॉब सुविधाओं के बारे में अकादमी के सभी अनुभागों को प्रशिक्षण भी प्रदान करता है।
- अधिकांश कक्षाओं तथा कॉन्फ्रेस हॉल में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग और अन्य वेबिनार सॉफ्टवेयर की सुविधा उपलब्ध है। कोविड काल के दौरान कंप्यूटर सेंटर द्वारा वीसी और अन्य वेबिनार सॉफ्टवेयर का उपयोग करके अधिकांश पाठ्यक्रम कक्षाएं ऑनलाइन आयोजित की गई।
- प्रशासन और शासन के डिजिटल परिवर्तन के लिए अकादमी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस/मशीन लर्निंग लैब स्थापित की गई है।

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी का वित्तीय विवरण

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी का बजट आवंटन "मांग संख्या 073-कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय" के अंतर्गत किया जाता है। बजट प्रावधान में स्थापना से संबंधित गैर-योजना (राजस्व), अवसरंचना से संबंधित व्यय (राजस्व) तथा योजना (पूंजीगत) व्यय शामिल है। बजट आवंटन अकादमी की विभिन्न मुख्य गतिविधियों के लिए किया जाता है जिसमें फाउंडेशन पाठयक्रम, रिफ्रेशर पाठ्यक्रम, मिड-करियर प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि शामिल हैं। योजना (पूंजीगत) तथा योजना (राजस्व) के अंतर्गत बजट का आबंटन लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में अवसंरचना कार्य तथा आवश्यक सुविधाओं के उन्नयन के लिए किया जाता है।

वर्ष 2019-20, 2020-21 के लिए वास्तविक व्यय और 2021-22 के लिए क्रमिक व्यय तथा आगामी वित्त वर्ष 2022-23 के बजट आबंटन का ब्योरा नीचे दिया गया है।

(आंकड़े हजार में)

क्र.स.	गैर-योजना (राजस्व)	वास्तविक व्यय		क्रमिक व्यय 31 जनवरी, 2022 तक	बजट आवंटन
		2019-20	2020-21	2021-22	2022-23
1.	वेतन	1,68,540	1,62,878	1,47,434	1,92,000
2.	मजदूरी	22,390	33,496	24,279	42,500
3.	समयोपरि भत्ता	14	0	0	50
4.	चिकित्सा उपचार	4,200	4,480	3,729	5,500
5.	घरेलू यात्र व्यय	5,000	5,995	4,021	6,000
6.	विदेश यात्रा व्यय	117	85	0	500
7.	कार्यालय व्यय	65,589	88,960	71,616	90,000
8.	किराया, दर तथा कर	1,492	1,999	1,440	2,000
9.	प्रकाशन	649	350	257	650
10.	अन्य प्रशासनिक व्यय	200	199	9	200
11.	लघु कार्य	1,000	1,500	1,500	2,500

12.	व्यावसायिक सेवाएं	64,300	1,22,494	79,173	1,20,000
13.	सहायता अनुदान	500	500	0	500
14.	अन्य प्रभार	3,900	5,200	2,304	4,000
15.	वेतन	2,493	1,660	3396	3500
16.	समयोपरि भत्ता	1	-	0	100
17.	चिकित्सा उपचार	199	31	50	200
18.	अन्य प्रभार (सूचना प्रौद्योगिकी)	594	596	423	600
19.	स्वच्छता कार्य योजना	597	590	301	600
20.	व्यावसायिक सेवाएं	44,398	9,000	27,845	60,000
21.	कुल (गैर-योजना)	**3,86,173**	**4,40,013**	3,66,284	5,31,400
22.	योजना (राजस्व)	1,10,000	1,09,900	75,902	1,20,000
23.	योजना (पूंजीगत)	1,77,500	2,84,430	1,46,058	5,00,000
	कुल योग	**6,73,673**	**8,34,343**	5,88,244	11,51,400

इस संबंध में जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार आवंटित बजट के अधिकतम उपयोग के लिए वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान बजट प्रबंधन/भुगतान आदि से संबंधित गतिविधियां जारी रहेंगी।

संकाय सदस्य तथा कर्मचारी कौशल विकास कार्यक्रम

अकादमी में अपने संकाय सदस्यों के कौशल, ज्ञान तथा उनकी शैक्षणिक तकनीकों को उन्नत करने तथा उसे अद्यतन करने के लिए एक व्यवस्थित प्रक्रिया है। इसे प्राप्त करने के लिए ऑन कैंपस कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं तथा देश-विदेश के प्रख्यात संस्थानों में संकाय सदस्यों को भेजा जाता है। संकाय विकास कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण, कार्यशालाओं, सेमीनारों में भाग लेने तथा भारत तथा विदेश में सहयोग की संभावनाओं का पता लगाने के लिए निम्नलिखित संकाय सदस्यों को नामित किया गया।

संकाय सदस्य का नाम श्री/सुश्री/डॉ.	ट्रेनिंग/कार्यशाल/सेमिनार	अवधि	संस्था
मिलिन्द रामटेके	ऑनलाइन कैसे पढ़ाया जाए	06.07.2020 से 11.07.2020	आईआईएम इंदौर
सुनीता रानी	ऑनलाइन कैसे पढ़ाया जाए	06.07.2020 से 11.07.2020	आईआईएम इंदौर
पी. अमुधा	ऑनलाइन कैसे पढ़ाया जाए	06.07.2020 से 11.07.2020	आईआईएम इंदौर
गौरी पराशर जोशी	ऑनलाइन कैसे पढ़ाया जाए	06.07.2020 से 11.07.2020	आईआईएम इंदौर
नंदिनी पालीवाल	ऑनलाइन कैसे पढ़ाया जाए	06.07.2020 to 11.07.2020	आईआईएम इंदौर
विद्या भूषण	ऑनलाइन कैसे पढ़ाया जाए	06.07.2020 से 11.07.2020	आईआईएम इंदौर
अलंकृता सिंह	ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम	06.07.2020 से 11.07.2020	आईआईएम इंदौर
संजीव चोपड़ा	“इतिहास पाठ्यक्रम एवं भारतीय कला एवं संस्कृति का बोध” कोर्स	08.08.2020 से 09.08.2020	आईएचसी दिल्ली
सुनीता रानी	21वीं सदी के लिए संगठनात्मक नेतृत्व	27.02.2021 से 21.03.2021	आईआईएम अहमदाबाद
अलंकृता सिंह	ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम	साल की शुरूआत 30.06.2020	नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी बंगलौर
अलंकृता सिंह	एलएलएम (प्रोफेशनल) ऑनलाइन प्रोग्राम	अगस्त, 2020 से जून, 2021	नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी दिल्ली
मिलिन्द रामटेके	एलएलएम (प्रोफेशनल) ऑनलाइन प्रोग्राम	अगस्त, 2020 से जून, 2021	नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी दिल्ली

गौरी पराशर जोशी	एलएलएम (प्रोफेशनल) ऑनलाइन प्रोग्राम	अगस्त, 2020 से जून, 2021	नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी दिल्ली
विद्या भूषण	एलएलएम (प्रोफेशनल) ऑनलाइन प्रोग्राम	अगस्त, 2020 से जून, 2021	नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी दिल्ली
सुनीता रानी	शिक्षण पद्धति अनुसंधान और विधि पर ऑनलाइन एफडीपी	22.06.2020 से 28.07.2020	आईआईएम अहमदाबाद
विनोद कुमार तनेजा	जीएएफ 9 संयुक्त स्तर 1 एवं 2 (ऑनलाइन) ट्रेनिंग प्रोग्राम के लिए	11.04.2020	सिंपलिलर्न
विद्या भूषण	वैश्विक गरीबी की चुनौतियां (डीडीपी माइक्रो मास्टर्स प्रोग्राम का भाग)	18.08.2020	एमआईटी
विद्या भूषण	माइक्रो इकोनॉमिक्स (एमआईटी पर डीईडीपी माइक्रो मास्टर्स का भाग)	18.08.2020	एमआईटी
अलंकृता सिंह	जेंडर समानता के मूल सिद्धांत	18.08.2020	उडेमी
अलंकृता सिंह	जेंडर असमानता का बोध	18.08.2020	यूनिवर्सिटी ऑफ एक्सेटर
अलंकृता सिंह	जेंडर एवं इंटरसेक्शनेलिटी	18.08.2020	ईडीएक्स, हार्वर्ड यूनिवर्सिटी
23 अधिकारी	वस्तुओं और सेवाओं की ई-खरीद और भारत सरकार के वित्तीय नियमों पर वेबिनार	16.12.2020	नेशनल उत्पादकता परिषद नई दिल्ली

प्रकाशन:

अकादमी 1961 से "द एडमिनिस्ट्रेटर" का प्रकाशन करती आ रही है। आधी से अधिक शताब्दी से इस पत्रिका ने क्षेत्र में अपने अनुभव से प्राप्त ज्ञान को बांटने के लिए सिविल सेवकों तथा शिक्षाविदों को मंच प्रदान किया। योगदानकर्ता मुख्यत: सिविल सेवक रहे हैं परंतु इसमें केवल उन्हीं का योगदान नहीं रहा। पत्रिका को उन व्यक्तियों, विद्वानों और प्रख्यात व्यक्तियों का योगदान मिला है जिन्होंने लोक प्रकाशन तथा लोक नीति आदि क्षेत्रों में कार्य किया है। वर्ष 2020-21 में, अकादमी ने आरंभ, नेशनल जेंडर और चाइल्ड सेंटर की रजत जयंती, भारत सशक्तिकरण (एमपॉवरिंग इंडिया) और सुशासन संबंधी विचारों और लेखों के विशेष संस्करण प्रकाशित किए गए।

शिष्टमंडल/टीम जिन्होंने अकादमी का दौरा किया

विभिन्न संस्थानों के छात्र विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागी तथा विभिन्न राष्ट्रों के प्रतिनिधिमंडल प्रत्येक वर्ष अकादमी का दौरा करते हैं। यह एक पारस्परिक ज्ञानार्जन अनुभव होता है। ऐसे पारस्परिक कार्यक्रम से अकादमी के साथ-साथ आगंतुक भी लाभान्वित होते हैं। हालाँकि प्रतिबंधों के कारण और कोविड-19 महामारी के मद्देनजर उचित सावधानी के साथ, वर्ष 2020-2021 के दौरान केवल निम्नलिखित दौरा आयोजित किया गया:

दिनांक 08.02.2021 को फारेस्ट कॉलेज और रिसर्ज इंस्टीटयूट, तेलंगाना के 2 संकाय सदस्यों सहित 52 छात्रों का दौरा।

01.04.2021 **से** 31.03.2022 **तक सुरक्षा अनुभाग द्वारा लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में आयोजित किए जा रहे विभिन्न स्कूलों/संस्थानों के दौरे का विवरण**

क्र.स.	संस्थान का नाम और पता	टिप्पणी
1.	02.09.2021 **को जम्मू और कश्मीर प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए फील्ड प्रशासन में क्षमता निर्माण कार्यक्रम के** 30 **प्रतिभागियों का दौरा**	**नेशनल जेंडर और चाइल्ड सेंटर, मसूरी के अनुरोध पर**
2.	01.10.2021 **को तेलंगाना वन अकादमी, हैदराबाद के** 63 **फॉरेस्ट अधिकारियों का दौरा**	
3.	04.10.2021 **को मालदीव के सिविल सेवकों के लिए फील्ड प्रशासन में क्षमता निर्माण कार्यक्रम के** 30 **प्रतिभागियों का को दौरा**	**नेशनल जेंडर और चाइल्ड सेंटर, मसूरी के अनुरोध पर**
4.	13.10.2021 **को राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान, रूड़की, उत्तराखंड के** 32 **इंजीनियरों का दौरा**	
5.	19.11 2021 **को महानिदेशक, एटीवीपी सह वाइस एडमिरल के** 15 **अतिथियों का दौरा**	
